www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, मंगलवार, 3 सितम्बर, 2024 | वर्ष-17 | अंक -150 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए




देश में संसदीय सुधार करने की जरूरत : कांग्रेस
02 ■ केंद्र सरकार की कठपुतली बनी ईडी : भारद्वाज
■ दलितों के अधिकारों पर कुठाराघात बर्दाश्त नहीं : देवेन्द्र यादव
03 ■ इजरायल-हमास युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप...
■ न्यूजीलैंड में 'बर्ड ऑफ द ईयर' खिताब के लिए मतदान...
07 कैमरे का सामना करने के लिए बेहद उत्साहित हूं : सोनम कपूर 10

## बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# दोषी का घर भी नहीं गिराया जा सकता

- जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई
- मामले की सुनवाई 17 सितम्बर को तय की गई
- अखिल भारतीय स्तर पर दिशा निर्देश जारी करेंगे'

किसी को भी कमियों का फायदा नहीं उठाना चाहिए। पिता का बेटा अड़ियल या आज्ञा न मानने वाला हो सकता है, लेकिन अगर इस आधार पर घर गिराया जाता है, तो यह तरीका नहीं है : **सुप्रीम कोर्ट**

### अगर कोई आरोपी दोषी भी पाया जाता है तो उसका घर बिना तय कानून के तबाह नहीं किया जा सकता



**कानून का उल्लंघन करने पर ही होती है कार्रवाई : केंद्र**

*सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि कानून का उल्लंघन होने पर घरों को गिराया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हम तभी कार्रवाई करते हैं जब कानून का उल्लंघन होता है।' इसके जवाब में पीठ ने कहा, 'लेकिन शिकायतों को देखते हुए, हमें लगता है कि उल्लंघन हुआ है।'*

**नई दिल्ली**, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा की जा रही बुलडोजर कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जाहिर की है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्या कोई किसी का भी घर सिर्फ इसलिए तबाह कर सकता है, क्योंकि वह आरोपी है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर कोई आरोपी दोषी भी पाया जाता है तो उसका घर बिना तय कानून के तबाह नहीं किया जा सकता। जस्टिस बीआर गवई ने मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, 'सिर्फ इसलिए घर कैसे गिराया जा सकता है कि वह आरोपी है? अगर वह दोषी है तो भी घर नहीं गिराया जा सकता। जस्टिस केवी विश्वनाथन ने कहा कि 'किसी को भी कमियों का फायदा नहीं उठाना चाहिए। इस पर अब 17 सितम्बर को सुनवाई होगी।

### किसानों के मुद्दे सुलझाने के लिए समिति गठित



**शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे हैं किसान**

शंभू सीमा पर विरोध कर रहे किसानों की शिकायतों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने समिति का गठन किया है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि इस समिति की अध्यक्षता पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह करेंगे। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इस कमेटी को एक सप्ताह के भीतर बैठक बुलाने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने यह समिति गठित की है। इस मौके पर शीर्ष अदालत ने कहा कि किसानों के मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि समिति को चरणबद्ध तरीके से इस पर विचार करना चाहिए। किसान अपने शांतिपूर्ण आंदोलन को वैकल्पिक स्थलों पर स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

**पेरिस पैरालंपिक**



# नितेश ने बैडमिंटन स्पर्धा में जीता स्वर्ण

### भारत के लिए जीता दूसरा स्वर्ण पदक

**पेरिस,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नितेश कुमार ने सोमवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में बैडमिंटन स्पर्धा की पुरुष एकल एसएस3 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीत लिया।

नितेश ने फाइनल में ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने बेथेल को 21-14, 18-21 और 23-21 से हराया। नितेश ने पैरालंपिक खेलों में भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता है। इससे पहले महिला निशानेबाज अवनि लखेरा ने स्वर्ण पदक जीता। 29 वर्षीय नितेश पुरुष एकल एसएल3 श्रेणी में टीम इंडिया के लिए पदक जीतने वाले तीसरे पैरा शटलर बन गए हैं। विश्व चैम्पियनशिप 2024 के कांस्य पदक विजेता नितेश ने पैरालंपिक 2024 में अपने सभी पांच मैचों में जीत हासिल की और स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

## सार संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की शुरुआत की



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय विस्तार से भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। प्रधानमंत्री मोदी ने फिर से भाजपा की सदस्यता ली। मिस्ड कॉल करने के बाद पीएम मोदी के पास भाजपा की तरफ से एसएमएस आया, जिसमें उन्होंने अपना डिटेल भरा और इसी के साथ वह भाजपा के पहले सदस्य बन गए।

### राहुल ने की बाढ़ प्रभावितों को राहत पैकेज देने की अपील



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारी बारिश बाद जल भराव की समस्या झेल रहे तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लोगों के लिए संवेदना प्रकट करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार से पीड़ितों को राहत पैकेज देने की अपील की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, मेरी संवेदनाएं तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लोगों के साथ हैं, जो बारिश और विनाशकारी बाढ़ से जूझ रहे हैं। मैं उन परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।

### सांसद कीर्ति आजाद की पत्नी का निधन



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी और तृणमूल कांग्रेस सांसद कीर्ति आजाद की पत्नी पूनम झा आजाद का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को निधन हो गया। इस दुखद खबर की जानकारी खुद कीर्ति आजाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी। पोस्ट में लिखा, मेरी पत्नी पूनम अब इस दुनिया में नहीं रहीं। आज दोपहर 12:40 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। आप सभी की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

### आबकारी नीति कथित घोटाले में विजय नायर को जमानत



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले के आरोपियों में शामिल आम आदमी पार्टी (आप) के संचार विभाग के प्रभारी विजय नायर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज धन शोधन के मुकदमे में सोमवार को जमानत दे दी।

### राजमार्गों पर भौगोलिक सूचना साफ्टवेयर से होगी निगरानी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थापित टोल चौकियों पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही की सुविधा सुधारने के लिए करीब 100 चिह्नित टोल प्लाजा की निरंतर निगरानी भौगोलिक सूचना प्रणाली साफ्टवेयर के जरिए की जाएगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

# ईडी ने 'आप' नेता अमानतुल्लाह खान को किया गिरफ्तार



- ओखला से विधायक है अमानतुल्लाह खान
- लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के नेता व ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान को ईडी ने चार घंटे की लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। जांच एजेंसी सुबह मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप विधायक के आवास पर पूछताछ करने पहुंची थी।

इसका वीडियो भी सामने आया था। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे आप विधायक ईडी टीम को अंदर से आने से मना कर रहे हैं। वीडियो में आप विधायक यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि आपको मेरे घर से कुछ नहीं मिलेगा। आप लोग बेवजह मुझे परेशान कर रहे हैं। आप विधायक पर दिल्ली वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष रहने के दौरान वित्तीय अनियमितता, कदाचार और अवैध भर्ती का आरोप है। वो इन आरोपों को शुरू से ही नकारते आए हैं।

उनका दावा है कि राजनीतिक साजिश के तहत उन पर इस तरह के झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। 2 सितंबर की सुबह जब ईडी की टीम 'आप' विधायक के घर पहुंची, तो पार्टी के नेताओं ने एक सुर में इसका विरोध किया।

### भाजपा को दादागिरी बहुत महंगी पड़ेगी : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा बिना सबूत के पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह ख़ान को गिरफ़्तार किया गया जो भाजपा को मंहगी पड़ने वाली है। श्री सिंह ने एक्स पर लिखा ये दादागिरी बहुत महंगी पड़ेगी भाजपाईयों। दिल्ली में बुरी तरह हारोगे। अमानतुल्लाह खान को जबरन बिना सबूत गिरफ्तार किया गया है।

**कांग्रेस ने सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच से मांगा इस्तीफा**

# एक साथ तीन जगहों से वेतन ले रही थीं माधवी

### कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, देश में शतरंज का खेल चल रहा है, माधवी पुरी भी इसका एक मोहरा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जब सब कुछ मालूम था तो उन्हें बताना चाहिए कि श्रीमती बुच को उनके पद से हटाया क्यों नहीं गया है: **पवन खेड़ा, प्रवक्ता, कांग्रेस**

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) प्रमुख माधवी पुरी बुच पद पर रहते हुए आईसीआईसी बैंक से भी मोटा वेतन ले रही हैं और यह सेबी के नियमों का उल्लंघन है, इसलिए उन्हें तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में देश को जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सेबी प्रमुख ने नियमों का उल्लंघन किया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जब सब कुछ मालूम था तो उन्हें बताना चाहिए कि श्रीमती बुच को उनके पद से हटाया क्यों नहीं गया है। उन्होंने कहा, देश में शतरंज का खेल चल रहा है। इसी शतरंज के खेल का एक मोहरा माधवी पुरी बुच हैं। श्रीमती बुच पांच अप्रैल 2017 से चार अक्टूबर 2021 तक सेबी में पूर्णकालिक सदस्य थीं। फिर दो मार्च 2022 को श्रीमती बुच सेबी की चेयरपर्सन बनीं। सेबी की चेयरपर्सन को नियुक्त करने वाली कैबिनेट में श्री मोदी और श्री अमित शाह है।

### हिंडनबर्ग ने भी लगाए थे आरोप

इससे पहले, अडाणी समूह पर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगाने वाली निवेश रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग ने दावा किया था कि सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की मॉरीशस की ऑफशोर कंपनी 'ग्लोबल डायनामिक ऑपर्चुनिटी फंड' में हिस्सेदारी है। हिंडनबर्ग ने दावा किया है कि इसी कंपनी में गौतम अडाणी के भाई विनोद अडाणी ने अरबों डॉलर का निवेश किया है। आरोप है कि इस पैसे का इस्तेमाल ही शेयरों के दामों में तेजी लाने के लिए किया गया।

# कांग्रेस ने छह उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

### तारिक हामिद को सेंट्रल शालटेंग से बनाया उम्मीदवार



**जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव**

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए छह उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल में यह जानकारी देते हुए बताया की पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने सेंट्रल शालटेंग से तारिक हामिद कारा, रियासी से मुमताज खान, श्री माता वैष्णो देवी से भूपेंद्र जामवाल, राजोरी एसटी से इफ्तकार अहमद, थानामंडी एसटी से साबिर अहमद खान तथा सुरनकोट एसटी से मोहम्मद शाहनवाज चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। इसके तहत नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 और कांग्रेस 32 सीट पर चुनाव लड़ेगी।

### भाजपा की चौथी सूची जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को चौथी सूची में छह उम्मीदवार के नाम घोषित किए। पार्टी के महासचिव अरुण सिंह यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन नामों को स्वीकृति दी है। भाजपा ने श्रीनगर की लाल चौक विधानसभा सीट से इंजीनियर ऐजाज हुसैन, ईदगाह से आरिफ रज़ा, खानसाहिब से डॉ अली मोहम्मद मीर, चरारे शरीफ से जाहिद हुसैन को टिकट दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविन्दर रैना को नौशेरा से तथा राजौरी (सु) से विबोध गुप्ता को उतारा गया है। भाजपा 90 सीटों वाली जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव में 45 उम्मीदवार पहले घोषित कर चुकी है। इस सूची के बाद 51 उम्मीदवार घोषित हो गए हैं।

# जाति जनगणना की मांग पर आरएसएस भी नरम




- जातीय जनगणना की अगर जरूरत है तो सरकार कराए
- संघ ने कहा कि हिंदू समाज में जाति संवेदनशील मुद्दा

**पलक्कड़,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने जातीय जनगणना को राजनीति से दूर रखने को कहा है। केरल के पलक्कड़ में आयोजित तीन दिवसीय बैठक के आखिरी दिन संघ ने जातीय जनगणना की गेंद सरकार के पाले में डाल दी। संघ ने अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि अगर पिछड़े समाज के कल्याण के लिए जातीय जनगणना करने की जरूरत है तो सरकार इसे करा सकती है। मगर इसका चुनावी इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज में जाति एक संवेदनशील मुद्दा है और यह राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना सिर्फ उन समुदायों और जातियों के कल्याण के लिए ही होना चाहिए। चुनाव प्रचार में इसका राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। आंबेडकर ने कहा कि बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ जारी हिंसा और देश में महिला के खिलाफ उत्पीड़न पर विस्तार से चर्चा हुई।

# आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में बाढ़ जैसे हालात

**30 से ज्यादा की मौत, 100 से ज्यादा ट्रेनें रद्द**

**हैदराबाद,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। शनिवार और रविवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में आसमान में आफत बरसी। इस बारिश के चलते दोनों राज्यों में 30 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात हैं और सड़कें जलमग्न हैं और रिहायशी इलाकों में पानी भर गया है। जल भराव के चलते दोनों राज्यों में रेल, सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की नदियां पूरे उफान पर हैं। हालात को देखते हुए हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। बारिश के चलते आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 100 से ज्यादा ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं।

**घोषणा** *309 किमी की लाइन बिछाने को मिली मंजूरी*

# इंदौर और मनमाड के बीच बनेगी नई रेलवे लाइन

**नई दिल्ली, 2 सितम्बर (देशबन्धु)। सरकार ने दिल्ली एवं मुंबई के बीच वैकल्पिक मार्ग के रूप में मध्य प्रदेश के औद्योगिक केन्द्र इंदौर से महाराष्ट्र के मनमाड के बीच 309 किलोमीटर की एक नई रेलवे लाइन बिछाने की 18 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजना को आज मंजूरी दे दी जिससे मध्य प्रदेश के मालवा निमाड़ अंचल के आदिवासी क्षेत्रों को भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ने का अवसर मिलेगा।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की आज यहां हुई बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। रेल, सूचना प्रसारण एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सीसीईए की बैठक में रेल मंत्रालय के तहत 18,036 करोड़ रुपए(लगभग) की कुल लागत वाली 309 किलोमीटर नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी गई है।



- परियोजना पर 18 हजार करोड़ की आएगी लागत
- महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश के 6 जिलों को कवर करेगी

**30 नए स्टेशन बनाए जाएंगे**

उन्होंने बताया कि यह यह परियोजना दो राज्यों महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के 6 जिलों को कवर करेगी। विंध्य पर्वत श्रृंखला और वन्य क्षेत्र से होकर गुजरने वाली लाइन पर करीब 21 किलोमीटर लंबाई की सुरंगें और सात बड़े पुल होंगे जिनमें नर्मदा पर बड़ा पुल शामिल है। इस परियोजना के साथ 30 नए स्टेशन बनाए जाएंगे, जिससे बड़वानी को बेहतर सम्पर्क मिलेगा।

### किसानों की आय बढ़ाने की कई योजनाओं को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों की आय में वृद्धि तथा पशुधन, बागवानी और कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का प्रयोग बढाने के लिए 13966 करोड़ रुपए के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं को स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कृषि डिजिटल, कृषि शिक्षा, अनुसंधान, किसान कोष और कृषि विकास केंद्र को मजबूत करने संबंधी सात कार्यक्रमों और योजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति दी है।

# देश

उवाच

"चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर चलता है। उनको मालूम है कि भाजपा वाले छुट्टी ज्यादा करते हैं। बाहर घूमने चले जाते हैं, इसलिए सोचा कि वो छुट्टी से वापस आ जाएं, फिर वोट डालेंगे। उनको पता है कि इस बार उन्हें चुनाव में कड़ी शिकस्त मिलेगी, इसलिए घबराए हुए हैं।

-चिरंजीव राव, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.0 | 26.0 |
| मुंबई | 29.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 28.0 |

# देश में संसदीय सुधार करने की जरूरत : कांग्रेस

## केंद्र सरकार पर लगाया राज्यपालों की भूमिका को दयनीय बनाने का आरोप

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता और सीडब्ल्यूसी के सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी ने केंद्र सरकार पर राज्यपालों की भूमिका को दयनीय बनाने का आरोप लगाया है। केंद्र पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि या तो राज्यपाल का पद खत्म कर देना चाहिए या फिर सबकी सहमति से ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति करनी चाहिए जो तुच्छ राजनीति में शामिल न हो। अभिषेक सिंघवी ने इसके साथ ही संसदीय चुनावों में सुधारों की जरूरत भी गिनाई। अभिषेक सिंघवी ने कहा कि दलगत भावना से ऊपर उठकर काम करना सुनिश्चित करने के लिए देश में संसदीय सुधार करने की जरूरत है। तेलंगाना से राज्यसभा सांसद अभिषेक सिंघवी ने संसद में आसन और विपक्ष के बीच टकराव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मैं संसदीय भावना को महत्व देता हूं। मैं वास्तव में इसमें विश्वास करता हूं। मेरा मानना है कि सेंट्रल हॉल मात्र एक जगह नहीं है, यह एक अवधारणा (कॉन्सेप्ट) है। मैं दलगत भावना से अलग उदारता में विश्वास करता हूं। कांग्रेस नेता ने राज्यपालों की भूमिका को लेकर भी प्रतिक्रिया दी।



राज्यपाल का पद या तो खत्म कर देना चाहिए या फिर सबकी सहमति से ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति करनी चाहिए जो तुच्छ राजनीति में शामिल न हो : **अभिषेक मनु सिंघवी**

### केंद्र ने राज्यपालों की भूमिका बहुत दयनीय कर दी है

कांग्रेस नेता और सीडब्ल्यूसी के सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी ने केंद्र पर हमला करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने राज्यपालों की भूमिका बहुत दयनीय कर दी है। इस सरकार ने हर संस्था को नीचा दिखाया है। उन्होंने कहा कि आज राज्यपाल शासन को अवरुद्ध करते हैं। आज उनके स्तर पर विधेयकों को मंजूरी देने में विलंब होता है। तमिलनाडु में 10 विधेयकों को रोककर रखा गया था। तब जैसे ही मैंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया तो उससे एक दिन पहले ही दो तीन विधेयकों को मंजूरी दे दी गई और बाकी को राष्ट्रपति के पास भेज दिया गया। इस दौरान जब यह पूछा गया कि क्या राज्यपाल के पद को लेकर पुनर्विचार होना चहिए। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्यपाल का पद खत्म होना चाहिए या फिर ऐसे व्यक्ति को राज्यपाल बनाया जाना चाहिए जिस पर सबकी सहमति हो। साथ ही उस व्यक्ति को तुच्छ राजनीति में शामिल नहीं होना चाहिए।

### सांसदों के निलंबन पर जताई नाराजगी

कांग्रेस नेता और सीडब्ल्यूसी के सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी ने राजग सरकार के दौरान शीतकालीन सत्र में बड़ी संख्या में सांसदों के निलंबन पर भी अपना रोष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मात्र अपनी वैचारिक असहमति के कारण आप 142 लोगों को निलंबित नहीं कर सकते और न ही आप अपना तर्क देकर लोकतंत्र को नकार सकते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को संसद में अपनी बात रखनी होगी और सरकार को भी विपक्ष को सुनना होगा। सिर्फ दिखावे के लिए संसद (आर्टिफिशियल पार्लियामेंट) नहीं हो सकती। आगे उन्होंने बिना किसी राज्य का नाम लिए कहा कि अब तो राज्यों में भी यही हो रहा है। वहां किसी एमएलसी को मात्र इस कारण सदन से बाहर कर दिया जाता है कि उसने सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र का सार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और विचार की स्वतंत्रता है। इस दौरान उन्होंने इंग्लैंड की संसदीय व्यवस्था का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि यह पहले भारतीय संसदीय व्यवस्था में था, लेकिन अब ऐसा नहीं रहा। आज हमारे यहां ऐसा है कि सत्ता धारी दल पहले से तय कर लेते हैं कि अगली संसद में फलाना व्यक्ति स्पीकर होगा, ऐसे में चुनाव से पहले उनकी सीट से कोई दूसरा चुनाव नहीं लड़ेगा और वह व्यक्ति निर्विरोध निर्वाचित हो जाएगा। सिंघवी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव अलग अलग क्यों हो रहे हैं। अब तक 'लाडली बहना' की याद नहीं आई थी। क्या यह नैतिक है, सही है। क्या आपने समान अवसर की स्थिति पैदा की. आपने (सरकार) स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को आघात पहुंचाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर कहा कि गठबंधन की राजनीति इस सरकार के लिए एक दर्दनाक सबक होगा क्योंकि यह उनके मानस या स्वभाव में नहीं है और आज भी वे अनिच्छा, झिझक या मजबूरी से ऐसा कर रहे होंगे, इसलिए नहीं कि वे इसमें विश्वास करते हैं।

उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में जनता ने अहंकार की चरम सीमा और सदा अचूक रहने की धारणा को ध्वस्त किया है।

### विधानसभा चुनावों में डरी हुई है भाजपा : कांग्रेस

कांग्रेस नेता और सीडब्ल्यूसी के सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी ने हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि इससे भाजपा भयभीत है। उन्होंने हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव एक साथ नहीं कराए जाने को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आप भाजपा के किसी व्यक्ति से बात करिए तो पता चलेगा कि चारों राज्यों को लेकर सब घबराए हुए हैं। हरियाणा के बारे में बात करिए तानाशाही है तो कोई खुलकर बोल नहीं सकता। इसी तरह महाराष्ट्र और झारखंड में भी स्थिति है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे। वहीं हरियाणा में एक चरण में सभी 90 सीटों पर 5 अक्टूबर को वोटिंग होगी और 8 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के नतीजे आएंगे।

# झारखंड में कांस्टेबल बहाली की दौड़ में एक और युवा ने तोड़ा दम

## अब तक 12 मौतें, सरकार की चुप्पी पर उठे सवाल

**रांची,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। झारखंड में उत्पाद विभाग में कांस्टेबल की बहाली मौत की रेस बन गई है। एक घंटे में 10 किलोमीटर की दौड़ लगाने में सोमवार को एक और युवा की सांसें टूट गई। मृत युवक का नाम दीपक कुमार पासवान (25 वर्ष) है। वह पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के वृद्धखेरा गांव का रहने वाला था। दीपक 28 अगस्त को पलामू के चियांकी में बहाली के लिए आयोजित दौड़ में शामिल हुआ था और इस दौरान बेहोश होकर गिर पड़ा था।

सोमवार को रांची के मेदांता हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके साथ ही राज्य में कांस्टेबल बहाली की दौड़ के दौरान मरने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 12 हो गई है। राज्य में एक्साइज डिपार्टमेंट में कांस्टेबल के 583 पदों पर बहाली हो रही है। इसके लिए राज्य के पांच लाख से भी ज्यादा युवाओं ने आवेदन किया है। इनमें ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और अन्य उच्च डिग्रीधारी युवा भी शामिल हो रहे हैं, जबकि इसके लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास है। बहाली के लिए शारीरिक परीक्षा के तहत अलग-अलग जिले में 22 अगस्त से दौड़ प्रतियोगिता कराई जा रही है। इसमें पुरुष अभ्यर्थियों के लिए एक घंटे में 10 किलोमीटर और महिलाओं के लिए 40 मिनट में पांच किलोमीटर की दौड़ पूरी करने की शर्त रखी गई है। पिछले 11



दिनों के दौरान यह कठिन दौड़ पूरी करने में 300 से भी ज्यादा अभ्यर्थी बेहोश हुए हैं। युवाओं की लगातार मौत और बेहोश होने की घटनाओं पर सरकार की ओर से अब तक कोई पक्ष सामने नहीं आया है। इन घटनाओं को लेकर पिछले तीन दिनों में रांची, हजारीबाग, देवघर और गिरिडीह जिले में प्रदर्शन हुए हैं। बहाली की दौड़ के दौरान पलामू में अब तक सबसे ज्यादा पांच युवाओं की मौत हुई है। इनमें बिहार के गया निवासी अमरेश कुमार, रांची के ओरमांझी निवासी अजय महतो, पलामू के छतरपुर निवासी अरुण कुमार और गोड्डा निवासी प्रदीप कुमार भी शामिल हैं। हजारीबाग के पदमा स्थित पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में बहाली के लिए चल रही दौड़ में अब तक दो युवकों सूरज वर्मा और महेश कुमार की जान गई है। गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, रांची और साहिबगंज में भी एक-एक अभ्यर्थी की मौत हुई है। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल होमकर ने कहा है कि अब तक हुई मौतों को लेकर पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

## सार संक्षेप

### वैष्णव देवी तीर्थ-यात्रा पर गए दो व्यक्तियों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार को भूस्खलन की चपेट में आए दो तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार रियासी जिले के कटरा कस्बा में माता वैष्णो देवी धाम के नजदीक पंछी हेलिपैड के रास्ते पर जा रहे ये तीर्थयात्री भू-स्खलन में तेजी से नीचे लुढ़क रहे पत्थरों की चपेट में आ गए। इस घटना में दो महिला तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और एक तीर्थयात्री गंभीर रूप से घायल हो गया।

### पश्चिम बंगाल में डॉक्टरों की हड़ताल जारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन सोमवार को 25वें दिन भी जारी रहा तथा हड़ताली डॉक्टरों ने पुलिस आयुक्त विनीत गोयल के इस्तीफे की मांग को लेकर लालबाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय की घेराबंदी करने का निर्णय लिया है। जूनियर सरकारी चिकित्सकों ने यहां आउटडोर रोगी विभाग (ओपीडी) में अनिश्चितकालीन काम बंद कर रखा है। डॉक्टर गोयल पर 14 अगस्त को आर जी कर अस्पताल में हुई तोड़फोड़ को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

### आंध्र में वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्य शुरू

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और राज्य सरकार की मशीनरी ने बड़े पैमाने पर बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया है। आंध्र के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने प्लास्टिक की नाव पर सवार होकर बारिश से प्रभावित कुछ इलाकों का दौरा किया। प्रभावित इलाकों में लोगों को दूध के पैकेट, पात्नीर की बोतलें, चावल और जरूरी सामान बांटा जा रहा है।

### गुजरात में 3610 किमी लंबाई की सड़कें क्षतिग्रस्त

**गांधीनगर।** गुजरात में भारी वर्षा के कारण राज्य के सड़क एवं भवन विभाग की कुल 1,16,000 किमी लंबाई की सड़कों में से एक सितम्बर तक कुल 3610 किमी लंबाई की सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। वडोदरा-वापी, राजकोट-जेतपुर, चिलोड़ा-हिम्मतनगर तथा अन्य सड़कों में मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सड़क एवं भवन विभाग को राज्य में भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए राजमार्गों को युद्धस्तर पर कार्य कर फिर से आवागमन के योग्य बनाने के दिशानिर्देश दिए हैं। सड़क एवं भवन विभाग द्वारा इस संदर्भ में पूरे राज्य में सड़क मरम्मत का कार्य तेज कर दिया है।

# एसबीएसपी की दिल्ली प्रदेश कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

नई दिल्ली 2 सितम्बर (एजेंसियां)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर ने दिल्ली प्रदेश के कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें हजारों समर्पित सदस्य और स्वयंसेवक शामिल हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी के भीतर विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नई नियुक्तियाँ करना था, ताकि राजधानी में पार्टी की उपस्थिति और गतिविधियों को और मजबूत किया जा सके। बैठक में दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से कार्यकर्ताओं की जोरदार भागीदारी देखने को मिली, जिससे पार्टी के बढ़ते प्रभाव और सकारात्मक बदलाव के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का स्पष्ट संकेत मिला। इस अवसर पर पार्टी के प्रमुख सदस्यों को महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नियुक्त किया गया, जो पार्टी के जमीनी स्तर पर नेटवर्क को मजबूत करने के मिशन में एक नया अध्याय जोड़ते हैं। रोहन उर्फ़ गुड्डू को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो पार्टी के युवा केंद्रित दृष्टिकोण को और मजबूती देगा। निहाल सिंह, जो सामाजिक सेवा में अपने व्यापक कार्यों के लिए जाने जाते हैं, को जनकपुरी जिले का प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया, जबकि युवा और समर्पित कार्यकर्ता अमन शर्मा को जनकपुरी जिले का युवा अध्यक्ष बनाया गया। राज्य अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने इन नई नियुक्तियों के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी दिल्ली के लोगों की सेवा करने के लिए हमारे कार्यकर्ताओं और नेताओं को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। हाल की नियुक्तियाँ हमारे उस संकल्प का प्रमाण हैं जिसमें हम एक मजबूत और प्रभावी संगठनात्मक ढाँचा तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो लोगों की आकांक्षाओं के साथ गूंजता है।



# तेलंगाना में बारिश का कहर, बाढ़ ने 16 लोगों की ली जान

**हैदराबाद,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना में भारी बारिश के दौरान अगल-अलग बारिश से होने वााली घटनाओं में कम से कम 16 लोगों की जान चली गई। वहीं कुछ लोग अब भी लापता हैं। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने केंद्र से राज्य में बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का आग्रह करने का फैसला किया है। राज्य के आईटी और उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने संवाददाताओं को बताया कि नुकसान की रिपोर्ट मिलने के बाद ही पूरा ब्यौरा पता चल पाएगा। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि रेवंत रेड्डी ने यहां अधिकारियों के साथ बारिश की स्थिति की समीक्षा की और वर्षाजनित घटनाओं में मारे गए लोगों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। बयान में कहा गया है कि राज्य सरकार बाढ़ से हुए नुकसान पर एक व्यापक रिपोर्ट केंद्र को सौंपेगी। सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने की गुजारिश करेगी तथा केंद्र से तेलंगाना में आई बाढ़ को



- मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केंद्र से की राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग
- मृतकों के परिजनों को की अनुग्रह राशि देने की घोषणा

राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का भी अनुरोध करेगी। मवेशियों, बकरियों और भेड़ों के नुकसान के लिए मुआवजा बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने तथा बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का समाधान करने को भी कहा। रेवंत रेड्डी खम्मम और अन्य जिलों में वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए सड़क मार्ग से रवाना हुए। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को उन इलाकों में अलर्ट रहने को कहा गया है जहां भारी बारिश का अनुमान है। जिला कलेक्टरों को जिलों में कॉल सेंटर स्थापित करने को कहा गया है ताकि बारिश से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाई जा सके। रेवंत रेड्डी ने बाढ़ प्रभावित खम्मम, भद्राद्री कोठागुडेम, महबूबाबाद और सूर्यापेट जिलों को पांच करोड़ रुपये की तत्काल सहायता की घोषणा की। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए हैदराबाद और छह जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कामारेड्डी, निजामाबाद, राजन्ना सिरसिला, निर्मल, मेडक, संगारेड्डी, विकाराबाद और नारायणपेट जिलों में भारी बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

### मोदी ने ली बाढ़ की स्थिति की जानकारी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से बात की और उनसे राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली है। मोदी ने फोन पर हुई बातचीत के दौरान रेड्डी से राज्य के कई जिलों में भारी बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली। रेड्डी ने बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री को राज्य में भारी बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में जानकारी दी और राज्य सरकार द्वारा व्यवधान को कम करने और जानमाल की क्षति को रोकने के लिए किए गए तत्काल राहत उपायों और बरती गईं सावधानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मोदी को बताया कि भारी बारिश और बाढ़ के कारण सबसे ज्यादा नुकसान खम्मम जिले में हुआ है। वहीं, प्रधानमंत्री ने जनहानि को रोकने के लिए राज्य सरकार के सक्रिय उपायों की सराहना की।

# मध्य प्रदेश में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से चार श्रद्धालुओं की हुई मौत

## सोमवती अमावस्या पर दर्शन के लिए जा रहे थे श्रद्धालु




**दमोह,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के दमोह जिले के मगरोन थाना क्षेत्र के फतेहपुर चौकी क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्रॉली के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसमें सवार चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और एक दर्जन अधिक घायल हो गए। सभी श्रद्धालु सोमवती अमावस्या पर दर्शन के लिए जा रहे थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र के घूघस गांव से लगभग 30 से 35 श्रद्धालु कल रात्रि सोमवती अमावस्या पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर छतरपुर जिले में स्थित तीर्थ स्थल जटाशंकर जा रहे थे। तभी फतेहपुर चौकी क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गयी। दुर्घटना में घायल श्रद्धालुओं में कुछ को हटा में भर्ती कराया गया तथा कुछ को जिला अस्पताल लाया गया। हटा में उपचारार्थ दो श्रद्धालु राजप्यारी (50) और हेमेंद्र (10) की कल रात्रि मौत हो गयी, जबकि जिला अस्पताल में भर्ती गंजली बाई गोंड (50) और लक्ष्मण (17) ने आज सुबह उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। वहीं, घायलों में कुछ को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है, तो वहीं कुछ का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

### मोहन यादव ने घटना पर जताया दुख

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दमोह जिले के पथरिया के ग्राम घुघस से जटाशंकर महादेव जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से हुई दुर्घटना में श्रद्धालुओं की असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने कहा कि हम सबकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। उन्होंने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।



# ताहिर सैयद ने पीडीपी प्रवक्ता से दिया इस्तीफा

**श्रीनगर,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के प्रवक्ता ताहिर सैयद ने सोमवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सैयद ने पीडीपी-भाजपा सरकार गठबबंधन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के मीडिया सलाहकार के रूप में भी अपनी सेवा दी है। सैयद ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, मैं भारी मन से पार्टी प्रवक्ता पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का यह पत्र लिख रहा हूं। ऐसा बताया जा रहा है कि सईद तेहगाम निर्वाचन क्षेत्र से मोहम्मद अफजल वानी को जनादेश देने के पार्टी के फैसले से खुश नहीं थे। उन्होंने कहा कि मैं भारी मन से जेकेपीडीपी के साथ दस साल तक जुड़े रहने की की इस यात्रा को विराम दे रहा हूं और अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और उनकी पार्टी को शुभकामनाएं देता हूं। एक्स पर पोस्ट किए गए अपने इस्तीफे के पत्र में सैयद ने कहा कि पार्टी और लोगों की सेवा करना एक शानदार और सीखने वाला अनुभव रहा।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव : सीटों के बंटवारे को लेकर भाजपा से चर्चा जारी : मंजू छिब्बर

नई दिल्ली, सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एनडीए में शामिल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की नॉर्थ इंडिया अध्यक्ष मंजू छिब्बर और हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली ने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी हरियाणा में 8 से 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन के तहत सीटों के बंटवारे पर चर्चा जारी है और अगर भाजपा के साथ सीटों पर सहमति नहीं बनती है, तो रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) 8 से 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी और बाकी के 80 सीटों पर बीजेपी का उम्मीदवार का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि अगर सहमति बनती है तो पार्टी 2 सीटों मुलाना और नीलोखेड़ी पर चुनाव लड़ेगी।

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया (आठवले) की नॉर्थ इंडिया अध्यक्ष मंजू छिब्बर ने कहा, 'हम हरियाणा में 8 से 10 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अगर हमें बीजेपी 02 सीट भी नहीं देती है तो हम 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे और पूरे दम खम से लड़ेंगे लड़ेंगे 7 भाजपा के साथ हमारा गठबंधन मजबूत है, और सीटों के बंटवारे पर सकारात्मक चर्चा चल रही है। एडवोकेट रवि कुंडली ने यह भी घोषणा की कि अगले सप्ताह केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर हरियाणा दौरे पर आएंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में अध्यक्षा श्रीमती मंजू छिब्बर एससी सेल के अध्यक्ष रमेश चौधरी, जिला करनाल अध्यक्ष प्रदेश सचिव मुकेश सिरोही, सुनील साहू , मनोज सिंधिया, जिला कुरुक्षेत्र अध्यक्ष मास्टर सूरजभान मेहरा और महिपाल सहित अन्य प्रमुख नेता भी उपस्थित रहे।



गठबंधन के तहत सहमति बनी तो हरियाणा में 2 सीटों पर लड़ेगी चुनाव, नहीं तो पार्टी 8-10 सीट पर उतारेगी अपने उम्मीदवार

हलचल | *हीरानगर में विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज*

# मतदाता 22 साल बाद वोट से आतंक को जवाब देंने को तैयार

**जम्मू, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही हीरानगर में लोगों की यादें एक बार फिर ताजा हो गई हैं। 1 अक्टूबर 2002 को आतंकवादियों द्वारा किए गए दिल दहला देने वाले हमले की बरसी पर आज भी हीरानगर के बाशिंदों के जख्म हरे हैं। आतंकियों ने इस दिन एक यात्री बस को निशाना बनाते हुए निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी।**

इस हमले में दस लोगों की मौत हो गई थी और अगले दिन एक मुठभेड़ में डीएसपी रैंक के अधिकारी भी शहीद हुए थे। 22 साल बाद, 2024 में एक बार फिर 1 अक्टूबर को हीरानगर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव होने जा रहे हैं। यह संयोग ही है कि इस दिन की यादें ताजा होंगी जब लोग आतंक के खिलाफ अपने वोट की ताकत से जवाब देंगे। हालांकि, सुरक्षा की चिंता बनी हुई है। क्योंकि आतंकवादियों की घुसपैठ और जम्मू संभाग में उनकी मौजूदगी सुरक्षाबलों के लिए चुनौती बनी हुई है। 2002 की उस सुबह आतंकियों ने बस पर हमला करने के बाद हर दिशा में गोलियों की बौछार की थी। जिससे कई निर्दोष लोग मारे गए। हीरानगर थाने के साथ-साथ इलाके में आतंकी वारदातों के शिकार लोगों की संख्या भी कम नहीं है।



- हीरानगर विस क्षेत्र में एक अक्टूबर को होगा चुनाव

इस साल सुरक्षाबलों ने हीरानगर के सैडा सोहल गांव में दो आतंकियों को ढेर किया था। लेकिन अब भी क्षेत्र के लोग चुनावों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध चाहते हैं। इस बार चुनावी माहौल में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। ताकि 2002 के दर्द को वोट की ताकत से सही मायनों में जवाब दिया जा सके। हीरानगर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक माहौल गर्मा गया है क्योंकि चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी प्रचार के लिए कमर कस ली है। भाजपा के स्थानीय नेता भी लोगों के मुद्दों को सुनकर उन्हें हल करने का आश्वासन दे रहे हैं। दूसरी ओर कांग्रेस ने अभी तक हीरानगर विधानसभा क्षेत्र से अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, जिससे स्थानीय स्तर पर राजनीतिक चर्चाओं का माहौल गरमाया हुआ है। लोग अनुमान लगा रहे हैं कि कांग्रेस किसे अपना उम्मीदवार घोषित करेगी और क्या यह फैसला भाजपा के लिए चुनौती खड़ी कर पाएगा। अटकलें यह भी लगाई जा रही है कि कांग्रेस यहां के स्थानीय नेता के अलावा कहीं बाहर से भी उम्मीदवार मैदान में उतार सकती है। इसे देखते हुए पहले ही यहां के स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं ने बाहर का उम्दीदवार नहीं चलेगा जैसी मांग हाई कमान से करनी शुरू कर दी है। लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि भाजपा की सक्रियता और कांग्रेस की मौन स्थिति के बीच एक बड़ी खाई बन सकती है।

चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही हीरानगर क्षेत्र के मतदाता उम्मीदवारों और पार्टियों के वादों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

मरीज : डॉक्टर साहब ऑपरेशन पूरी सावधानी से करिएगा ?
डाक्टर : ऐसा क्यूं कहा ?
मरीज : क्यूकि सर्जन और विसर्जन में बस जरा सा ही अंतर है ?
ऑपरेशन सही हुआ तो आप सर्जन और अगर हाथ हिल गया तो मेरा विसर्जन...

# केंद्र सरकार की कठपुतली बनी ईडी : भारद्वाज

## आप विधायक अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र सरकार पर बोला हमला

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सोमवार सुबह लगभग 6:15 बजे केंद्र सरकार की जांच एजेंसी ईडी, ओखला विधानसभा से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के घर छापा मारने पहुंची थी और अब ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए एक चिंता का विषय है, कि किस तरह से खुल्लम-खुल्ला केंद्र सरकार की गुंडागर्दी चल रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ईडी अब केंद्र सरकार की कठपुतली बन गई है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जानबूझकर वक्फ बोर्ड में पैसे लेकर भर्ती करने का एक झूठा और आधारहीन मामला बनाया गया है और उसमें आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को फंसाया गया। उन्होंने कहा कि 2016 में यह मामला बनाया गया और पहले तो केंद्र सरकार की ओर से खूब शोर मचाया गया, कि भ्रष्टाचार हुआ है और एसीबी जांच कर रही है, परंतु केंद्र सरकार के षड्यंत्र की और एसीबी द्वारा दाखिल किए गए कैसे की धज्जियां कोर्ट में उस वक्त उड़ गई, जब कोर्ट ने इस मामले में अमानतुल्लाह खान को यह कहते हुए जमानत दे दी, कि आपके द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों से, तथ्यों से कहीं पर भी ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है, कि पैसे लेकर वक्फ बोर्ड में किसी को कोई नौकरी दी गई है। सौरभ भारद्वाज



जानबूझकर वक्फ बोर्ड में पैसे लेकर भर्ती करने का एक झूठा व आधारहीन मामला बनाया गया है और उसमें आप विधायक अमानतुल्लाह खान को फंसाया गया : **सौरभ भारद्वाज**

ने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार ने विधायक अमानतुल्लाह खान को जबरदस्ती झूठे केस में फसाने की कोशिश की। पहले एसीबी ने फिर सीबीआई ने अमानतुल्लाह खान के घर पर छापा मारा, फिर उन्हें गिरफ्तार भी किया गया, परंतु कोई ठोस सबूत प्रस्तुत नहीं कर पाए और अदालत से उन्हें जमानत मिल गई। अब जब एसीबी और सीबीआई इस मामले में कुछ नहीं कर सकी तो अमानतुल्लाह खान को फंसाने के लिए भाजपा शासित केंद्र सरकार ने इस बार ईडी का सहारा लिया है। कभी अखबारों में कभी न्यूज़ चैनल के माध्यम से उनको बदनाम किया गया। परंतु फिर भी जनता का आशीर्वाद उन्हें दोबारा प्राप्त हुआ और वह दोबारा से भारी मतों से जीतकर आए। उन्होंने कहा कि जब एसीबी से बात नहीं बनी तो वही सड़ा गला और झूठा मामला सीबीआई के द्वारा शुरू किया गया। इस मामले में फिर सीबीआई के द्वारा जांच प्रक्रिया की गई और सीबीआई ने अपनी चार्ज शीट कोर्ट में दाखिल की। सीबीआई के मामले में भी कोर्ट में भाजपा शासित केंद्र सरकार इस बात को साबित करने में विफल रही की विधायक अमानतुल्लाह खान ने पैसे लेकर वक्फ बोर्ड में किसी को नौकरी देने का काम किया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जब एसीबी और सीबीआई दोनों ही जांच एजेंसियों के माध्यम से भाजपा शासित केंद्र सरकार आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को झूठे मामले में फंसाने में असफल रही, तो उन्होंने अपनी तीसरी जांच एजेंसी ईडी को इस काम पर लगा दिया। यह पहली बार नहीं है कि ईडी ने अमानतुल्लाह खान के घर पर छापा मारा है, इससे पहले भी ईडी उनके घर पर छापा मार चुकी है। न केवल घर पर छापा मारा बल्कि उन्हें अपने कार्यालय में बुलाकर घंटो तक पूछताछ भी कर चुकी है। ईडी ने भी विधायक अमानतुल्लाह खान के घर रात में छापा मारा, घंटों तक पूछताछ चली, और सोमवार को उसी श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर ईडी ने अमानतुल्लाह खान के घर पर छापा मारा और अंततः सोमवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## आप पार्टी भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त : बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली।** ईडी द्वारा आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार किए जाने को लेकर भाजपा सांसद योगेन्द्र चंदोलिया एवं बांसुरी स्वराज, नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता और मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने ईडी के इस कदम का स्वागत किया है। योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के विधायक और पार्षद सभी भ्रष्ट हैं और जब ये जांच के दायरे में आते हैं तो चिल्लाना शुरू कर देते हैं। कुछ ऐसा ही काम अमानतुल्लाह खान कर रहे हैं। जांच एजेंसी आज इन्हें गिरफ्तार करके ले गई है तो शोर मचाना शुरू कर रहे हैं। दरअसल आम आदमी पार्टी के नेता आदतन अपराधी है और इन्हें शोर मचाने की आदत है। नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि अमानतुल्लाह खान के खिलाफ कई संगिन आरोप है जब वह वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष थे तो अवैध तरीके से नौकरियों में भर्ती किया और समाज और जनकल्याण के लिए लगने वाले पैसो का दुरुपयोग किया।



# दिव्यांग बच्चों के लिए राष्ट्रीय बॉलिंग टूर्नामेंट आयोजित

## टूर्नामेंट में कुल 55 खिलाड़ी लेंगे प्रतिभाग



**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत का प्रीमियम गेमिंग एरिना ज़ोरेको, स्पेशल ओलंपिक भारत फेडरेशन के साथ मिलकर दिव्यांग बच्चों के लिए राष्ट्रीय बॉलिंग टूर्नामेंट आयोजन कर रहा है, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। यह टूर्नामेंट ज़ोरेको के राजौरी गार्डन परिसर पर 2 से 4 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देश भर से प्रतिभागी आएंगे और सबसे ज़्यादा स्कोर करने वाले को विजेता घोषित किया जाएगा। 3 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 55 खिलाड़ी खेलेंगे। ज़ोरेको के कंसल्टिंग सीएमओ अवनीश अग्रवाल ने बताया कि स्पेशल ओलंपिक भारत के साथ मिलकर राष्ट्रीय बॉलिंग टूर्नामेंट की मेजबानी करना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। दिव्यांगजनों के लिए सार्थक तरीके से योगदान देने में सक्षम होना हमारे लिए काफी मायने रखता है। एक ऐसा सुलभ स्थान प्रदान करना जहाँ सभी बच्चे आकर विश्व स्तरीय खेलों को खेल सकें और स्वादिष्ट भोजन और पेय पदार्थों का आनंद ले सकें। स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निदेशक वी.के. महेंद्रू ने कहा कि हमारे लिए दिव्यांग बच्चों को सीखाने और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने हेतु क्लासरूम से परे जाना जरूरी है। इसमें समुदाय को शामिल करना, उनके सामाजिक विकास और विकलांग लोगों की अधिक व्यापक स्वीकृति के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## सार संक्षेप

### हर्ष केडिया ने दो हजार से अधिक श्रमिकों को आई केयर इक्यूपमेंट प्रदान किए



**नई दिल्ली।** सिर्फ 16 साल की उम्र में द श्रीराम मिलेनियम स्कूल, नोएडा के 11वीं कक्षा के छात्र, हर्ष केडिया अपनी पहल, आई केयर इक्वालिटी के माध्यम से दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के चार राज्यों में ब्लू कॉलर वर्कर्स पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहे हैं। हर्ष ने अपने पिता के साथ फैक्ट्रियों और निर्माण स्थलों पर जाने के दौरान ब्लू कॉलर वर्कर्स द्वारा सामना की गई कठिनाइयों से प्रेरित होकर सितंबर 2023 में इस गैर-लाभकारी संस्था की स्थापना की। बताया किया उनका उद्देश्य इन श्रमिकों की उपेक्षित आंखों की देखभाल की जरूरतों को पूरा करना है। हर्ष ने सोशल मीडिया पर अपने सफर और आई केयर इक्वालिटी के मिशन को सांझा किया। आई केयर इक्वालिटी मुफ्त दृष्टि परिक्षण, निदान और सुधारात्मक उपाय प्रदान करता है, जिसमें पढ़ने के चश्मे और आई ड्रॉप शामिल हैं।

### कवयित्री बबीता सागर की कविता संग्रह 'सागर लफ़्ज़ों का' प्रचार के लिए प्रेस वार्ता आयोजित

नई दिल्ली। प्रसिद्ध कवयित्री और लेखिका बबीता सागर ने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में अपने प्रशंसित कविता संग्रह 'सागर लफ़्ज़ों का' (खंड 1 और 2) के प्रचार के लिए एक विशेष संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुस्तक को व्यापक दर्शकों से परिचित कराना और साहित्य जगत में सागर के योगदान को उजागर करना था। इस मौके पर मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में जाने-माने कवि अंश बसोया भी मौजूद रहे। 'सागर लफ़्ज़ों का' एक उल्लेखनीय द्विभाषी संग्रह है जिसमें हिंदी और अंग्रेजी दोनों में कविताएँ हैं, जो इसे विविध दर्शकों के लिए सुलभ बनाती हैं। ड्रीम पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक को रोहित आर्य के मार्गदर्शन में प्रकाशित किया गया है।

# दलितों के अधिकारों पर कुठाराघात बर्दाश्त नहीं : देवेन्द्र यादव

## शैली ओबेरॉय के अवैध तरीके से पद पर बने रहने पर कांग्रेस ने एलजी को ज्ञापन सौंपा



**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय के अवैध तरीके से पद पर बने रहने के संबंध में सोमवार को कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल वी.के सक्सेना से मुलाकात कर उन्हें को एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में देवेन्द्र यादव के अलावा कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, पूर्व मेयर फरहाद सूरी, पूर्व पार्षद अभिषेक दत्त, निगम में कांग्रेस दल की नेता, निगम पार्षद नाजिया दानिश, निगम पार्षद हाजी जरीफ और निगम पार्षद शगुफ्ता चौधरी शामिल थी। ज्ञापन में कांग्रेस ने बताया कि शैली ओबेरॉय अप्रैल 2024 से बिना चुनाव कराए अपने पद पर हैं जबकि उनका कार्यकाल 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो गया था। एलजी के मुलाकात के बाद कहा कि दिल्ली नगर निगम के तीसरे वर्ष में, एक अनुसूचित जाति के सदस्य का मेयर बनना था, लेकिन सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने चुनाव नहीं कराया। आप पार्टी द्वारा गैर संवैधानिक तरीके से एक ही व्यक्ति को मेयर पद पर जमाने के कारण अनुसूचित जाति के पार्षद को मेयर बनने से वंचित कर दिया है। शैली ओबेरॉय के लगातार मेयर पद पर बने रहने आप पार्टी में सहमति पिछड़े समुदायों के लोगों की जानबूझकर उपेक्षा करने को उजागर करता है। यादव ने उपराज्यपाल के संज्ञान में लाया कि एमसीडी अधिनियम (धारा-35) के प्रावधानों के अनुसार, एमसीडी के तीसरे वर्ष में अप्रैल तक सदन के एक अनुसूचित जाति के सदस्य को मेयर के रूप में चुना जाना चाहिए।

### उपराज्यपाल के हस्तक्षेप की मांग की

कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बिना किसी देरी के अनुसूचित जाति समुदाय से एक नए मेयर की नियुक्ति में उपराज्यपाल के हस्तक्षेप की मांग की और यह भी सुनिश्चित हो कि किसी भी दल द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए कानून के प्रावधानों को दरकिनार नहीं किया जाना चाहिए। यादव ने अनुरोध किया उपराज्यपाल को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और यह सुनिश्चित करें कि एससी/एसटी समुदाय के मेयर को पूरे एक साल का कार्यकाल मिले।

# क्लिनिकल ट्रायल से आर्थोपेडिक चिकित्सा में होगा बदलाव : डॉ. शाह

## भारत में रोबोटिक्स का प्रवेश अभी कम है लेकिन यह तेजी से बढ़ रहा आगे

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल शैल्बी ने ऑर्थोपेडिक सर्जरी में विशेषज्ञता वाली एआई संचालित रोबोटिक्स कंपनी मोनोग्राम टेक्नोलॉजीज इंक के साथ रणनीतिक साझेदारी की। यह सहयोग भारत में एक बहुकेंद्रीय क्लिनिकल ट्रायल परीक्षण आयोजित करने पर केंद्रित होगा, जिसमें मोनोग्राम के सिस्टम की सुरक्षा और प्रभावशीलता को प्रदर्शित किया जाएगा। शैल्बी के अध्यक्ष डॉ. विक्रम शाह ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े आर्थोपेडिक हॉस्पिटल ग्रुप के रूप में हमें अपने प्रतिष्ठित सर्जनों के साथ पाइपलाइन उत्पादों सहित बाजार में अग्रणी रोबोट और एडवांस टेक्नोलोजी का मूल्यांकन करने का विशेषाधिकार मिला है। हमने सिस्टम और अगली पीढ़ी की पाइपलाइन को प्रत्यक्ष रूप से देखा है और निश्चित रूप से कह सकते हैं कि वे जिस पर काम कर रहे हैं, वह आर्थोपेडिक चिकित्सा को हमेशा के लिए बदल देगा। हम मोनोग्राम के साथ इस साझेदारी से उत्साहित हैं और हमारा मानना है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और विश्व स्तर पर उनकी सिस्टम के लिए बाजार की संभावनाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं और बहुत तेजी से बढ़ सकती हैं। मोनोग्राम टेक्नोलॉजीज इंक के सीईओ बेन सेक्सन ने कहा कि प्रतिवर्ष दो लाख से अधिक टीकेएएस के साथ भारत एक विशाल बाजार क्षमता का प्रतिनिधित्व करता है, जो बड़ी आबादी और जनसांख्यिकीय अनुकूल परिस्थितियों से प्रेरित है। भारत में रोबोटिक्स का प्रवेश अभी कम है, लेकिन यह तेजी से आगे बढ़ रहा है और हमारा मानना है किए सैकड़ों प्रणालियों के बाजार में बहुत संभावनाएं हैं।



# बड़े पैमाने पर डेंगू व मच्छर विरोधी अभियान किया जाए शुरू : प्रवीण

## जलजनित रोगों के मामलों में वृद्धि को लेकर मेयर को लिखा पत्र



**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय को एक पत्र लिखकर दिल्ली में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के गंभीर मामलों में तेजी से वृद्धि की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया है। पत्र में कहा गया है कि अगस्त 2024 में अकेले 600 से अधिक डेंगू के मामले दर्ज किए गए हैं और संभवतः इतनी संख्या में मामलों को रिपोर्ट भी नहीं किया गया होगा जो निजी रूप से उपचारित हो रहे हैं। इसी तरह, मलेरिया के लगभग 250 गंभीर मामले और चिकनगुनिया के 36 मामले दर्ज किए गए हैं। कपूर ने पत्र में कहा है कि यह खेदजनक है कि मच्छर जनित बीमारियों की वृद्धि के बावजूद एमसीडी ने उनके प्रसार को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। वास्तव में, एमसीडी एंटी मलेरिया केंद्रों में छिड़काव के लिए आवश्यक कीटनाशकों की पर्याप्त मात्रा भी उपलब्ध नहीं है, और इसलिए स्थानीय छिड़काव या घर-घर जांच नहीं हो रही है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पिछले अनुभव के अनुसार, सितंबर और अक्टूबर ऐसे महीने होते हैं जब डेंगू के कई गंभीर मृत्यु के मामले तक रिपोर्ट किए जाते हैं। पत्र में मेयर से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने और दिल्ली भर में तुरंत एक बड़े पैमाने पर डेंगू और मच्छर विरोधी अभियान शुरू करने की अपील की गई है।

# विजय नायर को जमानत सत्य की जीत : मनीष सिसोदिया



केंद्र पर लगाया आप नेताओं के खिलाफ साजिश रचने का आरोप

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने 23 महीने बाद विजय नायर को मिली जमानत को सत्य की विजय बताया है। पार्टी का कहना है कि धीरे-धीरे भाजपा की पूरी साजिश धराशायी हो रही है। सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। भारतीय जनता पार्टी और उसकी केंद्र सरकार ने हमारे नेताओं के खिलाफ साजिश रची और उन्हें फर्जी मामले लगाकर जेल में डाल दिया। लेकिन अब भाजपा की साजिशों का लगातार खुलासा हो रहा है। पहले सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को जमानत दी और अब विजय नायर को जमानत दी है। अब मोदी सरकार के तमाम षड्यंत्रों को ध्वस्त करके जल्द ही अरविंद केजरीवाल भी बाहर आएंगे। विजय नायर को जमानत मिलने पर आप के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक्स पर कहा कि भाजपा के मनगढ़ंत शराब घोटाले की कहानी का एक और गुब्बारा आज फूट गया। आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि बिना सबूत, बिना कोई बरामदगी हुए विजय नायर को 23 महीने जेल में रखा।

### भाजपा के मनगढ़ंत शराब घोटाले का एक और भंडाफोड़ हुआ : पाठक

आप के राष्ट्रीय महासचिव संगठन एवं सांसद डॉ. संदीप पाठक ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा के मनगढ़ंत शराब घोटाले का एक और भंडाफोड़ हुआ है। विजय नायर को 23 महीने बिना सबूत जेल में क्यों रखा गया। सिर्फ केजरीवाल को रोकने के लिए। आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ षड्यंत्र रचा और पार्टी के अनेकों नेताओं को जेल में डाला।

# एम्स में तैयार होंगे चिकित्सकीय तकनीकी उपकरण




- उपकरणों को बनाने में जापान करेगा मदद
- जापान की ओसाका यूनिवर्सिटी व एम्स के बीच हुआ करार

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। जल्द ही देश में गंभीर बीमारियों में इस्तेमाल किए जाने वाले चिकित्सा उपकरणों को बनाया जाने लगेगा। इसके लिए जापान की ओसाका यूनिवर्सिटी और एम्स के बीच एक करार हुआ है। इस करार के तहत जापानी यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने एम्स में विशेषज्ञों से मुलाकातें भी की हैं। इस दौरान हुए एक एमओयू से मेडिकल डिवाइस डेवलपमेंट के क्षेत्र में भी मेक इन इंडिया की पहल को आगे बढ़ाने का मसौदा तैयार किया गया है।

एम्स प्रशासन के मुताबिक हरियाणा के झज्जर स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) में एक राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण विकास, सत्यापन एवं कौशल प्रशिक्षण केंद्र शुरू होगा। जापान की प्रमुख चिकित्सा उपकरण बाने वाली एजेंसी और ओसाका यूनिवर्सिटी के साथ एम्स का करार हुआ है। पिछले सप्ताह एम्स में इन एजेंसियों और यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने आपस में मुलाकातें कर इसको बढ़ाने की रूपरेखा पर काम किया। इस दौरान तय हुआ की जापानी यूनिवर्सिटी और उपकरण निर्माण करने वाली कंपनी एम्स के चिकित्सकों को न सिर्फ तकनीकी मदद करेगी बल्कि इस केंद्र में चिकित्सा उपकरणों को विकसित भी करेगी। इसको जल्द ही जमीन पर उतारने के लिए जापान के विशेषज्ञों ने एम्स के झज्जर स्थित कैंसर संस्थान का दौरा भी किया था। एम्स प्रशासन के मुताबिक राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण विकास, सत्यापन एवं कौशल

# श्री धार्मिक रामलीला चिराग दिल्ली में किया गया भूमि पूजन



**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी चिराग दिल्ली में इस वर्ष रामलीला के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के दौरान इलाके के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वहीं भूमि पूजन के बाद गणेश वंदना से रामलीला का मंचन किया गया। जिसमें राम विवाह, राम का वनवास, कैकेयी और भरत प्रसंग, रावण अंगद और हनुमान प्रसंग आदि के प्रसंगों का मंचन किया गया। श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया कि इस बार भी हर वर्ष की तरह भव्य राम लीला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस का स्टेज भव्य प्रेम मंदिर की तर्ज पर 125 फुट लंबा और तीन मंजिला होगा। उन्होंने कहा कि इस बार रामलीला के मंचन में प्लास्टिक का न के बराबर उपयोग किया जाएगा। रामलीला का मंचन 02 अक्टूबर से शुरू होगा और 12अक्टूबर 2024 तक चलेगा।


## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 202/एस0टी0-एस0डी0एम/2017 दिनांक 29.07.2017 स्व0 सुखवीर पुत्र स्व0 गुलजारी नि0 ग्राम अट्टा गुजरान की मृत्यु दिनांक 08.08.2016 को हो चुकी है। जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 83 | 646, 647, 648, 649, 650, 709, 754, 755, 756, 757, 759, 224, 709 | स्व0 सुखवीर पुत्र स्व0 गुलजारी नि0 ग्राम अट्टा गुजरान | श्रीमति इन्द्र कौर | 60 | पत्नी |
| | | | | श्री रनवीर | 27 | पुत्र |
| | | | | श्री मान सिंह | 34 | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिये जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकस प्राधिकरण

## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लाट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला- गौतमबुद्ध नगर।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि NSG Sahkari Awas Samiti Ltd., के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या B-77, Sector-Builder's Area, P-6, Greater Noida क्षेत्रफल-197.90 वर्ग मीटर, Mr. Rakesh Kumar Sharma S/o Late Sh. Om Prakash Sharma के पक्ष में आंवटित/पंजीकृत है। आवंटी Mr. Rakesh Kumar Sharma की मृत्यु दिनांक-17.04.2009 को हो जाने के उपरान्त उनके स्थान पर उनकी पत्नी Mrs. Meena Sharma W/o Late Shri Rakesh Kumar Sharma ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Mr. Rakesh Kumar Sharma के स्थान पर उनकी पत्नी Mrs. Meena Sharma W/o Late Shri Rakesh Kumar Sharma का नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लाट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला- गौतमबुद्ध नगर।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Civil Services Officers Welfare Society के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या C-19, Sector-Builders, Area, Pocket- P7, Greater Noida क्षेत्रफल-500 वर्ग मीटर, Mr. Rupender Kr. Goel S/o Shri Param Ved Goel & Smt. Sunita Goel W/o Shri Rupender Kr. Goel के पक्ष में आंवटित/पंजीकृत है। सह आवंटी Smt. Sunita Goel की मृत्यु दिनांक-17.05.2024 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रूप से मूल आवंटी (Mr. Rupender Kr. Goel S/o Param Ved Goel) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में सह आवंटी Smt. Sunita Goel के स्थान पर पूर्ण रूप से सह आवंटी (Mr. Rupender Kr. Goel S/o Param Ved Goel) के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 1007, 10th Floor, Tower-T-11, Area-133.776 Sqm., Nirala Estate Ph-2, Plot No. GH-04, Sector-Techzone-IV, Greater Noida जो कि Sh. Birendra Kumar Gupta & Mrs. Poonam Gupta निवासी D-24, Kamla Nagar, Dayal Bagh Agra के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-07.11.2017 को पंजीकृत है। Sh. Birendra Kumar Gupta की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Poonam Gupta ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Poonam Gupta W/o Late Sh. Birendra Kumar Gupta का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

देश की सीमा पर और खेल के मैदान पर गांव को किसान का बालक ही मिलता है। इस लिए बच्चों के लिए गांव में खेलने की सुविधाएं मिलती रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव और किसान के बच्चे ये दोनों ही काम परवरिश में मिली देशभक्ति की भावना के साथ करते हैं।

**जयंत चौधरी, केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्यमंत्री**

# नोएडा की होगी अपनी सांस्कृतिक विरासत और पहचान

- **अब सिर्फ औद्योगिक नगरी के रूप में नहीं जाना जाएगा, यहां साल होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम**
- **सलाहकार कंपनी प्राधिकरण के साथ मिलकर करेगी काम**

**नोएडा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण अब शहर को सांस्कृतिक विसरात देने जा रहा है। इसके लिए यहां शहर में सांस्कृतिक स्थलों को विकसित करने और पूरे साल थीम आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ये काम एक सलाहकार कंपनी यानी नॉलेज पार्टनर के रूप में काम करेगी। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि इसका उद्देश्य शहर वासियों के बीच अपनी संस्कृति से हो रहे अलगाव को दूर करना और उनको अपने कल्चर के नजदीक लाना है। सलाहकार कंपनी सोसाइटी और सेक्टरों में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने का काम करेगी। शहर की सांस्कृतिक जीवंतता और गौरव की भावना को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन की गई नीतियों पर प्राधिकरण के साथ मिलकर काम करेगी। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कहा कि इस परियोजना का प्रमुख उद्देश्य नोएडा के लिए एक अद्वितीय सांस्कृतिक पहचान विकसित करना। जिसके जरिए सामाजिक और मनोरंजक स्थान बनाना साथ ही नागरिक जुड़ाव और सामुदायिक स्वामित्व को बढ़ावा देना है। सीईओ ने कहा कि लखनऊ, वाराणसी, पुणे और बेंगलुरु जैसे शहरों के विपरीत, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और त्यौहार अक्सर आयोजित किए जाते हैं। नोएडा को अक्सर कार्यालयों और हाउसिंग सोसायटी के शहर के रूप में देखा जाता है। सीईओ ने कहा कि नोएडा तीन साल में अपनी 50वीं वर्षगांठ के करीब पहुंच रहा है, हम इसे सांस्कृतिक बुनियादी ढांचे में निवेश करने का सही समय मानते हैं। ये अधिक सामुदायिक जुड़ाव के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम कर सकता है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्राधिकरण ने एक सलाहकार को नियुक्त करने का निर्णय लिया है। ये कंपनी सालाना सांस्कृतिक कार्यक्रम बनाएगी। ये कार्यक्रम कहां आयोजित किए जाएंगे इसके लिए बुनियादी ढांचा भी तैयार किया जाएगा। जिसमें सभागार, पार्क और एम्फीथिएटर भी शामिल होगा। यह सलाहकार प्राधिकरण को आवश्यक सार्वजनिक स्थानों के बारे में भी सूचित करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें शहर की उभरती जरूरतों के अनुरूप विकसित किया गया है। नॉलेज पार्टनर का चयन क्वालिटी बेस्ट कम कास्ट पर होगा। जिसमें तकनीकी मूल्यांकन को 80 प्रतिशत और वित्तीय मूल्यांकन को 20 प्रतिशत महत्व दिया जाएगा। सलाहकार का मूल्यांकन उनकी वित्तीय क्षमता, सार्वजनिक स्थान डिजाइन, सांस्कृतिक बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक भागीदारी में परियोजना अनुभव के साथ-साथ संबंधित डोमेन में उनकी टीम के सदस्यों के अनुभव पर किया जाएगा।

नॉलेज पार्टनर द्वारा नियुक्त टीम में प्लेस मार्केटिंग एक्पर्ट, कल्चरल इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट, शहरी नियोजन, डिजाइन एक्सपर्ट और एक प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शामिल होंगे। इसके लिए जल्द ही आरएफपी जारी की जाएगी।

# नोएडा पुलिस ने सनसाइन बिल्डर पर कसा शिकंजा

- **सोसाइटीवासी की शिकायत पर पहुंची ऑफिस, जब्त किए गए दस्तावेज**

**नोएडा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-78 स्थित शनशाइन हिल्योस सोसाइटी में निवासियों की शिकायत पर पुलिस ने बिल्डर के खिलाफ एक्शन लिया है। पुलिस ने बिल्डर और उसके ठिकानों पर एक साथ सर्च आपरेशन चलाया। दरअसल बिल्डर पर आरोप है कि उसने निवासियों के साथ धोखाधड़ी की है। बिजली के बिल, मैनटेनेंस चार्ज, आईएफएमएस फंड और एओए के गठन को लेकर बिल्डर लगातार जालसाजी करता आ रहा है। इसकी शिकायत सोसाइटीवासियों ने थाना सेक्टर-113 पुलिस की थी। जिसकी जांच की जा रही है। एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि सेक्टर-78 में सनशाइन हिल्योस सोसाइटी है। सोसाइटी में काफी दिनों से सोसाइटी वासियों और बिल्डर के बीच तनातनी चल रही थी। सोसाइटी की ओर से कई बार प्रबंधन से इसकी शिकायत की गई। लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। ऐसे में एक शिकायत थाना सेक्टर-113 में की गई। बताया गया बिल्डर ने करोड़ों रुपए का गबन किया। उसने सोसाइटी वासियों से पैसा लिया लेकिन अब तक सोसाइटी एओए के हैंडओवर की गई। यही नहीं बिजली बिल, पानी, मैनटेनेंस के अलावा तमाम अन्य मदों में पैसा लेकर काम नहीं कराया।

यहीं नहीं जबरन नोटिस भेजकर वसूली तक की जा रही है। ऐसे में एडीसीपी समैत पुलिस के कई बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने छानबीन की। इस दौरान बिल्डर के ऑफिस से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए। जिनकी जांच की जा रही है। हालांकि सोसाइटी में बिल्डर मौजूद नहीं था। बताया गया कि उसके घर पर भी पुलिस पहुंची। लेकिन वहां भी नहीं मिला। निवासियों ने आरोप लगाया कि पुलिस के आने की भनक बिल्डर और उसके कार्यलय में काम करने वाले लोगों को थी। ऐसे में पुलिस पहुंचने से पहले ही सारे दस्तावेज गायब कर दिए गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रेस्टोरेंट में अवैध रूप से चल रहा था बार



- **आबकारी टीम ने मारा छापा, तीन गिरफ्तार, महंगे ब्रांड की शराब बरामद**

**नोएडा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा के थाना सेक्टर-142 क्षेत्र स्थित सरपंच बाग रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब परोसी जा रही थी। आबकारी विभाग को जानकारी मिलने पर पुलिस के साथ रेड की गई। मौके पर लोगों को शराब परोसते देखा गया। जिसके बाद रेस्टोरेंट मैनेजर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास शराब परोसने का कोई लाइसेंस नहीं था। इस रेस्टोरेंट को सील किया गया। मौके से रेस्टोरेंट मालिक फरार है। पुलिस की टीम उसकी तलाश कर रही है।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि सरपंच बाग रेस्टोरेंट में गैर कानूनी तरीके से शराब परोसी जा रही है। यहां छापा मारा गया। मौके से 7 बोतल महंगे ब्रांड की व्हिस्की और 194 पीस बीयर की कैन बरामद की गई। लाइसेंस मांगने पर ये नहीं दिखा सके। पूछताछ में बताया कि करीब एक महीने से ये लोग ग्राहकों के मांगने पर शराब परोसते थे। ताकि ग्राहक ज्यादा आए। इसके लिए थोड़ा अतिरिक्त पैसा लिया जाता था। जो कि अन्य बार और पब से सस्ता होता था। उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट का मालिक सुधीर कसाना मौके से फरार है। इसकी तलाश की जा रही है। बताया गया कि ये लोग शराब की बोतल खरीदकर अपने रेस्टोरेंट में महंगे या पैक के हिसाब से बेचते थे। जिससे ज्यादा पैसा कमाते थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजीव कुमार, देव सिंह राणा और संजय के रूप में हुई है। इनसे पूछताछ की जा रही है।

## सार संक्षेप

### हनुमान प्रखंड में मनाया गया हिंदू सम्मेलन



**नोएडा।** सेक्टर-52 के सामुदायिक केंद्र में विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हनुमान प्रखंड में हिंदू सम्मेलन मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत मंत्री राजकुमार डूंगर ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश में असुरी शक्तियों को रोकने के लिए अब हिन्दुओं को एकजुट होना ही होगा। उन्होंने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर कड़ा विरोध जताया। महानगर कोषाध्यक्ष पंडित अनिल चतुर्वेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया और कहा कि धर्म की स्थापना के लिए हिंदुओं को अब भगवान कृष्ण की नीति को अपनाना होगा। कार्यक्रम में हिंदू समाज के गणमान्य व्यक्तियों के साथ विहिप के महानगर सह मंत्री राजीव शर्मा, मठ मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख विनोद चौहान, साप्ताहिक मिलन प्रमुख नीतेश शर्मा, प्रखंड मंत्री अजय त्रिपाठी, संयोजक सुनील, सेक्टर 34 आर डब्ल्यू ए फेडरेशन के अध्यक्ष के. के. जैन, महासचिव धर्मेंद्र शर्मा, हनुमान प्रखंड के अधिकारी व अन्य कार्यकर्ता और हिंदू समाज के भाइयों-बहनों ने भाग लिया।

### संगम पार्क में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**खोड़ा।** निकाय क्षेत्र के तहत ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल के सामने संगम पार्क में सोमवार को इलेक्ट्रो मैग्नेटिक बॉडी एनालाइजर मशीन द्वारा फुल बॉडी निःशुल्क जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के संयोजक एव वार्ड 3 के सभासद संजीव गिरी ने बताया कि कैंप में लगभग 96 लोगो की निःशुल्क जांच की गई। प्रकाश फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कैंप में प्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा शुगर थायराइड मोटापा जोड़ो का दर्द घुटनो का दर्द कमर दर्द गठिया यूरिक एसिड सिरदर्द माइग्रेन दमा सांस अस्थमा पेट का फूलना गैस एसिडिटी लीवर रोग पथरी बी पी हृदय रोग लकवा आदि रोगों की जांच की गई।

### मध्यस्थता कर पुलिस टीम ने परिवार को टूटने से बचाया

**नोएडा।** पति और पत्नी के बीच उपजे विवाद को पुलिस टीम ने मध्यस्थता के जरिये सुलझा दिया। मध्यस्थता के बाद दंपती साथ रहने के लिए राजी हो गए। दोनों की काउंसलिंग एसीपी महिला सुरक्षा सौम्या सिंह की अगुवाई में की गई। एसीपी ने बताया कि बीते दिनों बिसरख निवासी महिला ने अपने पति पर मारपीट और गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। आरोप यह भी था कि पति घर का खर्चा नहीं देते और विरोध करने पर शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ित करते हैं। इसके बाद दोनों की अलग-अलग तिथियों में काउंसलिंग की गई। इस दौरान पता चला कि दोनों पक्षों में छोटी-छोटी बातों को लेकर आपसी विवाद है। काउंसलिंग के दौरान समझाने से दोनों पक्षों का आपसी सहमति से साथ-साथ रहने का समझौता हो गया है। शिकायतकर्ता महिला ने कहा कि वह अपने शिकायती पत्र पर आगे कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहती है। महिला की तीन साल पहले शादी हुई थी। पुलिस कर्मियों द्वारा मध्यस्थता के जरिए टूटते हुए परिवार को बिखरने से बचाया गया। लोगों ने पुलिस के इस पहल ही सराहना की है।

# मास्टर की से पुरानी कार चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार



- **चोरी की 3 कार बरामद, 40 से ज्यादा वारदात को दिया अंजाम**

**नोएडा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। पुरानी कारों को चोरी करने वाले एक गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को फेज-1 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये पुरानी कारो को इसलिए टारगेट करते थे क्योंकि ऐसी कार मास्टर चाबी से आसानी से खुल जाती थी। कार को काट कर इनके उपकरण को मुरादाबाद और दिलली के कबाड़ बाजार में बेचते थे। अब 40 से ज्यादा घटनाओं को अंजाम दे चुके है। दिल्ली, नोएडा गाजियाबाद के अलावा एनसीआर में ये गिरोह सक्रिय है। एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि मुखबिर से जानकारी मिली कि एक चोरी करने वाला गिरोह नोएडा आने वाला है। सेक्टर-14ए के पास चेकिंग शुरू की गई। इस दौरान सेक्टर-14ए गंदे नाले के पास से तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान आसिफ सिद्दकी, अकील और परवेज आलम हुई है। इनके कब्जे से कब्जे से चोरी की 03 कार इसमें आई 10 रंग गोल्डन, स्विफ्ट रंग सिल्वर, कार बीट रंग ग्रे बरामद की गई। एक मास्टर चाबी मिली जिसके जरिए ये कार का लॉक खोलते थे। 3450 रुपए नगद मिले है। ये पैसा हाल ही में इको कार को चोरी कर उसके पार्टस को बेचकर लिए गए थे।

एडीसीपी ने बताया कि ये लोग नोएडा व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में घूमते रहते है। मौका पाकर पुराने चार पहिया वाहन, जो आसानी से मास्टर की से खुल जाते है। उन्हें चोरी कर लेते है। चोरी की कार को खलील अहमद उर्फ खान निवासी दिल्ली और नदीम निवासी सहारनपुर को दे देते हैं। बाद में खलील अहमद व नदीम उक्त पुरानी गाड़ियों को बेचने व कटवाने का काम करते थे। खलील और नदीम दोनों फरार है। पुलिस तलाश कर रही है। ये तीनों भी कार चोरी कर नदीम को देते थे। पकड़े गए आसिफ पर दर्जन से ज्यादा मुकदमे है। इसमें दिल्ली, हापुड़ से भी कार चोरी की है।

# देश की सीमा पर और खेल के मैदान पर गांव को किसान का बालक ही मिलता है : जयंत चौधरी



- **कुश्ती मैट, कबड्डी मैट, वॉलीबॉल नैट व गेंद आदि खेल सामग्री स्थानीय खिलाड़ियों को वितरित की**

**गाजियाबाद,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्यमंत्री जयंत चौधरी सोमवार को पतला नगर पंचायत पहुंचे। यहां पर उन्होंने ग्रामीण स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर जयंत चौधरी ने कहा कि देश की सीमा पर और खेल के मैदान पर गांव को किसान का बालक ही मिलता है। इस लिए बच्चों के लिए गांव में खेलने की सुविधाएं मिलती रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव और किसान के बच्चे ये दोनों ही काम परवरिश में मिली देशभक्ति की भावना के साथ करते हैं। उन्होंने इस मौके पर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से अपने कर कमलों से खेल सामग्री वितरित की। जयंत चौधरी ने युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा निर्मित ग्रामीण स्टेडियम पतला में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना 2024-25 के अन्तर्गत अपनी निधि से 9.81 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत कर जिला ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के माध्यम से स्टेडियम में प्रतिदिन अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के लिए कुश्ती मैट, कबड्डी मैट, वॉलीबॉल नैट एवं गेंद आदि खेल सामग्री स्थानीय खिलाड़ियों को वितरित की। इस मौके पर स्थानीय कबड्डी टीम पतला और ढिंढार का मैच कराया गया, जिसमें ढिंढार की टीम विजेता व पतला की टीम उपविजेता रही। बागपत लोकसभा सांसद राजकुमार सांगवान, मोदीनगर की भाजपा विधायक डॉ. मंजू सिवाच, रीता चौधरी चेयरमैन नगर पंचायत पतला, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी महीपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से इंजीनियर आलोक कुमार श्रीवास्तव, व्यायाम प्रशिक्षक सौरभ कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी सर्वेश सिंह, देवेन्द्र कुमार, राहुल चौधरी एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति तथा कार्यक्रम में आयोजित कराये गए कबड्डी मैच के निर्णायक राजकुमार नेहवाल एवं मनवीर चौधरी आदि मौजूद रहे। रालोद मुखिया एवं केंद्र सरकार में राज्यमंत्री जयंत चौधरी सोमवार को वसुंधरा भी पहुंचे। यहां उन्होंने अपने राजनैतिक सलाहकार वीरपाल मलिक की माताजी के श्रद्धांजलि सभा में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने वीरपाल मलिक के परिवार का ढांढस बंधायां और उनकी माताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित। इस मौके पर मुख्य रूप से रालोद के पूर्व महानगर अध्यक्ष अरुण चौधरी भुल्लन, रालोद प्रवक्ता सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, चौधरी अमरजीत सिंह बिड्डी, चौधरी, रालोद के पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी तेजपाल सिंह और चौधरी अजयवीर सिंह समेत रालोद के स्थानीय पदाधिकारी और नेता मौजूद रहे।

# खाली भूखंड में कूड़े का अंबार लगने से लोगों को परेशानी

**खोड़ा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। निकाय क्षेत्र के तहत खाली भूखंड में कूड़े का ढेर लग्नेश लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रिहायश क्षेत्र में गली के बीच में कूड़ा जमा होने से लोगों का जीवन नारकीय हो गया है। बारिश के मौसम में कूड़े से निकलने वाली बदबू से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। जिससे क्षेत्र में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों और भूखंड मालिक से कई बार शिकायत के बावजूद कूड़े से निजात नहीं मिली। नपा के अधिशासी अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में स्थानीय निवासी भारत भूषण शाही ने कहा कि नरेश विहार स्थित गली नंबर 1 में 50 गज वर्ग गज खाली भूखंड है। भूखंड मालिक प्रीत विहार में निवासरत है। भूखंड खाली होने की वजह से लोग घरों का कूड़ा खाली भूखंड में डाल देते है। खाली भूखंड में दस फिट से ज्यादा कूड़ा इकट्ठा हो गया है। भूखंड स्वामी द्वारा खाली प्लॉट की देखभाल न करने की वजह से डलाव घर में तब्दील हो गया है। जिससे आस पास के मकानों को क्षति पहुंच रही है। और लोगो को दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने भूखंड से कूड़ा का उठान कराए जाने और भूखंड मालिक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# किसानों के लिए सर्विस रोड बनाने की मांग को लेकर दुहाई टोल पर भाकियू का धरना शूरू

**गाजियाबाद,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। पेरिफेरल के बराबर में किसानों के लिए सर्विस रोड बनाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने सोमवार को दुहाई टोल पर धरना शुरू कर दिया है। भाकियू के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को भारी



संख्या में दुहाई टोल पर एकत्र हो गए और धरने पर बैठ गए। उन्होंने पत्नी पंचायत भी शुरू कर दी। बिजेंद्र चौधरी ने बताया कि एनएचएआई को इस बाबत पूर्व में किसानों ने अवगत कराया था। और उन्हें दस दिन का समय भी दिया था। कोई निस्तारण/कार्यवाही/ वार्ता न होने पर भाकियू ने आज से टोल पर धरना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग किसान के खेतों तक जाने के लिए, सर्विस रोड बनाई जाए,जो नियम के अनुसार है। लेकिन अभी तक बनाई नहीं गई है। धरने पर भाकियू के राष्ट्रीय सचिव ओमपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष चौ. रामकुमार सिंह (दुहाई), जिला प्रभारी जय कुमार मलिक सहित अनेक किसान मौजूद थे।

# अगस्त महीने में 420 लोग ड्राइविंग टेस्ट में फेल

- **नोएडा के बिसाहड़ा ड्राइविंग टेस्ट के लिए ट्रैक पर नहीं पहुंच पा रहे लोग**

**नोएडा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर में डीएल बनवाने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन चौंका देने वाली बात यह है कि कुछ लोग टेस्ट में लगातार फेल भी हो रहे हैं। बताया यहां तक जा रहा है कि सैकड़ों लोग टेस्ट देने के लिए बिसाहड़ा स्थित केंद्र पर ही नहीं पहुंच रहे हैं। इस बीच ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने वाले, फेल होने वाले और टेस्ट न देने वालों का एक आंकड़ा सामने आया है। एआरटीओ प्रशासन डॉक्टर सियाराम वर्मा ने बताया कि डीएल बनवाने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि अगस्त के महीने में 603 लोगों ने लाइसेंस के लिए अप्लाई किया था। इनमें से 113 ही पास हुए बाकी 420 फेल हो गए। इसी तरह अगर बात की जाए जुलाई माह के आकड़े की तो 4716 लोगों ने लाइसेंस के लिए अप्लाई किया था। जिनमें से 4615 लोगों के डीएल बन गए। जबकि 49 लोग डीएल बनवाने में फेल साबित हुए। एआरटीओ ने बताया कि कुछ ऐसे भी लोग हैं जो लाइसेंस के लिए अप्लाई तो कर देते हैं लेकिन टेस्ट देने नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे लोगों की संख्या सैकड़ों में पहुंच चुकी है। उन्होंने लोगों से अपील की है लाइसेंस के लिए अप्लाई करने वाले लोग टेस्ट देने के लिए केंद्र पर जरूर पहुंचे।

# सलारपुर गांव में अवैध ध्वस्तीकरण पर स्टे

**नोएडा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण ने हाल ही में सलारपुर में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया था। ये अवैध निर्माण खसरा संख्या 789 और 780 पर था। अभी यहां पूरी कार्रवाई नहीं हो सकी थी। इससे पहले ही एक याचिका कर्ता ने जिला न्यायालय में इससे संबंधित याचिका दायर की। जिस पर न्यायालय ने कहा कि वाद निर्णित होने तक कोई काम नहीं होगा। प्राधिकरण ने बताया कि इन खसरों पर अब भी अवैध निर्माण किया जा रहा है। दोनों खसरों को मिलाकर कुल 8 हजार वर्गमीटर के आसपास जमीन है। इस मामले में अगली सुनवाई 5 सितम्बर को होनी है। ये अकेला स्टे नहीं है। इसके अलावा सलारपुर में ही खसरा नंबर 723 से 752 तक भी स्टे लिया गया है। ऐसे में प्राधिकरण चाहकर भी इन पर बुलडोजर नहीं चला सकता। इसके अलावा हाई कोर्ट ने वाजिदपुर गांव में भी करीब 5 हजार वर्गमीटर जमीन पर प्राधिकरण की कार्रवाई पर स्टे लगा दिया है। ये जमीन डूब क्षेत्र में है। जहां कालोनाइजरों की ओर से अवैध निर्माण किया जा रहा था।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रशासन सतर्क

## नगर आयुक्त ने दिए एंटी लारवा का छिड़काव व फॉगिंग करने के निर्देश

**गाजियाबाद,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा अंतर्गत संचारी रोगों की रोकथाम के लिए नगर आयुक्त ने एंटी लारवा का छिड़काव तथा फागिंग करने के निर्देश हैं।





नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से सभी जोन के वार्डों की आंतरिक गलियों में फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें पार्षदों से भी उनके क्षेत्र में फॉगिंग के कार्यों की संस्तुति कराई जा रही है। पांचों जोन की स्वास्थ्य की टीम द्वारा रोस्टर के क्रम में साफ सफाई का कार्य फॉगिंग का कार्य एंटी लारवा छिड़काव का कार्य कराया जा रहा है। जिसमें जन सहयोग से संचारी रोगों की रोकथाम हेतु जागरूक अभियान भी चलाया जा रहा है।

स्वास्थ्य प्रहरियों द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यकता अनुसार कई वार्डों में विशेष अभियान के रूप में सफाई के कार्य भी कराई जा रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में गलियों में मोहल्ले में नियमित होगी का कार्य हो रहा है बड़ी मशीनों तथा छोटी मशीनों के द्वारा फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है नगर आयुक्त द्वारा सभी सफाई मित्रों को अपना विशेष ध्यान रखते हुए तथा पूरी बाजू के कपड़े पहनकर ग्लव्स मास्क इत्यादि के साथ एंटी लारवा छिड़काव का कार्य करने के लिए कहा गया है।

शहर वासियों से भी गाजियाबाद नगर निगम ने स्वच्छता की अपील की है। नगर आयुक्त ने भी शहरवासियों को अपने-अपने घरों के आसपास सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा अपने घरों में गमले, टायर, कूलर ऐसे स्थान जहां पर पानी जमा हो जाता है जमा न होने देने के लिए अपील की गई है तथा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अपने आसपास फॉगिंग अवश्य करने के लिए कहा गया है सिटी जोन अंतर्गत फॉगिंग का कार्य कराने के लिए 8178016838 मोहन नगर जोन अंतर्गत फॉगिंग कराने हेतु 8299152143, कवि नगर जोन अंतर्गत फॉगिंग का कार्य कराने हेतु 8178016921 विजयनगर जोन अंतर्गत फॉगिंग का कार्य कराने हेतु 8178016930 वसुंधरा जोन अंतर्गत फागिंग हेतु 8178016837 पर संपर्क करते हुए अपने क्षेत्र में फॉगिंग का कार्य कराया जा सकता है।

# स्थगन आदेश समाप्त होते ही जीडीए ने खाली कराई 25 करोड़ की जमीन

**गाजियाबाद,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने सोमवार को मधुबन बापूधाम योजना के अंतर्गत 25 करोड़ रुपए की भूमि को खाली कर लिया है इस भूमि पर अदालत से स्थगन आदेश था चिड़िया की ओर से मजबूत पर भी करते हुए सदन आदेश को समाप्त कर दिया गया इसके बाद जीडीए ने यह कार्रवाई की।



उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि आज मधुबन-बापूधाम योजना के अन्तर्गत औद्योगिक पॉकेट के खसरा संख्या 42, ग्रा-रसूलपुर-याकूतपुर की भूमि (क्षेत्रफल लगभग 5000 वर्ग मीटर) जो लगभग 15 वर्षों से न्यायालय के स्थगन आदेश के कारण प्रभावित थी, स्थगन आदेश समाप्त होने पर स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल पर काश्तकारों द्वारा बाउण्ड्रीवॉल बनाकर एक फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था, जिसका मूल्य लगभग 25 करोड़ रुपए है। प्राधिकरण की अर्जित भूमि परअवैध रूप से संचालित उक्त फैक्ट्री को उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के अन्तर्गत विधिवत् ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया ।

उवाच

"इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप और ग्रेटर नोएडा, दोनों शहरों में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना पहली प्राथमिकता है। निवेशकों को हर संभव सहयोग देने की कोशिश की जा रही है। औद्योगिक निवेश से न सिर्फ इन दोनों शहरों का विकास होगा, बल्कि इस क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के तमाम अवसर भी उपलब्ध होंगे।

एनजी रवि कुमार, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीईओ और आईआईटीजीएनएल के प्रबंध निदेशक

# कैपिटल ज़ोन

# एलजी चौक से नोएडा एक्सप्रेस वे को सीधे जुड़ने वाली सड़क की बाधा होगी दूर

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीईओ के प्रयास से सालों से अधूरी सड़क के निर्माण का रास्ता हुआ साफ

**ग्रेटर नोएडा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। एलजी चौक से नोएडा सेक्टर- 145 व 147 के बीच सड़क की सीधी कनेक्टिविटी की राह में आ रही सबसे बड़ी बाधा जल्द दूर हो जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसके लिए प्रयास तेज कर दिया है। एलजी व शारदा चौक के बीच विवादित जमीन में से 19.8 हेक्टेयर का अधिग्रहण किया जाएगा। इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार कर जिला प्रशासन को भेज दिया गया है। जिला प्रशासन ने अधिग्रहण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। बाकी हिस्से में सड़क का निर्माण पहले ही किया जा चुका है। इस परियोजना के पूरा हो जाने पर परीचौक पर ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। यही नहीं इंडिया एक्सपो मार्ट व नॉलेजपार्क के शिक्षण संस्थानों में भी पहुंचना आसान हो जाएगा। हिंडन नदी पर निर्माणाधीन पुल दोनों शहरों को जोड़ने का काम करेगा।





एलजी व शारदा चौक के बीच अधूरी पड़ी एक तरफकी सड़क का निर्माण पूरा करने के लिए समाधान निकाल लिया गया है। विवादित जमीन में से 19.8 हेक्टेयर का अनिवार्य अधिग्रहण किया जाएगा। इसका प्रस्ताव बनाकर प्रशासन को भेज दिया गया है। इस सड़क का निर्माण होने से नोएडा की सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। उम्मीद है कि अगले 2-3 माह में काम शुरू करा दिया जाएगा : **रवि कुमार एनजी, सीईओ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

- एलजी व शारदा चौक के बीच अधूरी पड़ी 1 किमी लंबी सड़क के लिए 19.8 हेक्टेयर जमीन का अनिवार्य अधिग्रहण करेगा प्राधिकरण
- इस परियोजना के पूरा होने पर परीचौक पर ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा काफी
- हिंडन नदी पर निर्माणाधीन पुल नोएडा व ग्रेनो को जोड़ने का काम करेगा

परीचौक पर ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए शहर के एलजी चौक से सीधे नोएडा सेक्टर-145 तक सड़क का निर्माण किया जाना है। आठ लेन की यह सड़क सेक्टर-145 व 147 के बीच नोएडा- ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड कनेक्ट होगी। इसका फायदा आसपास के अन्य सेक्टरों को भी मिलेगा। दोनों प्राधिकरणों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में काम किया जा रहा है। इस राह में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सबसे बड़ी रूकावट एलजी व शारदा चौक के बीच पैदा हो रही है। टी-सीरीज से विवाद के चलते एक तरफ की सड़क वर्षों से अधूरी पड़ी है। प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी ने बताया कि टी-सीरीज के कब्जे वाली जमीन में से 19.8 हेक्टयर जमीन का अनिवार्य अधिग्रहण किया जाएगा। इस पर सहमति बन चुकी है। इसका प्रस्ताव तैयार का जिला प्रशासन को भेज दिया गया है। अनिवार्य अधिग्रहण होने पर आम सहमति नहीं लेनी पड़ेगी। सीईओ ने बताया कि टी-सीरीज के पास 200 एकड़ जमीन है। पूरी तरह से अवरुद्ध पड़ी एक तरफ की सड़क का निर्माण पूरा होने से नॉलेज पार्क क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी। जहां पर सड़क का निर्माण किया जाना है,वहां पर शिक्षण संस्थानों के लिए जमीन आरक्षित है।

### पिछले लगभग 20 सालों से यह सड़क पड़ी है अधूरी

एलजी चौक से नॉलेज पार्क को जाने वाली सड़क का एक तरफ का हिस्सा पिछले 20 सालों से अधूरा पड़ा है। यह जमीन टी-सीरीज की है। इसका मामला सुप्रीमकोर्ट में चल रहा है। यह सड़क 1 किमी लंबी है। एक तरफ की सड़क अवरुद्ध होने से एक ही लेन पर आवागमन हो रहा है। ऐसे में हादसा होने का खतरा बना रहता है। इस रूट पर वाहनों का काफी दबाव रहता है। मजबूरी में एक ही लेन पर वाहनों का आवागमन हो रहा है।

# सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल ने इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का किया दौरा

**ग्रेटर नोएडा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के सबसे स्मार्ट टाउनशिप में से एक आईआईटीजीएनल के इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में निवेश के लिए सिंगापुर ने भी रुचि दिखाई है। सोमवार को सिंगापुर के एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटीजीएनएल की इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का जायजा लिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। एनआईसीडीसी के सीईओ रजत कुमार सैनी भी प्रतिनिधिमंडल के भ्रमण के दौरान साथ रहे। श्रीलक्ष्मी वीएस और प्रेरणा सिंह ने सिंगापुर प्रतिनिधिमंडल को इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप और ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने टाउनशिप में सिंगापुर के निवेशकों से औद्योगिक निवेश कराने की इच्छा जाहिर की सिंगापुर सरकार के व्यापार और उद्योग मंत्रालय के सीनियर डायरेक्टर फ्रांसिस चोंग के नेतृत्व में सात सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल में सिंगापुर की दो मल्टीनेशनल कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने इन अधिकारियों के साथ बैठक भी की। दोनों एसीईओ ने प्रतिनिधिमंडल को इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप के इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। औद्योगिक यूनिट लगाने के लिए प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में बताया। टाउनशिप में उपलब्ध औद्योगिक भूमि की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि वे सिंगापुर के निवेशकों को टाउनशिप में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे, जिससे टाउनशिप में बड़े पैमाने पर विदेशी निवेश बढ़ने की उम्मीद है। गौरतलब है कि दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत आईआईटीजीएनएल की तरफ से इंटीग्रेटेड टाउनशिप करीब 750 एकड़ में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाई गई है। इस टाउनशिप में उद्यमी तत्काल प्लांट लगाकर काम शुरू कर सकता है। इस टाउनशिप में वर्क टू साइकिल, 24 घंटे बिजली, एलईडी लाइट जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। यह टाउनशिप सीसीटीवी से भी लैस होगी। इस टाउनशिप की सुरक्षा के लिए इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ और आईआईटीजीएनएल के प्रबंध निदेशक एनजी रवि कुमार ने कहा है कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप और ग्रेटर नोएडा, दोनों शहरों में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देना पहली प्राथमिकता है। निवेशकों को हर संभव सहयोग देने की कोशिश की जा रही है। औद्योगिक निवेश से न सिर्फ इन दोनों शहरों का विकास होगा, बल्कि इस क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के तमाम अवसर भी उपलब्ध होंगे।





- एसीईओ ने टाउनशिप और ग्रेटर नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर से कराया रूबरू
- सिंगापुर के निवेशकों से टाउनशिप में औद्योगिक निवेश कराने की इच्छा जताई

# भूमाफिया द्वारा मंदिर की भूमि कब्जाने का आरोप

**रबूपुरा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। भूमाफिया द्वारा मंदिर परिसर की भूमि को कब्जाने के प्रयास का मामला विगत लंबे समय से चला आ रहा। जिसके सम्बंध में न्यायालय जेवर में मामला विचाराधीन है तथा उक्त भूमि पर स्थगन आदेश जारी है। बावजूद इसके भी उक्त व्यक्ति अक्सर भूमि पर अवैध निर्माण का प्रयास करता रहता है। जिसके सम्बंध में पूर्व में भी शिकायत की जाती रहीं हैं तथा गत 29 अप्रैल की रात पुनः निर्माण किया गया। कमैटी के विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। कमैटी सदस्यों ने पुलिस आयुक्त से न्याय की गुहार लगाई है। मंदिर कमेटी के राजेश सिंह, रामकिशन मुखिया, धर्मवीर, अशोक, राधेश्याम, राजेन्द्र आदि द्वारा लिखे पत्र के मुताबिक गांव भाईपुर ब्रह्मनान स्थित शिव नानकेश्वर मंदिर की भूमि पर पड़ोसी गांव मेहंदीपुर निवासी फजर मोहम्मद अक्सर अवैध कब्जे का प्रयास करता रहता है। 29 अप्रैल की रात भी वहां निर्माण किया गया जिसका विरोध करने पर उक्त व उसके परिजनों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है उक्त व्यक्ति भूमाफिया प्रवृति का है तथा भूमाफिया लिस्ट में चिन्हित है तथा एक फर्जी मदरसा संचालित कर लाखों रुपए की छात्रवृत्ति हड़पने का मुकदमा भी दर्ज है। मंदिर कमेटी द्वारा पुलिस आयुक्त को शिकायती पत्र के साथ सम्बंधित दस्तावेज संलग्न कर कार्रवाई की मांग की है।

- कमेटी ने पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर लगाई न्याय की गुहार
- न्यायालय में भी विचाराधीन है मामला

# एयरपोर्ट की सुरक्षा 1047 सीआईएसएफ जवानों के हाथ में होगी

- गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के तैनाती की दी मंजूरी
- सुरक्षा बल के जवानों के रहने के लिए आवास की व्यवस्था यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड करेगी



**ग्रेटर नोएडा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के हाथ में होगी। सुरक्षा बल के 1047 जवान एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात किए जाएंगे। गृह मंत्रालय ने इसके लिए स्वीकृति दे दी है। सुरक्षा बल के जवानों के रहने के लिए आवास की व्यवस्था एयरपोर्ट की संचालक कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि. करेगी। पिछले दिनों लखनऊ में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई संयुक्त समन्वय समिति की बैठक में एयरपोर्ट की सुरक्षा समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अप्रैल 2025 के अंत तक यात्री सेवाओं के शुरू होने की संभावना है। एयरपोर्ट उपकरणों की जांच के लिए सितंबर व अक्टूबर में इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की जांच होगी। दिसम्बर में वैलिडेशन और टेस्ट फ्लाइट के बाद एयरोड्रोम लाइसेंस के लिए आवेदन किया जाएगा।

फेस-एक 1334 हेक्टेयर में बन रहे एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 1047 जवानों को नियुक्त किया जाएगा, जो 24 घंटे एयरपोर्ट की निगरानी करेंगे। अविवाहित जवानों के लिए एयरपोर्ट परिसर में ट्रांजिट हास्टल बनाया जाएगा। विवाहित जवानों को आवासीय सुविधा के लिए परिसर से बाहर इंतजाम किए जाएंगे।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती के लिए गृह मंत्रालय से स्वीकृति मिल चुकी है। एयरपोर्ट पर लगने वाले उपकरण साइट पर लगातार पहुंच रहे हैं। रडार आदि भी समय से एयरपोर्ट पर पहुंच जाएंगे। संयुक्त समन्वय समिति की बैठक में भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, कस्टम, भारतीय मौसम विभाग आदि ने अपनी जरूरत से विकासकर्ता कंपनी के अधिकारियों को अवगत कराया है। मुख्य सचिव ने एयरपोर्ट के कुशल संचालन के लिए विभागों की जरूरतों को नियमानुसार समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। रनवे पर मार्किंग व लाइट का काम शेष है। टर्मिनल बिल्डिंग का काम जारी है।

# शारदा विवि में राजेश्वरी मोदी का होगा सत्संग

**ग्रेटर नोएडा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय में शारदा देवी की पुण्यतिथि पर बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में नारायण रेकी सत्संग परिवार की संस्थापिका एक्यूप्रेशर चिकित्सक और एक उत्कृष्ट सलाहकार राजेश्वरी जी मोदी (राज दीदी ) का मार्गदर्शन सत्र व सत्संग आयोजित किया जा रहा है।



जिसके चलते शारदा विश्वविद्यालय जुड़े सभी लोगों में अभी से उमंग व उत्साह का माहौल है। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि राज दीदी सत्संग में 1200 के लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम में होगा। 200 सीटें आरक्षित है। इसके अलावा सभी लोगों को आने की अनुमति है उन्हें सबसे पहले रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इस कार्यक्रम में छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगी। लगभग 800 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया। गूगल लिंक के जरिए भी रजिस्ट्रेशन करा सकते है। उन्होंने बताया कि राज दीदी के रूप में विख्यात राजेश्वरी मोदी के महाराष्ट्र सहित समूचे देश में लाखों फॉलोअर्स है। लोग आपाधापी व दौड़ भाग भरी जिंदगी अस्त व्यस्त हो चली दिनचर्या और संतुलित करते हुए जीवन में सकारात्मकता बनाए रखने हेतु मार्गदर्शन करती है।

# सावित्री बाई फुले की छात्रा संजना सिंह को नीट परीक्षा में मिली सफलता

**ग्रेटर नोएडा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। सावित्रीबाई फुले बालिका इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा संजना सिंह ने नीट परीक्षा में 720 में से 608 अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस सफलता ने न केवल उनके परिवार को गर्वित किया है, बल्कि उनके पूर्वजनों, अध्यापकों और विद्यालय को भी प्रसन्नता से अभिभूत कर दिया है। संजना सिंह ने प्रारंभ से ही अपनी पढ़ाई के प्रति गहरी रुचि और समर्पण दिखाया। विद्यालय में पढ़ाई के दौरान उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें शीर्ष पर पहुंचाया। उन्होंने कक्षा 10 में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे तथा कक्षा 12वीं में 92.8 प्रतिशत अंक हासिल किया था। संजना सिंह का चयन गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, कानपुर में हुआ है। यह चयन उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है। इस कॉलेज में दाखिला लेकर वह अपनी मेडिकल शिक्षा की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रही हैं, और भविष्य में एक सक्षम चिकित्सक के रूप में उभरने की दिशा में अग्रसर हैं। सावित्री बाई फुले बालिका इंटर कॉलेज की प्रभारी उपप्रधानाचार्या प्रीति फोगाट ने संजना को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उनकी आगामी यात्रा की सफलता की कामना की।



# आयुक्त ग्राम्य विकास ने विकास खण्ड बिसरख का किया औचक निरीक्षण

## समीक्षा में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक व स्वयं सहायता समूहों को ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के प्रति किया प्रोत्साहित

**ग्रेटर नोएडा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश लखनऊ जी.एस. प्रियदर्शी ने सोमवार को विकास खण्ड बिसरख का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप प्रमेय मौजूद रहे। इस दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं के द्वारा निर्मित उत्पादों को भी देखा एवं उसकी प्रशंसा की। उन्होंने समूह की महिलाओं द्वारा प्रकाशित आद्या शक्ति का उद्घोष नामक पत्रिका का भी अवलोकन किया एवं समूह की महिलाओं की प्रशंसा की। निरीक्षण के समय विकास खण्ड की व्यवस्था एवं रख रखाव की प्रशंसा की गयी, साथ ही विभिन्न विभागों की खण्ड स्तर पर संचालित योजनाओं के विषय में भी समीक्षा करते हुए उनमें और अधिक सुधार लाने के लिए सभी से सुझाव प्राप्त किये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश लखनऊ को आश्वस्त किया गया कि आज जो आपके द्वारा दिशा निर्देश दिये गए है उसका सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस अवसर पर आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी ने विकास खण्ड के परिसर में पीपल के वृक्ष को रोपण किया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी बिसरख अजितेश कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी दादरी एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# हवन का आयोजन कर पेरिस पैरालंपिक में प्रवीन कुमार के स्वर्ण जीतने की कामना करेंगे ग्रामीण



- 84 सदस्यीय टीम के साथ 25 अगस्त को पेरिस के लिए हुए थे रवाना
- 6 सितम्बर को ऊंची कूद में भाग लेंगे जेवर क्षेत्र के प्रवीन कुमार

■ रवि कुमार सिंह

**जेवर,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने की दुआओं के साथ 25 अगस्त को जेवर क्षेत्र के गांव गोविंदगढ़ के प्रवीन कुमार 84 सदस्यीय टीम के साथ पेरिस के लिए रवाना हो चुके हैं। जहां पर उन्होंने स्वर्ण जीतने के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। 6 सितम्बर को प्रवीन कुमार अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर ऊंचीकूद में स्वर्ण पदक जीतने के लिए छलांग लगाएंगे। ग्रामीणों द्वारा गांव में 6 सितम्बर को हवन का आयोजन कर प्रवीन कुमार के जीतने की कामना की जाएगी। यमुना नदी की तलहटी में बसे जेवर क्षेत्र के गांव गोविंदगढ़ के रहने वाले किसान अमरपाल सिंह ने बताया कि उनका बेटा स्वजनों व ग्रामीणों से स्वर्ण पदक जीतने की दुआ लेकर 84 सदस्यीय टीम के साथ फ्रांस की राजधानी पेरिस में 28 अगस्त से शुरू हो रहे पैरालंपिक 2024 में भाग लेने के लिए रवाना हो चुका है। उन्होंने बताया कि 6 सितम्बर को वह ऊंचीकूद में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र व देश का नाम रोशन करेगा। ग्रामीणों द्वारा 6 सितम्बर को गांव में हवन व पूजा का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि प्रवीन कुमार ने ऊंचीकूद टी 64 में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने वर्ष 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2.07 मीटर की छलांग लगाकर सिल्वर मेडल देश के नाम किया था। स्वर्ण पदक की चाहत में उन्होंने तभी से पेरिस पैरालंपिक की तैयारी शुरू करते हुए अपने कोच सतपाल सिंह के नेतृत्व में लगातार कड़ा परिश्रम जारी रखा। इस दौरान अक्टूबर 2023 में उन्होंने चीन में आयोजित पैरा एशिया में स्वर्ण पदक हासिल कर पेरिस पैरालम्पिक के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित की थी।

# बीआईआरडी ने एफसीआरएफ के साथ ग्रामीण बैंकिंग साइबर सुरक्षा के लिए किया समझौता

## कृषि व ग्रामीण बैंकिंग क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा को लेकर आयोजित होंगे कार्यशाला व कार्यक्रम



**ग्रेटर नोएडा,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान (बीआईआरडी), लखनऊ, कृषि और ग्रामीण क्षेत्र में बैंकरों और अन्य हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने वाला एक प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान है, जिसने फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जो आईआईटी, कानपुर का एआईआईडीई-सीओई इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप है, जो साइबर सुरक्षा, डिजिटल अपराध, धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन, साइबर कानून और साइबर फोरेंसिक में अनुसंधान में विशेषज्ञता रखता है। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य बैंकिंग पेशेवरों के लिए बर्ड के व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ साइबर ऑडिट और अपराध रोकथाम में एफसीआरएफ की विशेषज्ञता को एकीकृत करके कृषि और ग्रामीण बैंकिंग क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा उपायों को मजबूत करना है। यह सहयोग विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल और कार्यशालाओं के विकास की सुविधा प्रदान करेगा जो ग्रामीण वित्तीय सेवाओं में साइबर खतरों की बढ़ती चुनौतियों का समाधान करते हैं। एफसीआरएफ की ओर से डॉ. त्रिवेणी सिंह (सेवानिवृत्त आईपीएस) और बर्ड की ओर से शेफाली अग्रवाल, संयुक्त निदेशक ने बर्ड के निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। लखनऊ स्थित बर्ड के निदेशक डॉ. निरुपम मेहरोत्रा ने साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जैसे-जैसे कृषि और ग्रामीण बैंकिंग क्षेत्रों में डिजिटलीकरण का विस्तार हो रहा है, साइबर सुरक्षा और स्वच्छता के महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। एफसीआरएफ के साथ हमारा सहयोग ग्रामीण वित्तीय संस्थान और अन्य पेशेवरों को साइबर खतरों से सुरक्षा के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करेगा, जिससे एक सुरक्षित और लचीला बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित होगा। एफसीआरएफ के डॉ. त्रिवेणी सिंह ने कहा कि हम इस महत्वपूर्ण पहल में बर्ड के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, रोहतक रोड, शकूरबस्ती, दिल्ली-56 भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट प्रणाली में ई-खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | शकूरबस्ती दिल्ली में डीजल प्रशिक्षण केंद्र के आधुनिकीकरण के संबंध में छात्रावास भवन (जी+4) के भू-तल और प्रथम तल का शेष कार्य करना। | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹160.46 लाख | धरोहर राशि | ₹2,30,200/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने के 6 माह के अंदर | | |
| रेलवे की वेबसाइट पर निविदा की बिक्री एवं उपलब्धता | निविदा दस्तावेज दिनांक 10.09.2024 से 24.09.2024 तक समय 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। | | |
| निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदाकर्ता दिनांक 10.09.2024 से 24.09.2024 समय 11:30 बजे साईट से अपलोड कर सकते हैं। | | |
| निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरंत पश्चात दिनांक 24.09.2024 को 11:30 बजे तक | | |

सं.: 406-एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती दिनांकः 30.08.2024 2726/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 3 सितम्बर 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# बुलडोज़र पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती वाजिब

पिछले कुछ समय से प्रशासकीय आतंक का प्रतीक बन चुकी बुलडोज़र न्याय प्रणाली आखिरकार सुप्रीम कोर्ट के निशाने पर आ ही गई। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिन राज्यों में शासन किया जा रहा है, वहां की सरकारें विरोधियों, खासकर अल्पसंख्यकों के घरों को केवल इस आधार पर बेरहमी से गिराती आ रही हैं जो किसी न किसी अपराध में आरोपी बनाए जाते हैं। दोष सिद्धि के पहले ही सरकारों द्वारा मकान-दूकान ध्वस्त करना भाजपा सरकारों की कार्यप्रणाली का हिस्सा बन गया है। उत्तर प्रदेश में तो यह काम बेहद धड़ल्ले से होता आ रहा है जिसके अंतर्गत न सिर्फ किसी अपराध में अल्पसंख्यकों को शामिल बतलाते हुए घरों को जमींदोज किया जाता है, बल्कि राजनीतिक विरोधियों को भी नहीं बख्शा जाता। किसी न किसी बहाने से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों एवं विरोधी मत रखने वाले नेताओं-कार्यकर्ताओं के घरों को गिराया जाता रहा है। उप्र, गुजरात, असम, मध्यप्रदेश राजस्थान आदि राज्यों में बुलडोज़र के प्रति वहां की सरकारों का विशेष अनुराग देखा गया है। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने सरों पर से साया केवल इस कारण से खोया है कि उनके परिवार का कोई सदस्य किसी अपराध में शामिल पाया गया।

जमीयत उलेमा ए हिंद ने पिछले दिनों एक याचिका दाखिल कर सरकारों द्वारा मनमाने ढंग से बुलडोज़रों का इस्तेमाल कर घरों को तोड़ने पर रोक लगाने की मांग की थी। विशेषकर दिल्ली के जहांगीरपुरी मामले में वकील फरूख रशीद ने जो याचिका दाखिल की है, उसमें कहा गया है कि भाजपा सरकारें अल्पसंख्यकों एवं हाशिये पर खड़े लोगों के घरों को तोड़कर दमन कर रही है। इससे पीड़ितों को कानूनी उपचार का अवसर नहीं मिल पाता। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई करते हुए साफ किया कि अपराधी पाये जाने पर भी किसी के घर को इस प्रकार नहीं तोड़ा जा सकता। हालांकि महाधिवक्ता तुषार मेहता का कहना था कि निर्माणों को म्युनिसिपल कानूनों के अंतर्गत तोड़ा जा रहा है। यानी अवैध होने के कारण इन पर बुलडोज़र चल रहे हैं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। वैसे बेंच ने साफ किया कि वह अवैध और अवरोध बन चुके निर्माणों को संरक्षण नहीं देने जा रही है। उसने सरकारों से सुझाव भी मांगे हैं ताकि वह आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर सके।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश से इस बुलडोज़र दमन की शुरुआत हुई थी जिसमें सरकार की ओर से अल्पसंख्यकों तथा भाजपाविरोधी लोगों के निर्माणों को किसी न किसी बहाने से ध्वस्त करने की परम्परा शुरू की गई। वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 'बुलडोज़र बाबा' के नाम से भी सम्बोधित किया जाने लगा। यहां तक कि जिन अन्य राज्यों में आदित्यनाथ चुनावी सभाओं को सम्बोधित करने जाते हैं, वहां भी उनके स्वागत में बुलडोज़र रखे जाने लगे। मुस्लिमों के प्रति नफरत करने वाले कट्टरपंथियों के बीच उनकी लोकप्रियता का यह बड़ा कारण बन गया। इसकी देखा-देखी राजस्थान, मध्यप्रदेश, असम, गुजरात आदि में भी कमजोर तबकों व अल्पसंख्यकों के घरों तथा बस्तियों पर अंधाधुंध बुलडोज़र चलाकर न केवल घर बल्कि परिवार के उन सदस्यों को भी सज़ा दी गई जो कथित अपराध में शामिल नहीं थे। एमनेस्टी इंटरनेशनल तक यह मामला पहुंचा था जिसने इस वर्ष की फरवरी में यह तथ्य सामने लाया था कि अप्रैल 2022 से जून 2023 तक उपरोक्त राज्यों में 128 सम्पत्तियों को बुलडोज़र चलाकर धराशायी किया गया। मध्यप्रदेश में एक आरोपी के पिता की सम्पत्ति पर बुलडोज़र चलाया गया तो वहीं राजस्थान में एक अवयस्क छात्र के घर को नेस्तनाबूद कर दिया गया जिस पर अपने सहपाठी को चाकू से गोदने का आरोप था।

भाजपा ने बुलडोज़र न्याय को अपने कड़े प्रशासन का प्रतीक बनाकर प्रचारित किया लेकिन अनेक देशों में इसकी आलोचना भी हुई है जिसके कारण भारत सरकार की बदनामी हुई है। कुछ देशों में तो भाजपा समर्थकों ने राष्ट्रीय पर्वों पर बुलडोज़र को भी जुलूस में शामिल किया था जिसके कारण उन्हें वहां की सरकारों की ओर से कार्रवाई की चेतावनी तक मिली थी। बुलडोज़र जहां दमन का प्रतीक है वहीं वह सरकार के शक्ति के पृथक्करण के नियमों का उल्लंघन भी माना गया है। वैसे भी अपराध के लिये घर, दूकान या किसी भी सम्पत्ति को ढहाने का प्रावधान किसी भी कानून में नहीं है। ज्यादातर मामलों में यही पाया गया है कि बुलडोज़र या तो अल्पसंख्यकों के घरों पर चले हैं अथवा भाजपा विरोधी विचार रखने वालों पर। किसी भी बस्ती में सरकारी मशीनरी की इस आतंकी मशीन ने उसे ही रौंदा है, जो इन्हीं दो श्रेणियों में आते हैं (अल्पसंख्यक-भाजपा विरोधी)। बुलडोज़र न्याय नफरत और सनक से निकली प्रक्रिया है इसलिये उससे किसी भी प्रकार के विवेक और निष्पक्षता की उम्मीद नहीं की जा सकती, लेकिन यह साफ पाया गया है कि जिस अपराध में संलग्नता या संदेह मात्र होने पर भी लोगों के घर गिराये गये, उन्हीं अपराधों में भाजपा समर्थकों को बख्श दिया जाता है।

उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट जब इस मामले की अगली सुनवाई करेगा तो वह सरकारों को इस आशय के साफ निर्देश देगा कि सजाएं देने का काम न्यायपालिका का है; और वह भी कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप ही किया जायेगा। जिस प्रकार से बदले की भावना से भाजपा सरकारों ने काम किया है उस पर रोक लगेगी। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय सरकारों को निर्देश दे कि वह न्याय करने का काम उस पर छोड़ें जो निर्धारित और सुपरिभाषित है।

# 'हमारी समस्या है नागरिक आज्ञाकारिता'

विख्यात अमेरिकी इतिहासकार, नाटककार, दार्शनिक और समाजवादी विचारक हॉवर्ड जिन जिनकी लिखी किताब 'ए पीपुल्स हिस्टरी आफ युनाईटेड स्टेटस' की लाखों प्रतियां बिक चुकी हैं, के यह लफ्ज़ आज भी दुनिया के तमाम मुल्कों में दोहराए जाते हैं जब-जब वहां की जनता हुक्मरानों के हर फरमान को सिर आंखों पर लेती है।

वैसे बहुत कम लोग इस वक्तव्य के इतिहास से वाकिफ हैं, जिसे उन्होंने अमेरिका के युद्ध विरोधी आंदोलन के दौरान बाल्टिमोर विश्वविद्यालय के परिसर में रैडिकल छात्रों और परिवर्तनकामी अध्यापकों के विशाल जनसमूह के सामने दिया था। गौरतलब है कि यही वह दौर था जब अमेरिकी सरकार की विएतनाम युद्ध में संलिप्तता को लेकर - जिसमें तमाम अमेरिकी सैनिकों की महज लाशें ही अमेरिका लौट पायी थी। जनाक्रोश बढ़ता गया था और अमेरिकी सरकार पर इस बात का जोर बढ़ने लगा था कि उसे अपनी सेनाओं को वहां से वापस बुलाना चाहिए।

याद किया जा सकता है कि इस ऐतिहासिक साबित हो चुके व्याख्यान के एक दिन पहले क्या हुआ था ! एक युद्ध विरोधी प्रदर्शन में शामिल होने के चलते उन्हें संघीय पुलिस ने गिरफ्तार किया था और हॉवर्ड जिन को कहा गया था कि वह अगले दिन अदालत में हाजिर हों।

सवाल यह था कि क्या वह दूसरे ही दिन अदालत के सामने हाजिर हों, जहां उन्हें चेतावनी मिलेगी और फिर घर जाने के लिए कहा जाएगा या वह बाल्टिमोर जाने के अपने निर्णय पर कायम रहें, रैडिकल छात्रों ने उनके लिए जो निमंत्रण भेजा था उसका सम्मान करें और उसके अगले दिन अदालत के सामने हाजिर हों। यह जाहिर था कि इस हुक्मउदूली के लिए उन्हें कम से कम कुछ दिन/महिने सलाखों के पीछे जाना होगा।

जिन ने बाल्टिमोर जाना ही तय किया, जहां उन्होंने अपना भाषण दिया - जिसकी छात्रों एवं अध्यापकों में जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई और वह लौट आए और अगले ही दिन अदालत के सामने हाजिर हुए और जैसा कि स्पष्ट था कि उन्हें कुछ सप्ताह के लिए जेल भेजा गया।

जब-जब हाल के समयों में दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतंत्र में 'बुलडोजर न्याय' की परिघटना सामने आयी है, तब-तब जिन के इस उदबोधन की प्रासंगिकता बढ़ती दिखती है।

न्याय के 'वाहक' के तौर पर बुलडोजर के इस रूपांतरण की परिघटना का अब सामान्यीकरण हो चला है। बुलडोजर के माध्यम से जारी इस ध्वस्तीकरण अभियान में फिलवक्त मध्यप्रदेश के छतरपुर में कांग्रेस नेता हाजी शहजाद अली के मकान का प्रसंग सूर्खियों में है। यह अभी भी अस्पष्ट है कि किस के आदेश पर यह विशाल मकान ध्वस्त किया गया ? आखिर किस कानून के तहत पुलिस और प्रशासन को यह अधिकार मिल जाता है कि वह भारत के एक नागरिक के बुनियादी अधिकारों पर इस तरह हमला करे। आखिर कब से ऐसा कोई निर्माण - जिसका नक्शा संबंधित अधिकारियों ने पास नहीं किया हो - उसे इस तरह आनन फानन तबाह किया जाता है, जबकि इस मामले में लंबी प्रक्रिया चलती है, अदालत या संबंधित विभाग कुछ जुर्माना करते है या अधिक से अधिक विवादित मकान का एक हिस्सा गिरा देते हैं।



सुभाष गाताडे

> लोकसभा चुनावों के नतीजों के ऐलान के महज एक सप्ताह के अंदर, आदिवासीबहुल मांडला जिले में सरकारी जमीन पर बने अल्पसंख्यक समुदाय के 11 मकानों को इन आरोपों के तहत ध्वस्त किया गया कि वहां से 'बीफ का अवैध व्यापार' चलता था। ऐसा दिख रहा था कि 'पुलिस/प्रशासन ने अब झुंड का काम' अपने हाथ में लिया है. जहां अब राज्य द्वारा निशानदेही पर किए जाने वाले अत्याचार अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंसा को वैधता प्रदान कर रहे हैं।

इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि इन ध्वस्तीकरणों को 'भाजपा शासित राज्यों में होने वाली घटनाओं में अब अपवाद नहीं कहा जा सकता।

लोकसभा चुनावों के नतीजों के ऐलान के महज एक सप्ताह के अंदर, आदिवासीबहुल मांडला जिले में सरकारी जमीन पर बने अल्पसंख्यक समुदाय के 11 मकानों को इन आरोपों के तहत ध्वस्त किया गया कि वहां से 'बीफ का अवैध व्यापार' चलता था। ऐसा दिख रहा था कि 'पुलिस/प्रशासन ने अब झुंड का काम' अपने हाथ में लिया है. जहां अब राज्य द्वारा निशानदेही पर किए जाने वाले अत्याचार अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंसा को वैधता प्रदान कर रहे हैं।

ध्यान रहे कि यह मसला मध्य प्रदेश या किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है, यह सिलसिला भाजपा शासित राज्यों में आम है। तयशुदा बात है कि किसी खास तबके/समुदाय के खिलाफ बदले की भावना से ऐसी कार्रवाई या हिंसा को महज कानूनी शब्दावली में या उसकी कथित कमियों की बात करके समझा नहीं जा सकता।

इतिहास हमें हिटलर के जर्मनी में बने न्यूरेम्बर्ग कानूनों /1935/ के बारे में बताता है जिसने नात्सीहुकूमत के लिए यह बेहद आसान बनाया कि वह यहुदियों के साथ भेदभाव को नीतिगत तौर पर अंजाम दे और उसने जर्मनी में सामीविरोध का भी संस्थाकरण किया जिसकी परिणति नस्लीय सफाये में हुई। ऐसी परिस्थिति, एक तरह से उनके अंदर के अल्पसंख्यक समुदाय को सभी अधिकारों से वंचित करती है और उन्हें बहुसंख्यक समुदाय की दया पर छोड़ देती है। हम ऐसी स्थिति से भी रूबरू हो सकते है जहां औपचारिक तौर पर ऐसे भेदभावजनक कानून अस्तित्व में नहीं है, मगर विभिन्न ऐतिहासिक और अन्य कारणों से ऐसे भेदभाव जनक या पूर्वाग्रह पूर्ण व्यवहार अधिकाधिक सामान्य होते जाते हैं।

जब प्रशासन पूर्वागहपूर्ण व्यवहार को अंजाम देता है और नागरिक समाज भी 'कानून के राज के इस खुल्लमखुला उल्लंघन को लेकर समझौताजनक रूख अख्तियार करता है तब अमन एवं इन्साफ के प्रति सरोकार रखने वाले नागरिकों और आदर्शवादी युवकों के सामने क्या रास्ता बचता है ! शायद अब वक्त की मांग है कि वह अधिक सर्जनात्मक और प्रेरणादायी समाधान की तरफ बढ़ने की कोशिश करें।

आज की तारीख में जब गाज़ा में और अन्य फिलिस्तीनीबहुल इलाकों में इस्त्राएली सेना जिस 'नस्लीय सफाये' को अंजाम दे रही है, तब यह जानना काफी प्रेरणादायी हो सकता है कि इन्हीं कठिन परिस्थितियों में इस्त्राएली युवाओं का एक छोटा सा ही हिस्सा पश्चिमी तट में सामने आ रही नस्लीय सफाये की घटनाओं को रोकने के लिए अपने आप को झोंक रहा है।

वैसे वे प्रख्यात युवा क्रांतिकारी रैशेल कोरी की शहादत से भी सीख सकते हैं, जिसने बमुश्किल 23 साल की उम्र में उस वक्त अपनी शहादत दी जब इस्त्राएली टैंक दक्षिण गाज़ा में एक फिलिस्तीनी मकान को तबाह करने के लिए आगे बढ़ रहे थे।

अमेरिका में पढ़ाई कर रही रैशेल- फिलिस्तीनी और अंतरराष्ट्रीय शांति कार्यकर्ताओं के समूह की सदस्य थी, जिनकी कोशिश थी कि

" वह फिलिस्तीनी संपत्ति को तबाह करने के इस्त्राएली सरकार के अभियान को रोकें। उस दिन वह राफाह शरणार्थी शिविर में इस कोशिश में जमा थे कि खुद मानवीय ढाल बनेंगे और ध्वंसीकरण को रोकेंगे, जब इस्त्राएली दस्ते दो भाइयों - खालिद और समीर नसरल्लाह - के मकानों को ध्वस्त करने के लिए पहुंचने वाले थे।

रैशेल के इस अनोखी शहादत के दुनिया भर में चर्चे चले। इस बात को भी रेखांकित किया जाना चाहिए कि रैशेल की शहादत के बाद दो अन्य शांति कार्यकर्ता इसी तरह फिलिस्तीनी मकानों को बचाने के प्रयास में आत्माहुति दिए।

बीस साल से अधिक वक्त गुजर चुका है जब रैशेल और अन्य शांति कार्यकर्ता शहीद हुए। आज जब हमारे मुल्क में बुलडोजर /अ/न्याय का सामान्यीकरण हो चला है और संवैधानिक संस्थाएं भी इस मामले में औपचारिक कार्रवाई के आगे कदम नहीं उठाती दिख रही हैं, ऐसे समय में जनमानस को जगाने के लिए, उन्हें प्रेरित करने के लिए वे सभी जो न्याय, अमन और प्रगति के हक़ में हैं, उन्हें नयी जमीन तोड़ने की जरूरत है। जनमानस को यह भी बताने की जरूरत है, जिसकी तरफ हावर्ड जिन्न ने अपनी तकरीर में आवाज़ बुलंद की थी ओर समझाया था कि 'हमारी समस्या नागरिक आज्ञाकारिता है।' हमारी समस्या यही है कि दुनिया भर के तमाम लोगों ने अपनी सरकारों के नेताओं के फरमानों को चुपचाप सुना है और वह युद्ध में जुट गए हैं, और लाखों लोग इसी आज्ञाकारिता के कारण मर भी गए हैं। हमारी समस्या है 'आल क्वाइट आन द वेस्टर्न फ्रेंट का वह दृश्य, जब स्कूली छात्र युद्ध में शामिल होने के लिए कतारबंद हो रहे हैं। हमारी समस्या है कि भूखमरी और गरीबी तथा जाहिलपन के आलम में , युद्ध और क्रूरता के बीच दुनिया भर में लोग आज्ञाकारी हैं। हमारी समस्या है कि जबकि जेलें मामूली चोरों से भरी पड़ी हैं और बड़े बड़े चोर डकैत सरकारें चला रहे हैं। हमारी यही समस्या है। हम नात्सी जर्मनी की इस समस्या को समझते हैं। हम जानते हैं कि वहां भी समस्या आज्ञाकारिता की थी, वहां भी लोग हिटलर के प्रति आज्ञाकारी थे, वह सरासर गलत था। उन्हें चाहिए था कि वह चुनौती देते और प्रतिरोध करते और अगर हम उन दिनों वहां होते तो तय बात है कि हम अपने प्रतिरोध से उन्हें दिखा भी देते।

# शीर्ष अदालत के हाल के फैसले देते हैं न्यायिक दृष्टिकोण में एक सूक्ष्म बदलाव का संकेत

■ के रवींद्रन

दिल्ली के मंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य लोगों को दिल्ली आबकारी नीति के संदर्भ में मनी लॉन्डरिंगऔर इसी तरह के अन्य मामलों में जमानत देने वाले सर्वोच्च न्यायालय के हालिया फैसले न्यायपालिका द्वारा मनीलॉन्ड्रिंग के आरोपों, खासकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा लगाये गये आरोपों के प्रति दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाते हैं। ये फैसले न केवल न्यायिक दृष्टिकोण को उजागर करते हैं बल्कि जमानत और हिरासत के सिद्धांतों के बारे में अदालत के व्यापक रुख पर भी प्रकाश डालते हैं।

सिसोदिया के मामले ने उनके हाई-प्रोफाइल स्वभाव और उनके खिलाफ आरोपों की गंभीरता के कारण बहुत ध्यान आकर्षित किया है। जमानत देने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को अदालत के दृष्टिकोण में एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में वर्णित किया गया है, जो धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जमानत शर्तों की अधिक सूक्ष्म व्याख्या की ओर बदलाव को दर्शाता है।

यह दृष्टिकोण और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब इसे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी प्रेम प्रकाश जैसे प्रमुख राजनीतिक हस्तियों से जुड़े समान मामलों के साथ देखा जाता है। दोनों पर मनीलॉन्डरिंग के आरोप हैं और उनकी कानूनी लड़ाई अदालत के बदलते रुख को समझने के लिए एक तुलनात्मक दृष्टिकोण प्रदान करती है।

> न्यायालय के दृष्टिकोण के इन पहलुओं के बीच मौलिक कानूनी सिद्धांतों को बनाये रखने की अनिवार्यता के साथ मनी लॉन्डरिंग से निपटने की आवश्यकता को संतुलित करने की जटिलताओं को उजागर करते हैं। यह इन हितों को समेटने के लिए चल रहे प्रयास को भी दर्शाता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि गंभीर वित्तीय अपराधों को संबोधित करते समय कानूनी प्रक्रिया निष्पक्ष और न्यायसंगत बनी रहे।

सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आपराधिक न्याय में एक महत्वपूर्ण सिद्धांत पर जोर देता है: जमानत नियम होनी चाहिए, अपवाद नहीं। यह सिद्धांत व्यापक न्यायिक दर्शन के साथ संरेखित होता है कि मुकदमे से पहले हिरासत का उपयोग संयम से और केवल असाधारण परिस्थितियों में किया जाना चाहिए। यह रेखांकित करता है कि निर्दोषता की धारणा का सम्मान किया जाना चाहिए और जमानत तब तक दी जानी चाहिए जब तक कि इसे अस्वीकार करने के लिए बाध्यकारी कारण न हों।

सिसोदिया के मामले में, न्यायालय ने आरोपों की प्रकृति और ईडी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य की जांच की और इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि उनकी लंबी हिरासत उनके त्वरित सुनवाई के अधिकार से वंचित करने के बराबर है क्योंकि न्यायालय ने कहा कि भविष्य में सुनवाई पूरी होने की दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। इसने इस बात पर सावधानीपूर्वक विचार किया कि प्रस्तुत साक्ष्य निरंतर हिरासत को उचित ठहराते हैं या नहीं। यह पीएमएलए के तहत मामलों में पहले अपनाये गये अधिक सख्त दृष्टिकोण से अलग है, जहां ईडी द्वारा आरोपों की गंभीरता के दावे के आधार पर अक्सर हिरासत को लंबा किया जाता था।

पीएमएलए मामलों में सर्वोच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणियां इस फैसले के लिए और भी संदर्भ प्रदान करती हैं। उल्लेखनीय रूप से, न्यायालय ने पुलिस हिरासत के दौरान प्राप्त किये गये इकबालिया बयानों की स्वीकार्यता की जांच की है। हाल के एक मामले में, न्यायालय ने फैसला सुनाया कि एक विशेष मामले में इस तरह के इकबालिया बयानों का इस्तेमाल दूसरे मामले में सुबूत के तौर पर उपयोग नहीं किया जा सकता है, जिससे अभियुक्तों के अधिकारों की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के महत्व पर बल मिलता है कि सुबूत वैध तरीकों से प्राप्त किये जायें।

हाल के फैसले एक व्यापक न्यायिक प्रवृत्ति के अनुरूप हैं, जो यह सुनिश्चित करने की दिशा में हैं कि कानूनी प्रक्रिया निष्पक्षता और उचित प्रक्रिया के सिद्धांतों का पालन करती है। स्वीकारोक्ति की स्वीकार्यता और जमानत की शर्तों पर न्यायालय का ध्यान इन सिद्धांतों को बनाये रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, यहां तक कि महत्वपूर्ण वित्तीय अपराधों से जुड़े जटिल और हाई-प्रोफाइल मामलों में भी। यह विशेष रूप से उस संदर्भ में महत्वपूर्ण है, जब एजेंसी सत्तारूढ़ पार्टी के लिए राजनीतिक उपकरण की तरह काम कर रही हो।

2002 में अधिनियमित पीएमएलए को मनी लॉन्डरिंग से निपटने और यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया था कि आपराधिक गतिविधियों से होने वाली आय को कम किया जाये। हालांकि, राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ उनके उपयोग के लिए इसके कड़े प्रावधानों की आलोचना की गयी है। कानून संपत्तियों की कुर्की, बिना जमानत के गिरफ्तारी और लंबी हिरासत की अनुमति देता है, जिसका इस्तेमाल व्यक्तियों या समूहों को परेशान करने और राजनीतिक रूप से कमजोर करने के लिए किया जा सकता है।

हाल के वर्षों में, ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां ईडी ने विपक्षी दलों या प्रतिद्वंद्वी राज्य सरकारों के राजनेताओं को निशाना बनाया है। हाई-प्रोफाइल मामलों में विभिन्न दलों के नेता शामिल रहे हैं, और इन कार्रवाइयों का समय अक्सर महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षणों या चुनावों के साथ मेल खाता है, जिससे आरोप लगते हैं कि ईडी सत्तारूढ़ पार्टी के इशारे पर काम कर रहा है।

मनी लॉन्डरिंगकी जांच और मुकदमा चलाने के लिए एजेंसी के व्यापक अधिकार क्षेत्र के बावजूद, पीएमएलए के तहत दोषसिद्धि की दर उल्लेखनीय रूप से कम है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, पंजीकृत हजारों मामलों में से, दोषसिद्धि की दर 10 प्रतिशत से कम है, जो दोषसिद्धि सुनिश्चित करने में एक प्रणालीगत चुनौती का सुझाव देती है, जो जांच प्रक्रिया की प्रभावकारिता और निष्पक्षता पर सवाल उठाती है।

इस तरह के दुरुपयोग पर अदालत की वास्तविकता की जांच विशेष रूप से महत्वपूर्ण है और यह दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत दे सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने पहले प्रत्येक मामले में गिरफ्तारी के लिए विस्तृत आधार प्रस्तुत किये बिना व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के ईडी के अधिकार को बरकरार रखा था। हालांकि, नये फैसले इन शक्तियों के अधिक सूक्ष्म अनुप्रयोग का सुझाव देते हैं, जो प्रत्येक मामले की बारीकियों पर विचार करने वाले संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल देते हैं।

न्यायालय के दृष्टिकोण के इन पहलुओं के बीच मौलिक कानूनी सिद्धांतों को बनाये रखने की अनिवार्यता के साथ मनी लॉन्डरिंग से निपटने की आवश्यकता को संतुलित करने की जटिलताओं को उजागर करते हैं। यह इन हितों को समेटने के लिए चल रहे प्रयास को भी दर्शाता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि गंभीर वित्तीय अपराधों को संबोधित करते समय कानूनी प्रक्रिया निष्पक्ष और न्यायसंगत बनी रहे।

## आपके पत्र

### बाल विवाह की बुराई से मुक्त नहीं हुआ है गांव

हमारे देश में सामाजिक स्तर पर कुछ बुराईयां और कुरीतियां ऐसी हैं जिसने गहराई से समाज में अपनी जड़ें जमा रखी हैं। यह न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य में भी विकास की प्रक्रियाओं को भी प्रभावित करता है। इनमें सबसे प्रमुख बाल विवाह है। आज भी देश के कई ऐसे राज्य हैं जहां ग्रामीण स्तर पर बाल विवाह जैसी बुराई देखने और पढ़ने को मिल जाती है। इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव किशोरियों के जीवन पर पड़ता है। इससे न केवल उनका शैक्षणिक बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास भी रुक जाता है। सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े कुछ समुदायों में अभी भी बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई देखने को मिल जाती है। इनमें राजस्थान के अजमेर जिला स्थित नाचनबाड़ी गांव में आबाद कालबेलिया समुदाय भी है। जहां कम उम्र में ही लड़कियों की शादी की परंपरा अभी भी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है।

नाचनबाड़ी अजमेर शहर से पांच किमी दूर घूघरा पंचायत में स्थित है। लगभग 500 की आबादी वाले इस गांव में कालबेलिया समुदाय की बहुलता है। आर्थिक और सामाजिक रूप से यह समुदाय अभी भी विकास नहीं कर पाया है। सरकार द्वारा इस समुदाय को अनुसूचित जनजाति समुदाय के रूप में मान्यता मिली हुई है। इस संबंध में गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका इंदिरा बाई कहती हैं कि कालबेलिया समुदाय में बाल विवाह होने के बहुत सारे कारण हैं. एक ओर जहां समुदाय में अभी भी जागरूकता की कमी देखी जा सकती है वहीं दूसरी ओर गांव में हाई स्कूल की कमी भी एक कारण है। नाचनबाड़ी में केवल एक प्राथमिक विद्यालय है, जहां पांचवीं तक पढ़ाई होती है। इसके आगे दो किमी दूर घूघरा जाना पड़ता है। जहां अधिकतर अभिभावक लड़कियों को नहीं भेजते हैं इसलिए गांव में पांचवीं से आगे लड़कियों की पढ़ाई छुड़वा दी जाती है। यदि गांव में ही दसवीं तक स्कूल बन जाए तो न केवल बालिका शिक्षा का ग्राफ बढ़ेगा बल्कि शिक्षा की इस जागरूकता के कारण बाल विवाह भी रुक सकता है।

यूनिसेफ इंडिया की वेबसाइट के अनुसार अनुमानित तौर पर भारत में प्रत्येक वर्ष 18 साल से कम उम्र में करीब 15 लाख लड़कियों की शादी होती है जिसके कारण भारत में दुनिया की सबसे अधिक बाल वधुओं की संख्या है, जो विश्व की कुल संख्या का तीसरा भाग है। 15 से 19 साल की उम्र की लगभग 16 प्रतिशत लड़कियां शादीशुदा हैं। हालांकि एक अच्छी बात यह है कि साल 2005-06 से 2015-16 के दौरान 18 साल से पहले शादी करने वाली लड़कियों की संख्या 47 प्रतिशत से घटकर 27 प्रतिशत रह गई है, पर यह अभी भी अत्याधिक है।

इस संबंध में समुदाय की 22 वर्षीय कंचन (नाम परिवर्तित) कहती हैं कि '14 साल की उम्र में मेरी शादी हो गई थी। 16 वर्ष की उम्र में मां बन गई। घर और ससुराल दोनों ही आर्थिक रूप से कमज़ोर था. इसलिए कभी पौष्टिक आहार उपलब्ध नहीं हो पाया। इस उम्र तक तीन बच्चे हो चुके हैं।'

वह कहती है कि हर समय शरीर में कमज़ोरी का एहसास होता है लेकिन इसी हालत में घर का सारा काम करना होता है और बच्चों की देखभाल भी करनी होती है। कंचन कहती है कि उसके पति स्थानीय मार्बल फैक्ट्री में पत्थर कटिंग का काम करते हैं। उन्हें मिलने वाले पैसों से घर में राशन का पूरा इंतेज़ाम नहीं हो पाता है। हालांकि आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाले आहार और आशा वर्कर द्वारा सेहत की नियमित जांच से गर्भावस्था के दौरान उसे काफी लाभ हुआ था।

**जगत सिंह, अजमेर, राजस्थान**



## ललित सुरजन की कलम से

### काली कमाई के कुछ ठिकाने

*'क्या यह सोचना गलत है कि भ्रष्टाचार का, कालेधन के उत्पादन का मुख्य स्रोत तो सरकारी दफ्तर ही है। यह सच है कि ताली एक हाथ से नहीं बजती, लेकिन ताली बजाने के लिए हाथ पहिले कौन बढ़ाता है? अगर रिश्वत देने वाले ने पहल की है तो लेने वाले अपना हाथ खींच क्यों नहीं लेते? अंग्रेजों के समय में भी बड़े लाट, छोटे लाट, कलेक्टर, एसपी, सबके बंगलों पर दीवाली-ईद डालियाँ पहुंचती थीं। वे आज भी बदस्तूर जारी हैं। यह हमारी व्यवस्था है जिसमें एक ईमानदार व्यक्ति भी बेईमान की संपत्ति की रक्षा करने तैयार हो जाता है। प्रेमचंद की कहानी 'नमक का दारोगा' याद कीजिए। देश को स्वाधीनता मिलने के बाद जो नवनिर्माण का महत्तर काम प्रारंभ हुआ, जब नए-नए कल-कारखाने, बांध-पुल और सडक़ें बनाना प्रारंभ हुआ, अनेकानेक विकास योजनाएं प्रारंभ हुई, उसके चलते देश की नौकरशाही, लालफीताशाही और अधिक शक्तिशाली हुई। जिन लोगों ने स्वाधीनता के लिए अपना जीवन होम कर दिया, जिन्होंने नए भारत का सपना दिखाया, वे तो समय के साथ इतिहास के पन्नों में खो गए। उनके बाद राजनेताओं, नौकरशाहों और ठेकेदारों की नई पीढ़ी आई, उसके सामने पैसा कमाने के सिवाय और कोई वृहत्तर लक्ष्य नहीं था। नरेन्द्र मोदी क्या इस दारुण सच्चाई से अवगत नहीं हैं? वे तो संघ के कार्यकर्ता रह चुके हैं। फिर उन्होंने काले धन की इस खदान को बंद करने के बारे में क्यों विचार नहीं किया?'*

**(देशबन्धु में 08 दिसम्बर 2016 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/12/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा

विचार और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अत: प्रज्ञा होती है और यह सिद्धांत तथा अंत: विचारधारा जनमानस तक पहुंच कर अंतरात्मा को प्रभावित करती है और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीनकाल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।

विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी कि सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति के विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला न रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई को वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थायी बनी रहे। चीन, उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्रता के प्रवाह को बाधित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

किसी स्वस्थ, स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के जोरदार झटके

**पोर्ट मोरेस्बी,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। पापुआ न्यू गिनी के पंगुना से 57 किलोमीटर दक्षिण में सोमवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक सोमवार को स्थानीय समयानुसार 06:13:34 बजे महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.4 मापी गई। भूकंप का केंद्र 41.0 किमी की गहराई में 6.839 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 155.517 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली के अनुसार भूकंप के कारण सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। अधिकारियों द्वारा हताहतों या क्षति की कोई तत्काल रिपोर्ट जारी नहीं की गई है।

# इजरायल-हमास युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप देने में जुटे वार्ताकार

**तेल अवीव,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम के लिए जारी कई दौर की परोक्ष वार्ता में शामिल अमेरिका, कतर और मिश्र युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं।

गाजा में हमास के उग्रवादियों द्वारा छह इजरायली बंधकों की नृशंस हत्या के बाद अमेरिका ने युद्ध विराम समझौते के प्रारूप को जल्द अंतिम रूप देने के लिए दबाव बनाना शुरू किया है। मारे गए बंधकों के शवों के पोस्टमार्टम में पता चला है कि उन्हें नजदीक से कई बार गोली मारी गई थी। इन बंधकों के शव कई दिन बाद गाजा में इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) द्वारा बरामद किए गए थे। इजरायली मीडिया के मुताबिक, अमेरिका के वार्ताकारों ने कतर और मिस्र से युद्ध विराम समझौता जल्दी करने के लिए कहा है। इजरायली मीडिया में यह भी कहा जा रहा है कि हमास और इजरायल के बीच युद्ध विराम और बंधकों की रहाई के प्रावधान वाले इस समझौते का अंतिम प्रारूप तैयार कर लिया गया है।



■ नेतन्याहू पर सीजफायर समझौते को लागू करने व बंधकों को छुड़ाने का बढ़ रहा दबाव

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी पक्ष मध्यस्थता वार्ता में नए सिरे से तेजी लाना चाहता है, क्योंकि मारे गए छह बंधकों में से एक इजरायली अमेरिकी नागरिक हैरिस गोल्डबर्ग-पोलिन भी है। दोहा और काहिरा में हुई शांति वार्ता की अध्यक्षता करने वाले अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के निदेशक विलियम बर्न्स ने प्रस्ताव को अंतिम रूप देने के लिए अगले दौर की वार्ता जल्द आयोजित करने के लिए इजरायली सरकार से पहले ही कह दिया है।

इसके बाद नेतन्याहू पर सीजफायर समझौते को लागू करने और हमास की कैद से बंधकों को छुड़ाने का दबाव बढ़ रहा है। इजरायल और हमास के बीच पिछले साल नवंबर से जारी संघर्ष में छह बंधकों के शव मिलने के बाद पूरे इजरायल में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए और इजरायली सरकार पर बंधकों को मुक्त कराने के लिए हमास के साथ युद्ध विराम समझौता करने के लिए दबाव बढ़ रहा है।

### इजरायली हवाई हमले में 10 लोगों की मौत

**गाजा।** इजरायली सेना ने रविवार को गाजा पट्टी के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए। इन हमलों में 10 लोग मारे गए हैं, जबकि कई लोगों के घायल होने की खबर है। फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने इजरायली हमलों की पुष्टि की है। फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों के हवाले से बताया गया कि गाजा शहर के सफद स्कूल पर हवाई हमला किया गया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, इस स्कूल को विस्थापितों के शेल्टर के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। इजरायली हमले में छह फिलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों लोग घायल हो गए। फिलिस्तीनी सिविल डिफेंस एजेंसी ने बताया कि इजरायल की चेतावनी के बाद स्कूल को खाली करा लिया गया था। इस बीच, इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने दावा किया कि स्कूल में हमास का कमांड और नियंत्रण केंद्र था। फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, एक अन्य हमले में मध्य गाजा के एक शहर डेयर अल-बलाह को ड्रोन से निशाना बनाया गया। एक नागरिक वाहन पर हुए हमले में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हालांकि, आईडीएफ ने इस हमले को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है।

## न्यूजीलैंड में 'बर्ड ऑफ द ईयर' खिताब के लिए मतदान शुरू

**वेलिंगटन,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के लोगों ने सोमवार को 2024 के 'बर्ड ऑफ द ईयर' खिताब के लिए मतदान शुरू कर दिया, जो देशी पक्षियों के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वार्षिक कार्यक्रम है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, न्यूजीलैंड के स्वतंत्र वन्यजीव संरक्षण संगठन और कार्यक्रम के आयोजक फॉरेस्ट एंड बर्ड के अनुसार, न्यूजीलैंड के 80 प्रतिशत से अधिक देशी पक्षी खतरे में हैं या विलुप्त होने की कगार पर हैं। दो सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान में कीवी लोगों से अपने पंसदीदा पांच पक्षियों के लिए वोट करने की अपील की गई है। वहीं विजेता की घोषणा 16 सितंबर को की जाएगी।



■ बर्ड ऑफ द ईयर वेबसाइट पर डाले जा सकते हैं वोट

बर्ड ऑफ द ईयर वेबसाइट पर वोट डाले जा सकते हैं। फॉरेस्ट एंड बर्ड की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कुल 74 पक्षियों की सिफारिश 60 स्वयंसेवी अभियान प्रबंधकों ने हस्ताक्षर कर की है। फॉरेस्ट एंड बर्ड की 100वीं वर्षगांठ मनाने के लिए 2023 में वार्षिक बर्ड ऑफ द ईयर प्रतियोगिता को अस्थायी रूप से 'बर्ड ऑफ द सेंचुरी' घोषित किया गया था। पुटेकेटेके ऑस्ट्रेलियन क्रेस्टेड ग्रीब्ज ने 2023 में शताब्दी का पक्षी का खिताब जीता था। इस साल के मतपत्र में नया नाम एडेली पेंगुइन का है, जिसे अंटार्कटिका न्यूज़ीलैंड का समर्थन प्राप्त है। एडेली की वैश्विक आबादी का एक-तिहाई से अधिक न्यूजीलैंड के अंटार्कटिका स्थित रॉस सागर क्षेत्र में रहता है। अंटार्कटिका न्यूज़ीलैंड की एनी रॉबर्टसन ने कहा कि ये पेंगुइन न केवल सबसे प्यारे टक्सीडो वाले हैं, बल्कि विज्ञान के अनमोल राजदूत भी हैं। वे हमें हमारी जलवायु और अंटार्कटिक पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में बहुत कुछ बता सकते हैं। एडेली पेंगुइन को 2019 बर्ड ऑफ द ईयर विजेता होइहो, पीली आंखों वाले पेंगुइन से कड़ी चुनौती मिलेगी।

## सुडोकू 6665

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | | | | |
| 7 | | | | 1 | 4 | | 8 | |
| 6 | | | | | | | | |
| 1 | 8 | | | 4 | | | 5 | |
| 2 | | | 1 | | 5 | | | 6 |
| | 9 | | | 8 | | | 2 | 3 |
| | | | | | | | | 2 |
| | 1 | | 4 | 5 | | | | 9 |
| | | | | | 7 | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 3 सितम्बर , 2024 भाद्र शुक्ल पक्ष 1**

### राशिफल

मेष - आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर अंकुश रखने की आवश्यकता है। आप परिश्रम करेंगे, लेकिन उसका उचित फल नहीं मिलने से निराशा का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

वृषभ - आज आपको बहुत से काम में सफलता मिलेगी। आपका आत्मविश्वास बहुत ज्यादा रहेगा। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में बनी रहेगी। सरकारी कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। संतान के पीछे अधिक पैसे खर्च होगा।

मिथुन - दिन का आरंभ ताजगी से भरा होगा। आपकी किस्मत आपका साथ देगी। सतत बदलते विचार से निर्णय लेने में अस्वस्थता महसूस कर सकते हैं। नए काम शुरू कर सकेंगे।

कर्क - आज आपको मानसिक भय परेशान करेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव हो सकता है। आपका अभिमान किसी के दिल को चोट पहुंचा सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर सकेंगे।

सिंह - आत्मविश्वास में वृद्धि होने से आप तेजी से निर्णय लेकर प्रगति की ओर बढ़ेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपके उग्र व्यवहार और वाणी के कारण किसी के साथ मतभेद हो सकता है। पिता या बुजुर्ग से कोई लाभ होगा।

कन्या - शारीरिक तथा मानसिक रुप से आपको बेचैनी रहेगी। आपके इगो के कारण किसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अचानक गलत जगह धन खर्च हो सकता है। वैवाहिक जीवन में मतभेद होने की आशंका बनी रहेगी।

तुला - आपके वैवाहिक जीवन में सुख- शांति रहेगी और आय में वृद्धि होगी। नौकरी और व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल रहेगी। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। परिजनों और मित्रों के साथ खुशी के पल गुजार सकेंगे।

वृश्चिक - आपका सभी काम सफलतापूर्वक पूरा होंगे। वैवाहिक जीवन में संतोष और खुशी का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बड़े अधिकारी और बुजुर्गों के आशीर्वाद आपके साथ रहेगा।

धनु - कोई भी कदम आपको खतरे में डाल सकता है, इसलिए सावधान रहने की जरूरत है। आज किसी भी काम को करने में उत्साह नहीं रहेगा। तन-मन में चिंता और डर रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में कठिनाई आ सकती है।

मकर - आज आपको नकारात्मकता से दूर रहने की सलाह दी जाती है। अचानक खर्च आ सकता है या बीमारी के उपचार के पीछे खर्च हो सकता है। व्यापार में भागीदारों के साथ मतभेद हो सकता है।

कुंभ - आज का दिन आप घूमने-फिरने और मनोरंजन में व्यतीत करेंगे। पारिवारिक सदस्यों और मित्रों के साथ कहीं भोजन करेंगे। आपको अच्छे वस्त्राभूषण और वाहन की प्राप्ति हो सकती है।

मीन - आपके दैनिक कार्य निर्विघ्न रूप से पूरे हो जाएंगे। आपके घर का माहौल सुख-शांतिवाला रहेगा। आपको अपने क्रोधी स्वभाव पर अंकुश रखना पड़ेगा। आप अपने विरोधियों पर विजय प्राप्त करेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अमेरिका के हवाई में गोलीबारी चार की मौत, दो घायल

**लॉस एंजेल्स**, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका में हवाई प्रांत के होनोलुलु काउंटी में हुई गोलीबारी में एक संदिग्ध सहित चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हुए हैं। होनोलुलु के पुलिस विभाग ने रविवार को बताया कि यह घटना शनिवार को स्थानीय समयानुसार रात 11:15 बजे घटित हुई। इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक वायनाए घाटी क्षेत्र से 911 नंबर कई बार फोन आया। फोन करने वालों ने बताया कि उनका पड़ोसी एक फ्रंट लोडर चला रहा है और उससे घरों और कारों को टक्कर मार रहा है। विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कई व्यक्ति कारपोर्ट (कार को पार्क करने की जगह) में थे और जब संदिग्ध ने गोलीबारी शुरू की, तो वे भाग गए या भागने की कोशिश की, जिससे पीड़ित घायल हो गए, उन्होंने कहा कि इसी दौरान एक 42 वर्षीय पुरुष निवासी ने संदिग्ध को से गोली मार दी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, संदिग्ध को गोली मारने वाले निवासी को दूसरे दर्जे की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। विभाग ने पहले एक फेसबुक पोस्ट में कहा था, संदिग्ध सहित तीन व्यक्तियों को घटनास्थल पर मृत घोषित कर दिया गया। अन्य लोगों को अस्पताल ले जाया गया। कुछ घंटों बाद विभाग ने एक अद्यतन रिपोर्ट में जानकारी दी कि घायलों में से एक की मौत हो गई।



# फिलीपींस के खिलाफ चीन ने की आक्रामक कार्रवाई

**कैनबरा,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन ने दक्षिण चीन सागर में 19, 25 और 31 अगस्त को फिलीपींस के खिलाफ गोलीबारी की। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए चिंता व्यक्त की।

ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि ऑस्ट्रेलिया चीन की इस कार्रवाई की फिलीपींस की निंदा से सहमत है। इससे दक्षिण चीन सागर में तनाव और बढ़ेगा।

फिलीपींस ने 31 अगस्त को आरोप लगाया कि एक चीनी तट रक्षक जहाज ने जानबूझकर बीआरपी टेरेसा मैगबानुआ को टक्कर मारी। यह फिलीपींस तट रक्षक का सबसे बड़ा और सबसे आधुनिक जहाज है।

बयान में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार चीन से इन कार्रवाइयों को रोकने, विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने और विशेष रूप से समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) और समुद्र में टकराव की रोकथाम पर हुए समझौतों के पालन का आग्रह करती है।

सरकारी स्वामित्व वाली फिलीपीन समाचार एजेंसी (पीएनए) ने शनिवार को बताया कि चीनी तट रक्षक (सीसीजी) के जहाज 5205 ने बीआरपी-टेरेसा मैगबानुआ को कई बार टक्कर मारी। बीआरपी-टेरेसा मैगबानुआ को अप्रैल में एस्कोडा शोल में तैनात किया गया था, जो पलावन से लगभग 75 समुद्री मील दूर है। इसमें बताया गया कि टक्कर के कारण बीआरपी टेरेसा मैगबानुआ के ब्रिज विंग और फ्रीबोर्ड को क्षति पहुंची है। हालांकि चालक दल को कोई चोट नहीं आई।


कमोडोर जे टैरिएला के हवाले से कहा कि चीनी तटरक्षक बल का जहाज खतरनाक ढंग से बीआरपी टेरेसा मैगबानुआ के अगले हिस्से से सीधे टकरा गया।



■ घटना को लेकर कई देशों ने की तीखी आलोचना

# आईएस से अब इराक को कोई खतरा नहीं : शिया उल सुदानी

**बगदाद,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने कहा कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी समूह अब इराक के लिए खतरा नहीं है और आईएस समूह से लड़ने के लिए अमेरिकी नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय गठबंधन को खत्म करने के लिए बातचीत जारी है।



स्थानीय मीडिया ने बताया कि श्री अल-सुदानी ने इराक में अमेरिकी राजदूत अलीना एल. रोमानोव्स्की की उपस्थिति में इराक में आईएस के खिलाफ अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन के कमांडर मेजर जनरल केविन सी. लीही के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। बयान के मुताबिक, आईएस आतंकवादियों के गुट गिरोह में बदल गए हैं जिनकी इराकी सेना देश के दूरदराज के इलाकों में तलाश कर रही है।

इस बैठक में देश में गठबंधन के मिशन को समाप्त करने और मिशन को इराक और गठबंधन के सदस्य देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में स्थानांतरित करने के बारे में इराक और अमेरिका के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय गठबंधन के बीच तकनीकी बातचीत की प्रगति पर जोर दिया गया। चर्चा के दौरान इराकी सुरक्षा बलों के साथ प्रशिक्षण, विशेषज्ञता साझा करने और खुफिया सहयोग में चल रहे सहयोग पर भी चर्चा हुई।

25 जनवरी को, इराकी विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि इराक और अमेरिका इराक में अंतरराष्ट्रीय गठबंधन मिशन की समाप्ति की निगरानी के लिए उच्च स्तरीय सैन्य समिति स्थापित करने पर सहमत हुए हैं।

## ईरान व सीरिया ने किया द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने का आह्वान

**तेहरान**, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। ईरान के नए रक्षा मंत्री अजीज नसीरजादेह और उनके सीरियाई समकक्ष अली महमूद अब्बास ने रविवार को फोन पर बातचीत की और विस्तारित द्विपक्षीय सहयोग का आह्वान किया। समाचार आउटलेट डेफा न्यूज ने ईरानी रक्षा मंत्रालय का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।



कॉल के दौरान, श्री नसीरज़ादेह ने सीरिया की सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता के लिए ईरान के समर्थन की पुष्टि की और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों को लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

श्री अब्बास ने श्री नसीरज़ादेह को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी और ईरान के साथ मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सीरिया की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने सीरिया और ईरान की परस्पर सुरक्षा पर प्रकाश डाला और गाजा, सीरिया और यमन में इजरायली खतरों का मुकाबला करने में प्रतिरोध धुरी के प्रयासों की प्रशंसा की। डिफा न्यूज के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने गाजा में इसकी गतिविधियों सहित क्षेत्र में इजरायली कार्रवाई की निंदा की और इन कार्यों के खिलाफ पर्याप्त उपाय करने में विफल रहने के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों की आलोचना की।

## वर्ग पहेली 6665

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | |

**बाये से दायें:-**

१. देश के पूर्व प्रधानमंत्री जिनका जन्मदिवस फरवरी में चार वर्षों में एक बार आता है
३. गतिरोध
५. आकर्षक, उच्चकोटि का
६. किराया, भाड़ा (उर्दू)
७. पानी से भरा, सजल
९. निवासी (उर्दू)
१०. भारतीय सेना का एक अंग
१२. तबाही, बाढ़
१३. रक्तवाहिनी, नस, नाड़ी
१४. पुलिस का सिपाही
१६. और, एवं
१८. मुर्गा के सिर पर का आभूषण
२०. निपुणता
२१. आवश्यकता (उर्दू)
२३. टकराव, भिड़न्त

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौदेबाजी
२. लाल कमल
३. नाराज, ख़फा
४. भ्रम, भ्रांति, संशय (उर्दू)
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ज्यों का त्यों
१०. जीर्ण शीर्ण
११. नौकर, खिदमतगार
१२. नम्र, प्रार्थी
१३. धुला हुआ
१४. प्रार्थी
१५. सामर्थ्य, शक्ति
१७. थाली
१८. परिश्रमी
१९. सियार
२२. खुशी, मजा (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6664

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नौ | ज | २ ला | ध्य | ३ क्ष | ■ | ४ पा | की | ५ ज | गी |
| नि | ■ | व | ■ | ६ मा | हि | र | ■ | रू | ■ |
| ७ हा | सि | ल | ■ | या | ■ | ८ प | धा | र | ९ ना |
| ल | ■ | श्क | ■ | १० च | रि | त्र | ■ | ■ | व |
| ■ | ११ ब | र | १२ स | ना | ■ | ■ | १३ उ | त्क | च |
| ■ | चा | ■ | चे | ■ | १४ सं | जी | दा | ■ | ला |
| १५ न | व | १६ जा | त | ■ | प | ■ | १७ र | १८ ह | ना |
| व | ■ | दू | ■ | १९ खि | न्न | २० ता | ■ | सी | ■ |
| २१ ल | वं | ग | ■ | ल | ■ | २२ म | द | ना | २३ र |
| ता | ■ | २४ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | ण |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1650- इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच डनबर की लड़ाई।
1791- फ्रांस की नेशनल एसेंबली ने फ्रांसीसी संविधान को पारित किया।
1783- अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पेरिस की संधि के साथ युद्ध समाप्त हुआ।
1833- अमेरिका में पहली सफल समाचार पत्र 'न्यूयार्क सन' बेंजामिन एच डे के द्वारा शुरू किया गया।
1900 - रूसी सेना ने आमूर नदी पर नियंत्रण स्थापित किया।
1918- प्राचीन इस्लामी नगर दमिश्क़ पर ब्रिटेन की सेना का अधिकार हो गया।
1921- बेल्जियम में कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई।
1923- तबला वादक पंडित किशन महाराज का जन्म हुआ था।
1924- चीन में गृह युद्ध की शुरुआत हुई।
1939- जर्मनी के पोलैंड पर चढ़ाई करने के दो दिन बाद ब्रिटेन-फ्रांस ने उसके खिलाफ जंग का ऐलान किया।
1939 - ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविले चेम्बरलिन द्वारा एक रेडियो प्रसारण पर ब्रिटेन और फ्रांस का जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ।
1943- दूसरे विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों ने इटली पर हमला किया।
1943- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली ने हथियार डालने के समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1964- अमेरिकी अटॉर्नी जनरल रॉबर्ट केनेडी ने इस्तीफा दिया।
1971- कतर स्वतंत्र राष्ट्र बना।
1984- दक्षिण अफ्रीका ने संविधान अंगीकार किया।
1984- फिलिपीन्स में आये भयानक तूफान की वजह से करीब 1300 लोगों की मौत और सैकड़ों घायल।

**परेशानी** *ऑस्ट्रेलिया में शक्तिशाली तूफान का कहर*

# हजारों घरों की बिजली गुल, कई लोग गंभीर रूप से घायल

**सिडनी, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में सोमवार को आए शक्तिशाली तूफान की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को मामले की जानकारी दी। बताया देश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में शक्तिशाली तूफान आया था। बारिश के साथ चली तेज हवाओं के कारण विद्युत आपूर्ति भी ठप रही। ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य न्यू साउथ वेल्स के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। बताया कि सोमवार की सुबह खराब मौसम के कारण पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, एक अन्य व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया जिसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया।**

रविवार की रात तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण पूरे दक्षिण-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में काफी नुकसान हुआ। ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले राज्य विक्टोरिया में सोमवार सुबह 8 बजे तक 140,000 से अधिक घरों में बिजली नहीं थी। राज्य के कुछ हिस्सों में रविवार रात 146 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चल रही थी। यही नहीं, राज्य आपातकालीन सेवा को मदद के लिए 1,000 से अधिक कॉल प्राप्त हुए, जिसमें गिरे हुए पेड़ों से संबंधित 800 और नुकसान से संबंधित 200 कॉल आए।

मौसम विज्ञान ब्यूरो ने सोमवार को विक्टोरिया में तेज हवाओं के चलने का अंदेशा जताया है। साथ ही मंगलवार को स्थिति सामान्य होने का पूर्वानुमान लगाया है। हालांकि, मंगलवार को ओलावृष्टि और गरज के साथ छींटे भी पड़ सकते हैं।



इस बीच बिजली कंपनी यूनाइटेड एनर्जी ने चेतावनी दी है कि पूरे राज्य में बिजली बहाल करने में कई दिन लग सकते हैं। विक्टोरिया की ऊर्जा मंत्री लिली ने सोमवार सुबह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कुछ इलाकों में बिजली लाइनों की मरम्मत करना बहुत खतरनाक है।

## सूडान में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 173 हुई

**खार्तूम।** सूडान में जून माह से हुई भारी बारिश और बाढ़ से 173 लोगों की मौत हो गई है और 505 लोग घायल हो गए हैं। सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार, बाढ़ से सूडान के 18 राज्यों में से 11 प्रभावित हुए हैं और इसके कारण 18,665 घर नष्ट हो गए और 14,947 अन्य क्षतिग्रस्त हुए हैं। मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़ से 170,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। कसाला राज्य में गश नदी से आई बाढ़ ने कृषि भूमि और घरों को काफी नुकसान पहुंचाया है। पोर्ट सूडान में 25 अगस्त को अरबात बांध के ढहने से संकट और बढ़ गया, जिसके कारण कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई और बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान हुआ।

## दुनिया को जानें

### किडनी की दवा हार्ट अटैक वालों के लिए भी बेहतर : शोध

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय मूल के एक व्यक्ति के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम के किए गए शोध में यह बात सामने आई है कि किडनी की बीमारी में इस्तेमाल की जाने वाली दवा को मायोकार्डियल इन्फक्शन (दिल के दौरे) वाले मरीजों को दिया जा सकता है। माउंट सिनाई फस्टर हार्ट हॉस्पिटल के नेतृत्व वाली टीम ने शोध में बताया कि एम्पाग्लिफ्लोज़िन नामक दवा दिल का दौरा पड़ने के बाद हार्ट फेलियर के मामलों को कम कर सकती है। यह दवा उन मरीजों पर भी काम करती है जिनके गुर्दे पहले से कमजोर हैं।

दिल का दौरा पड़ने वाले मरीज अक्सर गुर्दे के समस्या के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं क्योंकि उन्हें कुछ दवाएं या तरल पदार्थ दिए जाते हैं जो गुर्दों पर बुरा असर डाल सकते हैं। इससे गुर्दों को नुकसान हो सकता है। इस खतरे के कारण डॉक्टर दिल के दौरे के तुरंत बाद एम्पाग्लिफ्लोज़िन शुरू करने से हिचकिचाते हैं क्योंकि इस विशेष नैदानिक सेटिंग में इस वर्ग की दवा की सुरक्षा के बारे में बहुत कम डेटा है। यह दवा सोडियम ग्लूकोज को-ट्रांसपोर्टर 2 प्रोटीन को अवरुद्ध कर सकती है जो रक्त से ग्लूकोज को पुन: अवशोषित करने की किडनी की क्षमता में सहायता करता है।

# प्रादेशिकी

## महिला सुरक्षा को लेकर कांग्रेस की कथनी व करनी में भेद : चुग

**चंडीगढ़,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने चुनावों के दौरान महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण का बड़े जोर-शोर से दावा किया है, लेकिन पार्टी की वास्तविकता इसके विपरीत है। हाल ही में कोलकाता, कन्नौज और केरल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, बलात्कार और शोषण की घटनाओं के मामले में कांग्रेस पार्टी की चुप्पी इस तथ्य को उजागर करती है कि उनके किए गए महिला सुरक्षा के वादे सिर्फ चुनावी रणनीति हैं। श्री चुग ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेत्री सिमी रोज़बेल ने दावा किया कि केरल में पार्टी के भीतर महिलाओं को शोषण और कास्टिंग काउच का शिकार होना पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप, सिमी रोज़बेल को तुरंत कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया। उनका यह निष्कासन यह दर्शाता है कि पार्टी में ईमानदार और सच्चे लोग स्थान नहीं पा सकते। रोज़बेल ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी में ईमानदारी और नैतिकता के लिए कोई स्थान नहीं है।

## भारी बारिश से दून के कई इलाकें जलमग्न

■ अमरनाथ तिवारी



■ बारिश से घरों में घुसा मलबा
■ एसडीआरएफ ने संभाला मोर्चा
■ मौसम विभाग ने जारी किया भारी बारिश का अलर्ट

**देहरादून,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड में लगातार कई इलाकों में देर रात से बारिश जारी है। राजधानी में बीती रात 10:00 बजे के बाद से शुरू हुई बारिश ने लोगों की मुश्किल बढ़ा दी हैं। आलम यह है कि कई इलाकों में इतना पानी भर गया है कि घरों के कमरों तक पानी पहुंच गया है। इससे लोगों को भारी नुकसान पहुंचा है। हरिद्वार, देहरादून और कुमाऊं के साथ-साथ गढ़वाल के कई इलाकों में अभी भी काले बादल छाए हुए हैं।

राजधानी देहरादून में कई क्षेत्रों में देर रात से बारिश जब हो रही थी, तब लोगों को अंदाजा नहीं था कि यह बारिश इतना नुकसान करेगी। बारिश की वजह से न केवल पानी भर गया है बल्कि पानी के साथ मलबा भी लोगों के घरों में घुस गया है। दून के शिमला बाई पास रोड पर स्थित हिम्ज्योति कॉलोनी पितोवाला और आसपास के इलाके पूरे जलमग्न हो गए हैं। देहरादून के ही बल्लीवाला के आसपास की कई कॉलोनियों में सुबह तक पानी भरा रहा। कई इलाकों में फायर ब्रिगेड तो कई जगहों पर एसडीआरएफ ने भी मोर्चा संभाला। उत्तराखंड में मानसून लगातार लोगों को परेशान कर रहा है। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ घंटे तक इसी तरह से प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश हो सकती है।

### भारी बारिश से बिधौली मार्ग क्षतिग्रस्त, यातायात ठप

**देहरादून।** बीती रातभर हुई बारिश ने देहरादून के ग्रामीण क्षेत्रों का जनजीवन अस्त-व्यस्त करके रख दिया है। नंदा की चौकी बिधौली मार्ग भारी वर्षा के चलते क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसके चलते पुलिस प्रशासन ने यातायात प्रतिबंधित कर दिया है। सोमवार को यहां पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार देर रात से लगातार हो रही भारी बरसात के कारण प्रेमनगर क्षेत्रान्तर्गत नन्दा की चौकी बिधौली मार्ग फन एंड फूड के पास पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है।

जिस कारण उक्त मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों का आगमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। बिधौली जाने हेतु कैंट से जामुनवाला, फुलसैनी पौधा होते हुए बिधौली पहुंचा जा सकता है। इसके साथ ही सुद्धोवाला से मांडूवाला, डूंगा होते हुए बिधौली पहुंच सकते है।

### सात से अधिक मकानों को मलबे ने चपेट में लिया

**चमोली।** जिले में रविवार रात की बारिश कर्णप्रयाग नगर पालिका के सिमली क्षेत्र में कहर बनकर बरसी। बारिश से यहां जोसा और टोटा गदेरे उफान पर आ गए। रात के ढाई बजे अचानक उफनाए गदेरों से आस पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जब तक लोग संभलते तब तक यहां सात से अधिक मकानों को मलबे ने अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान लोग सामान उठाकर अपने घरों से बाहर भागे। लेकिन नरेंद्र सिंह बिष्ट के मकान में किराए पर रह रहा कैलाश चमोली मकान में फंस गया। हालांकि कैलाश चमोली के बच्चे, पत्नी और भतीजा बाहर आ गए थे। बाद में आस पास के लोगों ने मकान का पिछला दरवाजा तोड़ कैलाश को बाहर निकाला। मलबे से सिमली बाजार में कई दुकानों एक कार, और स्कूटी भी मलबे की चपेट में आ गई। जबकि कर्णप्रयाग के सुभाषनगर में एक विशाल पेड़ आकर हाईवे और बस्ती में गिर गया। जिससे नैनीताल हाईवे बंद हो गया। सुबह साढ़े सात बजे हासिमली और कर्णप्रयाग में नैनीताल हाईवे बंद रहा। घटना की सूचना पर तहसीलदार सुधा डोभाल, एसडीआरएफ सहित अन्य अधिकारी सोमवार सुबह तड़के मौके पर पहुंच गए थे। बारिश से थराली की कई सड़कें बंद हो गई हैं जिससे आवागमन बाधित है। हाईवे को सुचारू किया गया। इसके साथ ही एक मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया।

## अगले 6 माह कड़े फैसले लेगी सरकार : सुक्खू

■ हिमकिरण मांटा



■ अभी 125 यूनिट फ्री बिजली को वापस नहीं लिया
■ अगले बजट में अर्थव्यवस्था में सुधार होता नजर आएगा

**शिमला,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के लिए राज्य सरकार अगले 6 महीने में और कड़े फैसले लेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले बजट में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार होता नजर आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अभी 125 यूनिट फ्री बिजली को वापस नहीं लिया है। वे सोमवार को विधानसभा में विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल का जवाब दे रहे थे।

मुख्यमंत्री ने पूर्व की भाजपा सरकार पर तंज कसा और कहा कि उन्होंने पांच साल प्रदेश की अर्थव्यवस्था का बेडागर्क करके रख दिया। अब राज्य सरकार अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कड़े फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव के दौरान आखिरी 6 महीने में जयराम सरकार ने मुफ्त बिजली और पानी देने की घोषणा की। बावजूद इसके लोगों ने कांग्रेस पर विश्वास जताया और चुनाव में भरी मतों से जीत दर्ज की। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जयराम सरकार ने 1000 प्राइमरी स्कूल खोल दिए और 300 अस्पताल खोल दिए। वहां पर न तो शिक्षकों की भर्ती की और न डॉक्टरों की नियुक्ति की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, पहले दिन से सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में जिन लोगों को सब्सिडी पर बिजली की जरूरत नहीं है उन्हें भी सब्सिडी दी गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व की जयराम सरकार ने 14 विभिन्न तरह की सब्सिडी दी है। एक भवन में अगर आठ मीटर हैं तो सभी आठ मीटर पर सब्सिडी की व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सरकार यह करने जा रही है कि एक भवन में एक मीटर पर ही सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पहली सितंबर से उद्यमियों या फाइव स्टार होटल मालिकों को प्रति यूनिट एक रुपए सब्सिडी दी जाती थी, उसे विद-ड्रॉ कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने यह फैसला बिजली बोर्ड को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार सही ढंग से काम करेगी और 2027 तक प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर इसमें सुधार नहीं किया गया तो सरकार को सब्सिडी के तौर पर बिजली बोर्ड को 2200 करोड़ रुपए देने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे कैसे सरकार अच्छी शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा लोगों को दे सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह चाहते हैं कि विपक्षी दल भाजपा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में अपना सहयोग दे, लेकिन विपक्ष चर्चा से भाग रहा है।

### खैर को जड़ से न काटने पर करेंगे विचार

विधायक विवेक शर्मा के सवाल मुख्यमंत्री ने बताया कि खैर का कटान उसकी मोटाई के हिसाब से होता है। उन्होंने कहा कि खैर को जड़ से न काटा जाए, इस पर विचार किया जाएगा। इससे पूर्व, विधायक ने कहा था कि खैर को जड़ से नहीं काटा जाना चाहिए और कुटलैहड़ एरिया में ज्यादा से ज्यादा खैर के पेड़ लगाएं, जिससे सरकार को भी फायदा हो रहा है। वहीं निजी जमीन पर लोगों को भी फायदा मिल रहा है।

## सार संक्षेप

### बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड मलिक की जमानत अर्जी खारिज

**नैनीताल।** बनभूलपुर हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की जमानत अर्जी हाईकोर्ट की एकल बैंच द्वारा खारिज कर दी गई है। एक सप्ताह पूर्व इसी घटना के 50 आरोपियों को हाईकोर्ट ने पुलिस की ढीले जांच का लाभ देते हुए जमानत दे दी थी। हल्द्वानी बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की जमानत अर्जी की सुनवाई नैनीताल हाई कोर्ट की एकलपीठ की जगह खंडपीठ करेगी। एकलपीठ ने सोमवार को ये निर्णय दिया है। यानि फिलहाल जमानत पर निर्णय टल गया है। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पूर्व इसी घटना के 50 आरोपियों को हाईकोर्ट ने पुलिस की ढीले जांच का लाभ देते हुए जमानत दे दी थी। इसी प्रकरण के जमीनी दस्तावेजों में हेर फेर के मामले में अब्दुल मलिक की पत्नी सोफिया की जमानत की अर्जी दो हफ्ते पहले मंजूर हो गई थी।

### एनएचएम में 600 भर्तियां जल्द : शांडिल

**शिमला।** स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने कहा है कि नेशनल हेल्थ मिशन के तहत जल्दी ही 600 भर्तियां विभिन्न श्रेणियों में की जाएगी। प्रदेश के आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में स्टाफ भेजा जा रहा है और इनमें स्टाफ की कोई कमी नहीं होगी। लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा के सवाल के उत्तर में शांडिल ने बताया कि लाहौल स्पीति के आदर्श स्वास्थ्य संस्थान में 37 फी मेल हैल्थ वर्कर के पद स्वीकृत कर दिए गए हैं जिनमें से 21 पद खाली पड़े हुए हैं। वहीं सीएचओ के 31 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 31 पद खाली चल रहे हैं। जल्दी ही इन खाली पदों को भर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग में 200 डाक्टरों की भर्ती का मामला लोक सेवा आयोग को भेजा गया है जिनको जल्दी भरा जाएगा और सभ आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों की रिक्तियों को पूरा कर दिया जाएगा।

### पत्रकार योगेश पर जानलेवा हमला करने वाले गिरफ्तार

**देहरादून।** पत्रकार के साथ मारपीट करने वाले शराब माफिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इन्दिरा नगर क्षेत्र में पत्रकार योगेश डिमरी व उनके साथियो के साथ मारपीट की घटना घटित होने व योगेश डिमरी के एम्स अस्पताल में उपचाराधीन होने की सूचना ऋषिकेश पुलिस को प्राप्त हुई। घटना के सम्बन्ध में पुलिस ने योगेश डिमरी व उनके परिचितों से सम्पर्क कर घटना की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर घटना में शामिल आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के लिए तहरीर देने को कहा।

### सुडोकू 6665 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 1 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 |

## राज्य आंदोलन में नारी शक्ति की बड़ी भूमिका : धामी

**देहरादून,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। मसूरी गोलीकांड की 30 वीं बरसी के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी के शहीद स्मारक पहुंचकर शहीद आंदोलनकारियों को नमन किया एवं उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



■ मसूरी गोलीकांड की 30वीं बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

इस अवसर पर 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था लागू किये जाने पर राज्य आंदोलनकारियों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया।

उन्होंने कहा कि हमारे राज्य आंदोलनकारियों ने अपनी जान की परवाह किये बिना अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि शहीद आंदोलनकारियों ने जो सपने उत्तराखंड के लिए देखे थे, उन्हें पूरा करने का कार्य राज्य सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि 1 सितंबर को खटीमा कांड, 2 सितंबर को मसूरी और 2 अक्टूबर को रामपुर तिराहा कांड हुआ, ये तीनों दिन हमारे राज्य के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने अमर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को कभी भूला नहीं सकते। मुख्यमंत्री ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे आंदोलन को बर्बरतापूर्ण कुचलने का काम तत्कालीन सरकार ने किया।

शहीद आंदोलनकारियों का सपना था कि एक ऐसा उत्तराखंड बने, जहां सबको समान अधिकार मिले। इसी लक्ष्य को लेकर राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में जारी नीति आयोग की सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखंड ने नंबर एक स्थान प्राप्त किया है। राज्य में विकास के साथ पर्यावरण संतुलन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में जी.ई.पी की शुरुआत की गई है। सीएम ने कहा कि इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले दस वर्षों में उत्तराखंड अपने विकास और उन्नति के चरम पर होगा। इसके लिए इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय के साथ कार्य किए जा रहे हैं।

## 12 माह में पूरी हो 8.2 किमी नहर कवरिंग : सीएस



**देहरादून,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने नैनीताल के कालाढूंगी के तहत पनचक्की चौराहे से कमलुवागांजा तक 8.2 किमी लम्बी नहर कवरिंग के निर्माण कार्य के प्रस्ताव को सचिवालय में आयोजित व्यय वित्त समिति की बैठक में अनुमोदन दिया। इस नहर के कवरिंग व सुदृढ़ीकरण से मार्ग की चौड़ाई बढ़ने से चौफला, कठघरिया, कमलुवागांजा, घुनी, भगवानपुर एवं रामणी की आबादी लाभान्वित होगी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस योजना को निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखते हुए समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। योजना के निर्माण की अवधि 12 माह प्रस्तावित की गई है।

योजना की लागत 1245.64 लाख रूपए है। मुख्य सचिव ने योजना के निर्माण के दौरान ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज व पौधारोपण पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। सीएस रतूड़ी ने कहा कि कॉलटैक्स-पनचक्की से लेकर चौफुला-कठघरिया तक नहर कवरिंग एवं मार्ग का चौड़ीकरण करने से यह मार्ग एक 2 लेन बाईपास के रूप में कार्य करेगा। जिसके फलस्वरूप नैनीताल से दिल्ली, देहरादून वाया बाजपुर व रामनगर, कॉर्बेट नेशनल पार्क को आने जाने वाले यात्रियों के लिए यह उपयोगी सिद्ध होगा।

बैठक में सचिव पंकज कुमार पाण्डेय, अपर सचिव डा. अहमद इकबाल, विनीत कुमार सहित लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### जिलों में काम करने के लिए कोर टीम तैयार की जाए : अपर मुख्य सचिव



**देहरादून।** अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा कि जिलों में काम करने के लिए एककृएक कोर टीम तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवीनेशन अथॉरिटी से सम्बद्ध विभिन्न तकनीकी संस्थानों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान संस्थानों के अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गयी। अपर मुख्य सचिव ने स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवीनेशन अथॉरिटी और सभी संस्थानों को जानकारियां और विश्लेषण साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक अच्छा प्लेटफार्म है। अथॉरिटी के तैयार किए जा रहे डैशबोर्ड पर सभी जानकारियां उपलब्ध करायी जानी चाहिए। कहा कि नदियों के पुनर्जीवीकरण के लिए दीर्घकालीन और व्यापक प्लान तैयार किया जाए, साथ ही इसकी निगरानी और रखरखाव के लिए भी प्राविधान किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसी भी प्रकार की फंडिंग की कमी नहीं होगी। उन्होंने जनपदों की कोर टीम में भी तकनीकी संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाओं को जनभागीदारी के बिना सफल बनाया जाना नामुमकिन है, इसलिए योजनाओं के क्रियान्वयन में जनभागीदारी आवश्यक रूप से सुनिश्चित की जाए। स्थानीय लोगों के साथ बैठकें और कार्यशालाएं आयोजित की जाएं। बैठक के दौरान भारतीय जल विज्ञान संस्थान को सौंग एवं नयार नदी एवं आईआईटी रूड़की को शिप्रा एवं गौड़ी नदी की विभिन्न प्रकार की मैपिंग और विश्लेषण की जिम्मेदारी दी गई। बैठक के उपरान्त अपर मुख्य सचिव ने अल्मोड़ा में कोसी नदी के रिजुवीनेशन के पूर्व से जारी कार्य में तेजी लाते हुए द्वारा डीपीआर तैयार किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती नीना ग्रेवाल, वाडिया हिमालय भूकृविज्ञान संस्थान, केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, भारतीय जल विज्ञान संस्थान, रूड़की, भारतीय प्रौघोगिकी संस्थान, रूड़की एवं गोविन्द बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान एवं सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## भाजपा विधायक दल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

■ विधानसभा अध्यक्ष के तानाशाही पूर्ण रवैये की भी शिकायत की

**शिमला,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश भाजपा विधायक दल ने राज्य की खराब होती आर्थिक स्थिति और विधानसभा अध्यक्ष के कथित तानाशाहीपूर्ण रवैये के खिलाफ सोमवार को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को ज्ञापन सौंपा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अगुवाई में राजभवन पहुंचकर भाजपा विधायक दल ने राज्य में खराब वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि आज दो सितंबर हो गया है और राज्य के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला और पेंशनरों को पेंशन भी नहीं मिली।

जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा विधायक दल ने सोमवार शाम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का व्यवहार सदन के अंदर और बाहर जहां विधायकों की भावना को आहत कर रहा है। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष के संवैधानिक पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचा रहा है। ज्ञापन में उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सदन के अन्दर तो विधानसभा अध्यक्ष का रवैया पक्षपात एवं तानाशाही पूर्ण रहता है। हमेशा नियमों एवं परम्पराओं के खिलाफ काम करते हुए सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

## अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन आयोजित

**गुरुग्राम,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर के पूरे वैश्य समाज ने संगठित होकर वैश्य उम्मीदवार को विधानसभा चुनाव में वोट करने का फैसला लिया है। वैश्य समाज ने तय किया है कि जो भी राजनीतिक दल वैश्य उम्मीदवार को टिकट देगा पूरा समाज अपने सगे संबंधियों सहित उसे ही जिताने के लिए वोट करेगा।

महाबीर पार्क में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष डॉ. मंदीप किशोर गोयल की अध्यक्षता में वैश्य समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। डॉ. गोयल ने वैश्य प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र में सबसे संगठित और सबसे बड़ा वैश्य समाज है। प्रदेश के राजस्व में वैश्य समाज के योगदान को कोई भी नकार नहीं सकता। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में उनका अधिकार बनता है यहां से वैश्य उम्मीदवार को ही टिकट दिया जाए।



वैश्य समाज चुनाव में भी संगठित रहेंगे व एकजुट होकर मतदान करेंगे : डॉ. मंदीप किशोर गोयल

गोयल के आह्वान पर मौजूद सभी लोगों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि वे वैश्य उम्मीदवार को ही चुनाव में विजयी बनाएंगे। बैठक में दिनेश अग्रवाल, आर.सी. गुप्ता, डॉ. वी.के. जैन, सतीस जैन, महासम्मेलन के युवा जिलाध्यक्ष विवेक गुप्ता, विजय अग्रवाल, एस.के. गुप्ता पूर्व पार्षद, पूर्व निगम पार्षद सुभाष सिंगला, विजेन्द्र जिन्दल पप्पी, वी.पी. अग्रवाल, अनिल सिंगला, सौरभ तायल, ओ.पी. गोयल, गोपाल जिन्दल, वी.के. जैन एवं आर.सी. सिंघल समेत सैंकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

## ईडी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह से की पूछताछ

**देहरादून,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। समन मिलने के बार सोमवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह ईडी के कार्यालय में पहुंचे। हरक सिंह से कॉर्बेट टाइगर के पाखरो प्रकरण पर पूछताछ हो रही है। आज हरक से कई घंटे तक पूछताछ होने की गई। दरअसल पाखरो रेंज में टाइगर सफारी बनाने में अनियमितताएं सामने आई थीं।



इसे लेकर विजिलेंस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। बाद में इस जांच को सीबीआई को सौंप दिया गया। सीबीआई ने जांच को आगे बढ़ाते हुए हरक सिंह रावत से पूछताछ की। पूर्व मंत्री ने सीबीआई को कुछ दस्तावेज सौंपे हैं। अब ईडी भी इस मामले में जांच कर रही है।

दरअसल पिछले दिनों हरक सिंह रावत सरकार के खिलाफ जमकर बरसे थे। हरक सिंह ने पूछताछ के पीछे इसी विरोध को वजह बताया है। हरक सिंह रावत के समर्थक भी सोमवार को ईडी कार्यालय पहुंच गए हैं। दरअसल इसी मामले में गत 14 अगस्त को सीबीआई भी हरक सिंह रावत से पूछताछ कर चुकी है। हरक सिंह रावत ने इससे संबंधित कई गोपनीय दस्तावेज भी सीबीआई को उपलब्ध कराए थे।

## नवीन गोयल का जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित



■ वजीराबाद गांव के लोगों ने कहा नवीन गोयल को चंडीगढ़ जरूर पहुंचाएंगे
■ खोली वाले बाबा को नवीन गोयल ने नमन करके लिया आशीर्वाद

**गुरुग्राम,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरुग्राम के सबसे बड़े गांव वजीराबाद के कम्युनिटी सेंटर में व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा, हरियाणा के प्रदेश संयोजक एवं गुड़गांव विधानसभा से भावी प्रत्याशी नवीन गोयल का जनसंवाद कार्यक्रम सभी के लिए यादगार बन गया। कार्यक्रम में वजीराबाद ने नवीन गोयल का ऐतिहासिक स्वागत किया। नवीन गोयल को लोग बाहर से कंधों पर बिठाकर कम्युनिटी सेंटर में मंच तक लाए। युवाओं ने पुष्पवर्षा की गई। हजारों की संख्या में ग्रामीणों द्वारा इस ऐतिहासिक स्वागत के लिए नवीन गोयल ने वजीराबाद की सरदारी, युवाओं के जोश, नारी शक्ति के आशीर्वाद के लिए आभार जताया।

मंच पर भी लोगों ने फूलों की बरसात की। भारत माता के जयकारे, नवीन गोयल के जयकारे लगाते हुए कार्यक्रम को भव्य बना दिया।


इस अवसर पर आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों, वजीराबाद के बड़े-बुजुर्गों ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। बड़ी माला से ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। खोली वाले बाबा के जयकारे लगवाते हुए नवीन गोयल ने कहा कि गांव वजीराबाद में उन्हें जो सम्मान और आशीर्वाद दिया है, उसे वे कभी भूल नहीं पाएंगे। इस सम्मान को कई गुणा बढ़ाकर गांव को सम्मान देंगे।

ग्रामीणों ने कहा कि नवीन गोयल कर्मठ कार्यकर्ता, दुख-सुख का साथी आपके बीच है। जैसा ये सम्मान दे रहे हैं, वैसा ही वे हमारे लिए काम करेंगे।

खेमचंद यादव, प्रदीप यादव ने एक लाख की माला से स्वागत किया। एक चांदी का मुकुट भेंट किया। देवेंद्र सोलंकी की बहन कमल देवी व राजकुमार ने माला पहनाकर स्वागत किया। पांचाल समाज ने भी यहां नवीन गोयल का सम्मान किया।

## सोमवती अमावस्या पर गंगा घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**हरिद्वार,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। सोमवती अमावस्या पर सोमवार को धर्मनगरी में गंगा स्नान के लिए तमाम गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।



पंडित मनोज त्रिपाठी के अनुसार वैसे तो सभी अमावस्या पर गंगा स्नान का महत्व है, लेकिन सोमयुता अर्थात सोमवती, भोमयुता अथार्त भौमवती अमावस्या विशेष पुण्यदायी होती है। आप इसके पुण्य का इसी बात से प्रभाव लगा सकते हैं कि इस सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में स्वयं भीष्म पितामह ने अपनी शरशैया पर पड़े रहते हुए इंतजार किया था। सोमवती अमावस्या के दिन गंगा स्नान करना व्यक्ति को अश्वमेध यज्ञ के समान फल दे देता है। आज के दिन अपने पितरों के प्रति श्राद्ध, तर्पण आदि करना, पीपल के वृक्ष की पूजा कर परिक्रमा करने से व्यक्ति की जीवन की कठिनाइयां दूर हो जाती है।

# प्रादेशिकी

## योगी से मिलने जा रहे किसान नेताओं को पुलिस ने रोका

**मुरादाबाद,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन देने जा रहे किसानों को पुलिस ने गजरौला से आगे बढ़ने से रोक दिया। योगी सोमवार को यहां मुरादाबाद पुलिस अकादमी के दीक्षांत समारोह में शिरकत करने आए थे। मुरादाबाद मंडल के किसान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर किसानों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपने की तैयारी में थे। सोमवार सुबह बिजनौर, अमरोहा, संभल तथा मुरादाबाद हापुड़ जिलों से किसान इकट्ठा होना शुरू हुए थे। इस दौरान उन्हे भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी को नज़रबंद किए जाने की जानकारी मिली जिसके बाद किसान संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने सड़क पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## उत्तर प्रदेश ने विकास के नए आयामों को छुआ : योगी



दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे जाति की राजनीति करने वाले : योगी आदित्यनाथ

- वृहद रोजगार एवं ऋण मेले के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित
- मुख्यमंत्री ने 25 सौ युवाओं को किए टैबलेट वितरित

### प्रदेश में आए निवेश से प्रदेश के एक करोड़ युवाओं को नौकरी मिलेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने अब तक 160000 से ज्यादा पुलिस कार्मिकों की भर्ती कर चुके हैं। इसमें बीस फीसदी बेटियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिनों पहले 60200 से अधिक पदों के लिए पुलिस भर्ती की प्रक्रिया संपन्न हुई है, जैसे ही इन्हें नियुक्ति पत्र मिल जाएगा, वैसे ही हम 40000 पदों के लिए फिर भर्ती निकालेंगे। अगले दो वर्ष में दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। साथ ही प्रदेश में आए निवेश से उत्तर प्रदेश के एक करोड़ युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है। अगले 3-4 वर्ष में उत्तर प्रदेश देश की नंबर एक की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने जा रहा है। जब उत्तर प्रदेश नंबर एक की अर्थव्यवस्था वाला राज्य जाएगा तो यहां की प्रति व्यक्ति आय तीन से चार गुना बढ़ जाएगी।

**लखनऊ/मुरादाबाद,** 2 सितम्बर, (देशबन्धु)। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप दोहराते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह दल जाति, मत और मजहब के नाम पर देश और प्रदेश के सामाजिक ताने बाने को छिन्न भिन्न करते हैं। उन्होंने लोगों से विभाजनकारी ताकतों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले लोग 2017 के पहले दंगाइयों के सामने घुटने टेकते और नाक रगड़ते थे। योगी ने कहा कि विगत साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश ने विकास के नए आयामों को छुआ है। 2017 के पहले इस उत्तर प्रदेश का सीडी रेश्यो 44 फीसदी था, जो आज बढ़कर 60 फीसदी तक जा चुका है, जिसे हमें 65 फीसदी तक ले जाना है। आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल में जनपद स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण मेला के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने 175.50 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किए तथा 2,500 युवाओं को टैबलेट भी वितरित किया। इसके अलावा उन्होंने 401 करोड़ रुपए की 292 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जैसे आज उत्तर प्रदेश देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। वैसे ही मुरादाबाद भी उत्तर प्रदेश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। योगी ने कहा कि 2017 के पहले जब उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी निकलती थी तो चाचा-भतीजा की जोड़ी वसूली पर निकलती थी। चाचा-भतीजा की जोड़ी ऐसा खुराफात करती थी कि न्यायालय को नौकरी पर रोक लगानी पड़ती थी। सरकारी नौकरी चाचा भतीजा की वसूली की भेंट चढ़ जाती थी। युवा बेरोजगार हो जाते थे और उन्हें नौकरी के लिए देश के अन्य राज्यों में पलायन करने को मजबूर होना पड़ता था। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। डबल इंजन सरकार की भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का परिणाम है कि देश में उत्तर प्रदेश का सम्मान बढ़ा है। योगी ने युवाओं को 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश की याद दिलाते हुए कहा कि उस समय प्रदेश में पर्व और त्यौहार के पहले दंगे होते थे। न बेटी सुरक्षित थी और न ही व्यापारी का सम्मान था। उन्होंने कहा कि नए उत्तर प्रदेश में विगत साढ़े सात वर्ष में कोई दंगा नहीं हुआ है। पर्व और त्यौहार शांति से मनाया जाता है। बेटी सुरक्षित है तो व्यापारी को सम्मान मिल रहा है। यही नहीं व्यापारियों के लिए 10 लाख रुपए का जीवन बीमा का कवर भी दे रहे हैं।

प्रदेश के युवाओं को नौकरी और रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास अगर विजन हो तो प्रदेश युवाओं के सपने को पंख दिया जा सकता है। सरकार अगर ठान ले तो असंभव को भी संभव किया जा सकता है, जो हमने करके दिखाया है। योगी ने बताया कि इस कार्यक्रम में लोकार्पित और शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं में 156 परियोजनाएं कुंदरकी विधानसभा के लिए समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद आज एयर कनेक्टिविटी से जुड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को धरातल पर उतार रहा है। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद के हस्तशिल्पियों और कारीगरों ने अपनी कारीगरी का लोहा पूरी दुनिया को मनवाया है। आज यहां से लगभग 15-20 हजार करोड़ रुपए का सामान देश-दुनिया का निर्यात किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि विकास की प्रक्रिया अनवरत चलेगी। कार्यक्रम में पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह के नाम पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के प्रवेश द्वार का नामकरण किया गया।

## शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को हक से वंचित कर रही है सरकार : अखिलेश



■ पिछड़ों, दलितों के आरक्षण के साथ लूट करने का लगाया आरोप

**लखनऊ,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 69000 शिक्षक भर्ती के पीड़ित अभ्यर्थियों को उनका हक और अधिकार नहीं दे रही है।

यादव ने सोमवार को कहा कि भाजपा की नीति पीडीए विरोधी है। भाजपा पिछड़ों, दलितों के आरक्षण के साथ लूट कर रही है। सरकार नौजवानों, किसानों, कर्मचारियों का शोषण कर रही है। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों को लेकर भाजपा की नीयत साफ नहीं है। अपने हक और आरक्षण को बचाने के लिए शिक्षक अभ्यर्थी लम्बे समय से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई वर्षों की लम्बी लड़ाई के बाद शिक्षक अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट से न्याय मिला लेकिन सरकार उनका हक नहीं देना चाहती है। भाजपा सरकार मामले को उलझाये रखना चाहती है। मुख्यमंत्री और सरकार के अन्य लोग शिक्षक अभ्यर्थियों की झूठी दिलासा दे रहे हैं। हाईकोर्ट के निर्णय पर अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला लेने के बजाय वे उसे लटकाये रखना चाहते है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार असंवैधानिक कार्य कर रही है। भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। इसका रवैया तानाशाही पूर्ण है। यह सरकार नौजवानों को अपमानित कर रही है। मामला 69000 शिक्षक अभ्यर्थियों का हो, शिक्षामित्रों या अन्य कर्मचारी व नौजवानों का हो, भाजपा सरकार ने सभी के साथ अन्याय किया है।

अपने हक के लिए लोकतांत्रिक ढंग से मांग करने वालों पर सरकार पुलिस से लाठियां बरसाती है। 69 हजार पदों पर आरक्षण की मांग कर रहे अभ्यर्थियों और शिक्षामित्रों को न जाने कितनी बार लाठियों से पीटा गया है। हिरासत में लिया गया और अपमानित किया गया, लेकिन उनकी मांगे नहीं मानी गयी। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ जनता का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आने वाले विधानसभा उपचुनाव और 2027 के आम विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से हटाकर उसके अहंकार को तोड़ देगी।

## सार संक्षेप

### एसवीएस इंटरनेशनल स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



**मवाना।** हस्तिनापुर रोड स्थित एसवीएस इन्टरनेशनल स्कूल में सोमवार को अंतर सदन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा आठ से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के प्रथम सेमीफाइनल आजाद सदन और सुभाष सदन के बीच खेला गया। जिसमें सुभाष सदन 19-14 अंक से विजय रहा। द्वितीय मुकाबला तिलक सदन और भगत सदन के बीच खेला गया जिसमें तिलक सदन 22-9 अंक से विजयी रहा। प्रतियोगिता का फाइनल मैच तिलक सदन व सुभाष सदन के बीच खेला गया जो बहुत ही रोमांचक रहा व तिलक सदन 22-21 अंक से विजयी हुआ। यहां पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास जयरथ, एडमिशन इंचार्ज मनोज चौधरी, विक्रांत सिंह, स्कोरर रविन्द्र नागर और कोच अब्दुल कादिर आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### घर पर फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**किठौर।** थाना क्षेत्र के गोविंदपुर शकरपुर में बीती रात पीड़ित के घर में घुसकर आरोपियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी और जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए फरार हो गए इस मामले में चार लोगों को नाम दर्ज करते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निखिलेश उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि यशपाल पुत्र शिवराज सिंह निवासी गोविंदपुर शकरपुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसी के गांव के अंकित पुत्र सुखबीर अरुण पुत्र सुखबीर अज्जू पुत्र प्रकाश, संजीत पुत्र तेजपाल तमंचो से लेस होकर उसके घर में घुस गए गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिए चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए जहां आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने उसका नाम अंकित पुत्र सुखबीर बताया है उसको गांव ईसापुर के पास से गिरफ्तार किया गया है।

### लोकतंत्र सेनानी से दिनदहाड़े 1.5 लाख की लूट

**मवाना।** कस्बे में लोकतंत्र सनानी से दिनदहाड़े हुई 1.5 लाख की लूट की घटना ने हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने लुटेरों को खोजने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। लोकतंत्र सेनानी एसबीआई मवाना की शाखा से पैसे निकालकर अपने घर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार कस्बे निवासी लोकतंत्र सेनानी विनोद कुमार सोमवार दोपहर एसबीआई बैंक मवाना की शाखा से डेढ़ लाख रुपए निकाल वापस घर लौट रहा था। पीरियड्स ने बताया किरास्ते में वह गुडमंडी स्थित अंकुर गुप्ता की तेल की दुकान पर रुके थे। बताया गया कि इसी बीच, एक अज्ञात व्यक्ति मोटर साइकिल से वहां पहुंचा और विनोद कुमार के पास रखा नोटों से भरा थैला छीन लिया। लुटेरा तुरंत अपने साथी के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गया।

## अवैध कोचिंग सेंटरों पर जल्द चलेगा छापेमारी अभियान

■ सिटी मजिस्ट्रेट ने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संग की बैठक

**फर्रुखाबाद,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। बिना रजिस्ट्रेशन के चल रही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों पर प्रशासन के अधिकारियों की निगाहे टेढ़ी हो गई है। अब अवैध रूप से कोचिंग के संचालकों को 10 दिन में शासन से आए नए नियमों के तहत रजिस्ट्रेशन कराना होगा। ऐसा न करने पर छापेमारी में पकड़े जाने पर कोचिंग संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा। गौरतलब है। कि जनपद तमाम अवैध तरीके से गांव व शहर में कई कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। जिनमें से केवल जनपद में 17 कोचिंग का पंजीकरण ही हुआ था। सोशल मीडिया पर अवैध कोचिंग सेंटर के मामले वायरल होने के बाद अवैध कोचिंग संचालकों के खिलाफ नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल की अध्यक्षता में डीआईओएस व बीएसए के साथ अहम बैठक मे सिटी मजिस्ट्रेट ने कोचिंग पंजीकरण के शासन से आए नए नियमों का पालन करने की निर्देश दिए। जिन 17 कोचिंग सेंटर का पंजीकरण हुआ है उनको भी नए नियमों के तहत दोबारा से पंजीकरण कराना होगा। इसके अलावा बिना पंजीकरण के जो कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। उनके संचालकों को 10 दिन में पंजीकरण कराना होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि अवैध कोचिंग सेंटरों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। बिना रजिस्ट्रेशन के चलते मिलें कोचिंग संस्थानो के संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## सुभारती साइंस कॉलेज में तीन दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



■ अतिथियों को पौधे देकर कर किया गया स्वागत

**मेरठ,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस में तीन दिवसीय छात्र दीक्षारंभ कार्यक्रम 2024 का आयोजन 2 सितम्बर से 4 सितम्बर तक किया जा रहा है। प्रथम दिन का शुभारम्भ विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सभी अतिथियों को पादप भेट कर उन सभी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम संचालिका डॉ. एकता गुप्ता ने सभी छात्र एवं अतिथियों का स्वागत उद्बोधन से स्वागत किया। इसके बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शशिराज तेवतिया ने महाविद्यालय के विषय में छात्रों को अवगत कराया, एवं सभी विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभाग के विषय में बताया। डीन लॉ कॉलेज और एंटी रैगिंग स्क्वाड के अध्यक्ष डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने एंटी रैगिंग स्क्वाड और विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एंटी रैगिंग उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की।

### मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर दिया व्याख्यान

डॉ. राहुल बंसल ने मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान दिया। निदेशक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अमित कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट के बारे में बताया। आईटी विभाग के अंशुल ने छात्रों को सुभारती ऐप के बारे में बताया और छात्रों को इसे अपने मोबाइल फोन में सक्रिय करने के निर्देश दिए।

## राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर निकाली रैली



**मेरठ,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ मोदी पुरम के गृह विज्ञान विभाग के तत्वाधान में चल रहे राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को दूसरे दिन पोषण क्रांति पर एक रैली का आयोजन किया गया। जिसको महाविद्यालय के निदेशक इंजी. विकास कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान महाविद्यालय की डीन एकता सिंधु, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा, गृह विज्ञान विभाग अध्यक्ष स्वाति चौधरी एवं गृह विज्ञान विभाग के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। यह रैली विनायक विद्यापीठ से चलकर पास की कॉलोनी शिवनगर की गलियों में घूमती हुई वापस विनायक विद्यापीठ पहुंची। रैली में छात्राओं ने अपने हाथों में स्लोगन लिखी तकती ली और उन पर मोटापे के दुश्मन चार, जौं, बाजरा रागी और ज्वार, शरीर को बलवान बनाओ, समोसा कोला दूर भगाओ,ष्मोटे अनाज अपनाओ और ताकत बढ़ाओ लिखे थे। महाविद्यालय के निदेशक ने बताया कि इस रैली को करने का मुख्य उद्देश्य लोगों को मोटे अनाज के बारे में जागरूक करना था।

## जितेंद्र पाल को महासचिव व गौरव को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी



- हजारों अधिकारियों के हितों के लिए वर्षों से कर रहे थे कार्य
- कार्यभार संभालते ही बधाई देने वालों का लगा तांता

**मेरठ,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन दिल्ली सर्किल के महासचिव के पद पर फायर ब्रांड नेता जितेंद्र पाल सिंह सेठी को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। ऑफिसर एसोसिएशन के मेरठ मॉड्यूल के पदाधिकारी हरीश वाधवा ने बताया की गत 25 अगस्त को ऑफिसर्स एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव काउंसिल ने दिल्ली अशोक रोड स्थित लख्वं सभागार में एकत्रित होकर सेठी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुना। इससे पहले सेठी दिल्ली सर्किल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में पिछले तीन तीन वर्षों के दो कार्यकाल अर्थात पिछले 6 वर्षों से अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। जितेंद्र पाल सिंह सेठी के अध्यक्ष पद से महासचिव पद पर मनोनीत होने से रिक्त हुए संगठन के अध्यक्ष के पद पर एग्जीक्यूटिव काउंसिल ने गौरव मेहरोत्रा को सर्वसम्मति से दिल्ली सर्किल ऑफिसर एसोसिएशन का अध्यक्ष मनोनीत किया। सोमवार को ऑफिसर एसोसिएशन कार्यालय में निवर्तमान महासचिव सुशील आहूजा ने सेठी का माल्यार्पण कर अपने हाथों से महासचिव की कुर्सी पर बैठाया। आपको बता दें कि पिछले 6 वर्षों से स्टेट बैंक ऑफिसर एसोसिएशन सुशील आहूजा महासचिव और जितेंद्र पाल सिंह सिटी अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे और आहूजा सेठी की इस जोड़ी ने सैकड़ों हजारों अधिकारियों के हितों के लिए समर्पण रूप से कार्य करते हुए अभूतपूर्व सेवाएं दी। जब महासचिव पद पर जितेंद्र पाल सिंह सेठी और अध्यक्ष पद पर गौरव मेहरोत्रा ने कार्यभार संभाला तो पूरे देश भर से स्टेट बैंक के सभी सर्कल के पदाधिकारी ने तथा दिल्ली सर्किल के हजारों अधिकारियों ने अपना बधाई संदेश सेठी और गौरव म मेहरोत्रा को प्रेषित किए। आपको बता दे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर एसोसिएशन दिल्ली सर्किल लगभग 8 000 अधिकारी जो दिल्ली सर्किल में पद स्थापित है उनका प्रतिनिधित्व करता है और अपने अधिकारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए उनको मिलने वाली सुविधाओं में आवश्यकता अनुसार और प्रभावी बनाने के लिए तथा अधिकारियों की किसी भी समस्या के लिए हमेशा अग्रणी रहकर अपनी दायित्व का निर्वहन करती है। स्टेट बैंक ऑफिसर एसोसिएशन अधिकारियों के हितों की रक्षा के साथ-साथ बैंक के ग्राहक को सर्वोत्तम सेवा समय से सेवा प्रदान करने के लिए अपने अधिकारियों को हमेशा प्रेरित करती रहती है।



वरिष्ठ कांग्रेसियों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौरव भाटी के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचकर नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, विदित चौधरी, प्रदीप नरवाल व जितेंद्र बघेल का स्वागत कर उन्हें बधाई दी। स्वागत करने वालों में नसीम कुरैशी, शबी खान, प्रदीप अरोड़ा, सपना सोम, राकेश कुशवाहा, अरुण कौशिक, मोहम्मद इमरान, जितेंद्र पांचाल, विजय चिकारा, मतीन अहमद, हरिओम सोनकर, पीटर हैरिसन, अब्दुल मलिक, सय्यद अमीर रजा, जुबेर कुरैशी, उमरदराज, उजैफगाजी, उवैस अंसारी, शहजाद खान, सदाकत कुरैशी, हाफिज रियाजुद्दीन, जॉन आदि उपस्थित रहे। फोटो देशबन्धु

## पुलिस ने इनामी बदमाश को दबोचा



**फर्रुखाबाद,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। एसपी आलोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ एक्शन जारी है। जनपद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर 25 हजार इनामी बदमाश को दबोचा। लूट के मुकदमे में पिछले दो साल से वांछित चल रहे 25 हजार इनामी आरोपी को पुलिस ने बिहार से किया गिरफ्तार। एसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि आरोपी और उसका गैंग काफी शातिर ढंग से घटनाओं को देते थे अंजाम, थाना मऊदरवाजा में सन 2022 में गहनें, पीतल, तांबे के बर्तन साफ करने के बहाने गैंग ने लूटपाट की घटना को दिया था अंजाम। इस मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी विजेंद्र शाह पुत्र प्रदीप शाह निवासी लक्ष्मीपुर, थाना बरारी, जनपद कटिहार, राज्य बिहार पर घोषित था 25000 इनाम। जनपद पुलिस ने बिहार राज्य जाकर स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि आरोपी और उसका गैंग बाइक से आकर घटनाओं को देते थे अंजाम।

**आयोजन** *शोभित विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन*

## दीक्षारंभ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का महत्वपूर्ण अवसर : विजेंद्र




- छात्रों के स्वागत व प्रेरणाओं के माहौल से पहले दिन का आगाज
- सफलता की राह पर अग्रसर होने के लिए किया प्रेरित

**मेरठ,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम के प्रथम दिन का आगाज नए छात्रों के स्वागत और प्रेरणा से भरे वातावरण के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र, कुलपति प्रोफेसर वीके त्यागी, प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ. जयानंद, कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, निदेशक कॉर्पोरेट रिलेशन देवेंद्र नारायण, डीन एकेडमिक डॉ. अशोक कुमार गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें सफलता की राह पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दीक्षारंभ को केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। साथ ही, उन्होंने छात्रों को सेवन सीएस के सिद्धांतों, संचार, सहयोग, रचनात्मकता, समालोचनात्मक सोच, आत्मविश्वास, समर्पण, और चरित्र को अपनी सफलता की नींव बनाने की प्रेरणा दी। कुलपति प्रोफेसर डॉ. वी.के. त्यागी ने अपने वक्तव्य में नए छात्रों को शुभकामनाएं दीं और विश्वविद्यालय की मूल्य प्रणाली और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शोभित विश्वविद्यालय न केवल एक शैक्षणिक संस्थान है, बल्कि एक ऐसा मंच है जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करता है। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रोफेसर डॉ.जयानंद ने भी छात्रों के साथ अपने विचार साझा किए और उन्हें अनुशासन और मेहनत की महत्ता समझाया। इसके पश्चात, डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों, रैंकिंग्स और सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शोभित विश्वविद्यालय ने शिक्षा और अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, जो छात्रों के लिए गर्व की बात है। विश्वविद्यालय के इस वर्ष के सत्र की विशेष बात यह रही कि शोभित विश्वविद्यालय में इस बार 22 से अधिक भारतीय राज्यों और विभिन्न देशों जैसे यूक्रेन, लाइबेरिया, तंजानिया, घाना, ओमान आदि से छात्र शामिल हुए हैं।

इस वैश्विक विविधता ने विश्वविद्यालय के समृद्ध सांस्कृतिक और शैक्षणिक वातावरण को और भी व्यापक बनाया है। कार्यक्रम के दौरान, नए छात्रों का विशेष रेड कार्पेट वेलकम के माध्यम से स्वागत किया गया। इस अभिनव स्वागत समारोह ने छात्रों को शुरू से ही विश्वविद्यालय परिवार का हिस्सा महसूस कराया, जिससे उनकी यात्रा एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ी।

## पीड़ितों को हर हालत में दिलाएंगे न्याय : राजीव पांडे

**फर्रुखाबाद,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर कोतवाली के नए प्रभारी निरीक्षक राजीव पांडे ने कहा है कि वह पीड़ितों को हर हालत में न्याय दिलाएंगे। जन शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी, निरीक्षक राजीव पांडे ने सोमवार को कोतवाली फर्रुखाबाद में आमद करा दी। उन्हें फूल मालाओं से सजाए गए वाहन से कोतवाली ले जाया गया।

पांडे ने बताया कि नागरिकों को कोई असुविधा व भय नहीं होना चाहिए। अपराधियों की जगह सलाखों में होगी। भ्रष्टाचार के सवाल के जवाब में पांडे ने बताया कि वह किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। वह प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर तक कार्यालय में बैठकर समस्याओं का समाधान करेंगे।

### मसाई स्कूल ने 6,000 से अधिक एनरोलमेंट्स हासिल किए

नई दिल्ली। मसाई स्कूल एक ऐसा मंच है, जहाँ कौशल का संयोजन अवसरों से किया जाता है। इस स्कूल ने भारत में 5000 से अधिक विद्यार्थियों के सपने पूरे करने में सफलता पाई है। नतीजे देने वाले एक कॅरियर इंस्टिट्यूट के रूप में काम करते हुए, इसने 100 से ज्यादा बैचेस को प्रशिक्षित किया है और बीते वर्षों में अपना दायरा बढ़ाते हुए, अभी 6,000 से अधिक एनरोलमेंट्स हासिल कर लिये हैं। इसी महीने यह संस्थान अपने पाँच साल पूरे कर रहा है और अपने एकमात्र लक्ष्य की प्राप्ति भी सुनिश्चित कर चुका है। इसका लक्ष्य शिक्षा प्रणाली को नतीजों पर आधारित बनाकर भारत की मानवीय क्षमता को सामने लाना है।

# विटामिन बी-12 की कमी से हो सकती हैं कई बीमारियां

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत में हर साल 1 सितम्बर से लेकर 7 सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जाता है। इसी कड़ी में लोगों का जागरूक करने का काम कर रहा है। आज हम विटामिन बी-12 के बारे में बात करेंगे। जानने की कोशिश करेंगे कि आखिर विटामिन बी-12 की कमी से लोगों को क्या-क्या स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती है।

हमारे शरीर के लिए विटामिन बी-12 बेहद जरूरी है। अगर आपके शरीर में विटामिन बी-12 संपूर्ण मात्रा में नहीं है तो आप कई तरह की बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। बता दें कि यही एक मात्र विटामिन है जिसे हमारा शरीर नहीं बना पाता। वर्तमान में लोगों के लिए विटामिन बी-12 की कमी एक आम समस्या है। बता दें कि विटामिन बी-12 ब्लड सेल्स को बनाता है। वहीं यह डीएनए बनाने का भी काम करता है। पुरुष और महिला में 200 pg/mlऔर 900 pg/ml के बीच विटामिन होता है। यह विटामिन बी-12 के नॉर्मल लेवल में आता है। वहीं




- अंडे, फोर्टिफाइड अनाज, दूध, क्लैम्स आहार, ऑइस्टर, टूना व सैल्मन विटामिन बी-12 के अच्छे स्रोत
- हाथों में झनझनाहट रहना, मुंह में अल्सर आ जाना, बहुत थकान या कमजोरी जैसे लक्षण

अगर बड़ी उम्र के लोगों की बात करें तो इसका लेवल 300 से 350 pg/ml के बीच का होता है। शरीर में विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने के लिए कई घेरलू चीजों को लिया जा सकता है। इसमें मीट (विशेष रूप से पोर्क, लिवर और अन्य अगों के मीट में), अंडे, फोर्टिफाइड अनाज, दूध, क्लैम्स आहार, ऑइस्टर, टूना और सैल्मन विटामिन बी-12 के अच्छे स्रोत माने जाते हैं।

विटामिन बी-12 से जुड़ी सभी प्रकार की जानकारी के लिए दिल्ली के ईएसआईसी (इंदिरा गांधी) अस्पताल झिलमिल के सीनियर रेजिडेंट डॉ. युगम प्रसाद शांडिल्य ने बताया कि किन लोगों को विटामिन बी-12 की समस्या है इसे जानने के लिए उसके लक्षणों पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। ऐसे में इसकी कमी से हाथों में झनझनाहट रहना, मुंह में अल्सर आ जाना, बहुत थकान या कमजोरी महसूस होना और एंजाइटी जैसे लक्षण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में मरीज को सिरदर्द, बेहोशी महसूस होना जैसी समस्याएं भी आ सकती है। आगे कहा कि इसके अलावा इस विटामिन की कमी से हाथ-पैरों में दर्द के साथ देखने में थोड़ी सी परेशानी आती है। ऐसे में एनीमिया और दिमाग से जुड़ी बीमारियां भी हो सकती है। इसमें हड्डियां कमजोर होने जैसी समस्याएं भी आती है।

डॉ. युगम प्रसाद शांडिल्य ने बताया कि ऐसे में ज्यादातर मरीज का डाइजेशन सहीं नही रहता, उन्हें खाना पचाने में काफी परेशानी आती है।

## कैमरे का सामना करने के लिए बेहद उत्साहित हूं : सोनम कपूर



**मुंबई,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री सोनम कपूर का कहना है कि वह कैमरे का सामना करने के लिए बेहद उत्साहित है। बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर अगले साल की शुरुआत में अपनी प्रेग्नेंसी के बाद अपने पहले प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। यह एक ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट होगा। हालांकि, इस प्रोजेक्ट के बारे में अतिरिक्त जानकारी जल्द ही घोषित की जाएगी।

सोनम कपूर ने पुष्टि की, मैं अपनी प्रेग्नेंसी के बाद फिर से कैमरे का सामना करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे एक्टर होना पसंद है और अपने प्रोफेशन के जरिए इतने दिलचस्प किरदारों को जीना पसंद है। इंसान मुझे हमेशा से आकर्षित करते हैं और मुझे अलग-अलग भूमिकाएं निभाना बहुत पसंद है। मैं अपने अगले प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

सोनम कपूर ने कहा कि मैं अगले साल की शुरुआत में सेट पर लौटूंगी। इस प्रोजेक्ट की डिटेल्स अभी तय की जा रही हैं, इसलिए मैं इसके बारे में अधिक जानकारी नहीं दे सकती। यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है। फिलहाल मैं इतना ही कह सकती हूं।

# अब दिल की धड़कनों का हाल बताएगा 'वियरेबल हार्ट मॉनिटर'

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी शोधकर्ताओं ने बताया है कि उन्होंने एक ऐसा पहनने वाला मॉनिटर तैयार किया है जिसके माध्यम से व्यक्ति की हृदय गति को ट्रैक किया जा सकता है। हालांकि, अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में ड्यूक क्लिनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट की टीम ने कहा कि हार्ट मॉनिटर से स्ट्रोक के कारण अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में कमी नहीं आई है।



जर्नल ऑफ द अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक अमेरिका में लगभग 12,000 रोगियों का पंजीकरण किया गया था। जो कम से कम 70 वर्ष के थे। उनमें एट्रियल फाइब्रिलेशन का कोई इतिहास नहीं था।

एट्रियल फाइब्रिलेशन का मतबल दिल की धड़कनों का अनियमित होना है। इन रोगियों में ऐसा नहीं था। लगभग आधे रोगियों की उपकरण के माध्यम से 14 दिनों तक निगरानी की गई। वहीं, अन्य की सामान्य देखभाल की गई।

15 महीनों के फॉलो-अप के बाद, अध्ययन में सामान्य देखभाल वाले लोगों की तुलना में डिवाइस पहनने वालों में एट्रियल फाइब्रिलेशन से निदान के मामलों की संख्या में 52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हृदय गति मॉनिटर सेंसर युक्त होते हैं और हृदय या नाड़ी गति को ट्रैक करते हैं। ये उपकरण स्मार्टवॉच में भी उपलब्ध हैं और व्यायाम के दौरान हृदय गति को ट्रैक करने, तनाव के लिए हृदय गति की निगरानी करने में सक्षम होते हैं। कुछ होने की संभावना में सचेत करने में मदद करते हैं। लेकिन ये अधिक सटीक चिकित्सा उपकरणों का विकल्प नहीं हो सकते।

# दुश्मनों के छक्के छुड़ाने वाले सेना के जांबाज श्वानों को कोई भी ले सकता है गोद

**नई दिल्ली,** 2 अगस्त (एजेंसियां)। आप चाहें, तो सैनिकों की तरह ही देश की रक्षा में अपनी जान की बाजी लगाने से भी पीछे नहीं हटने वाले सेना के जांबाज श्वानों को गोद लेकर अपने पास रख सकते हैं। जी हां आपको यह सुनकर हैरानी होगी, लेकिन यह बात सही है कि सेना ने पिछले कुछ वर्षों से यह प्रक्रिया शुरू की है, जिसमें कोई भी सेना से सेवानिवृत होने वाले इन जांबाज और बहादुर श्वानों को अपने पास रख कर अपने घर की शोभा बढ़ाने के साथ-साथ उसकी सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकता है।

सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सेना के सेवानिवृत श्वानों को आसानी से गोद लिया जा सकता है। इसके लिए कोई विशेष शर्तें नहीं हैं, लेकिन इतना जरूरी है कि आपको कुत्तों से विशेष लगाव और जुड़ाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसकी प्रक्रिया बेहद आसान और सरल है। यदि कोई इन श्वान को गोद लेना चाहता है, तो उसे सेना को पत्र लिखकर आवेदन करना होगा और अपने बारे में बताना होगा। पत्र में व्यक्ति को अपना पता, पहचान और अन्य विवरण भी देना होता है। सेना आपके आवेदन पर विचार करने और संतुष्ट होने के बाद आपको



सेवानिवृत श्वान को अपने साथ ले जाने की इजाजत दे देती है। उन्होंने कहा कि इन श्वानों की सूंघने तथा आभास करने की अद्भुत क्षमता होती है और इसका कोई विकल्प हाल फिलहाल नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले लंदन में प्रौद्योगिकी के आधार पर एक प्रकार के रोबोट में श्वान की तरह सूंघने तथा आभास करने की क्षमता पैदा करने की कोशिश की गई, लेकिन यह कारगर नहीं पायी गई। सेना में श्वानों को लंबे समय से रखा जा रहा है और उनके लिए विशेष इकाईयां भी हैं, जहां इन्हें गहन प्रशिक्षण देकर विभिन्न कार्यों में प्रशिक्षित किया जाता है। इन श्वानों को बारूदी सुरंगों और विस्फोटकों का पता लगाने, ट्रेकिंग, हमला करने, गश्त और विभिन्न तरह के खोजी तथा बचाव अभियानों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। इनका अपने ट्रेनर तथा हैंडलर के साथ इतना अधिक लगाव हो जाता है कि ये उनके लिए अपनी जान देने से कभी भी पीछे नहीं हटते। रणबांकुरें सैनिकों की तरह सेना में इन जांबाज श्वानों का भी गौरवशाली इतिहास है और इन्होंने समय समय पर देश की रक्षा से जुड़े अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है तथा प्राणों का बलिदान भी दिया है। इसके लिए इनके योगदान के अनुसार इन्हें स्वतंत्रता दिवस तथा गणतंत्र दिवस जैसे मौकों पर सैनिकों के साथ साथ वीरता पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जाता है। करीब 08 से दस वर्ष की समर्पित सेवा के बाद सेना से सेवानिवृत होने वाले इन श्वानों को सेवानिवृत सैनिकों की तरह पूरा सम्मान दिया जाता है और उन्हें जीवन के अगले पड़ाव के लिए सेना की मेरठ स्थित रिमाउंट और वेटनरी कोर में सम्मान के साथ रखा जाता है। सेवानिवृत श्वानों को ट्रेन में प्रथम श्रेणी के वातानुकूलित कोच में उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाता है।

# आज से 43 साल पहले लगा था दुनिया का पहला एटीएम, बदल गया बैंकिंग का तरीका

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। पहले के समय में लोगों को बैंक से पैसे निकालने के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ता था, लेकिन एटीएम आने के बाद से चीजें आसान होती गई। आज के दौर में जरूरत के समय कभी भी केवल कार्ड का उपयोग करके आसानी से एटीएम (ऑटोमेटेड टेलर मशीन) से कैश निकाल सकते हैं। आइए जानते हैं दुनिया में एटीएम की शुरुआत कैसे हुई। भारत में जन्मे ब्रिटिश मूल के शेफर्ड बैरन को एटीएम की खोज का श्रेय दिया जाता है। एक बार वह बैंक से पैसे निकालने के लिए गए तो उन्हें घंटों लाइन में बिताने पड़े थे। इसके बाद उन्हें चॉकलेट की वेंडिंग मशीन को देखकर ख्याल आया कि जब मशीन चॉकलेट दे सकती है तो पैसे क्यों नहीं।



एटीएम आने के बाद से चीजें होती गई आसान

इसके बाद बैरन खोज में लग गए और एटीएम का आविष्कार किया। एटीएम की शुरुआत आज से ठीक 43 साल पहले हुई थी। 2 सितम्बर 1969 को अमेरिका में दुनिया का पहला कार्ड बेस्ड एटीएम लगाया गया था। यह एटीएम न्यूयॉर्क के रॉकविले सेंटर के केमिकल बैंक में खोला गया था। जानकारी के मुताबिक, बैंक की ओर से दुनिया का पहला एटीएम लगाए जाने का प्रचार करते हुए कहा गया था, '2 सितम्बर को हमारा बैंक खुलेगा और फिर कभी बंद नहीं होगा।' इसके बाद एटीएम मशीन धीरे-धीरे पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो गई।

भारत में पहला एटीएम वर्ष 1987 में एचएसबीसी बैंक द्वारा लगाया गया था। एटीएम के सुविधाजनक होने के कारण देश में इसका नेटवर्क तेजी से बढ़ा और अगले दस वर्षों में देश में एटीएम की संख्या बढ़कर 1,500 तक पहुंच गई। आज के समय में देश में 2.5 लाख से ज्यादा एटीएम हैं। एटीएम आज के समय में पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो चुका है और बड़े स्तर पर उपयोग किया जा रहा है। इसे दुनियाभर में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। यूके में इसे 'कैश प्वाइंट्स' और ऑस्ट्रेलिया में 'मनी मशीन' के नाम से भी जाना जाता है।

## केबीसी की हॉटसीट पर बैठने के लिए श्रीम शर्मा ने रखा 97 दिन का रखा उपवास

**मुंबई,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के ज्ञान-आधारित गेम शो, कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) सीजन 16 के हॉट सीट पर बैठने के लिए प्रतियोगी श्रीम शर्मा को 97 दिन का उपवास रखना पड़ा। 2 सितम्बर को रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के ज्ञान आधारित गेम शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 में मोगा, पंजाब के महत्वाकांक्षी प्रतियोगी श्रीम शर्मा हॉटसीट पर बैठने के अपने सपने को पूरा करेंगे। श्रीम की मां कौन बनेगा करोड़पति की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं, जिससे प्रेरित होकर ज्योतिषी श्रीम शर्मा ने उनके सपने को हकीकत में बदलने का बीड़ा उठा लिया। हॉट सीट तक पहुंचने के लिए दृढ़ संकल्पित, श्रीम शर्मा ने उपवास का संकल्प लिया, क्योंकि उनका मानना है कि कुछ महत्वपूर्ण पाने के लिए, व्यक्ति को किसी मूल्यवान चीज का त्याग करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। और शो में दिल छूने वाला पल भी आया, जब मेजबान अमिताभ बच्चन ने श्रीम का उपवास तोड़ने में उसकी मदद करने के लिए, उन्हें उनकी पसंदीदा मिठाई, 'रसमलाई' खिलाई। श्रीम का परिवार ज्योतिष में गहरी आस्था रखता है, और उनके पिता और परिवार के अन्य सदस्य ज्योतिष विद्या की प्रैक्टिस करते हैं। भले ही एक समय उनका भविष्य क्रिकेट में अच्छा था, लेकिन एक चोट की वज़ह से उनका यह करियर




विकल्प पीछे छूट गया, और उन्हें ट्रैवल व्लॉगिंग की ओर अग्रसर होना पड़ा। अपने ज्योतिषी के पेशे के अलावा, श्रीम को छोटे-छोटे ट्रेक का आनंद लेते हुए, और संगीत सुनते हुए पहाड़ों में सुकून मिलता है। शो में, श्रीम ने फिल्म कल्कि के साथ अपने गहरे भावनात्मक कनेक्शन के बारे में भी बताया, जो अब उनकी पसंदीदा फिल्म है, और उन्होंने अमिताभ के परफ़ॉर्मेंस और फिल्म के मार्मिक दृश्यों की तारीफ की। शो में अपने सफर के बारे में बात करते हुए, श्रीम ने कहा,मेरी मां इस शो की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं, और वह अक्सर मुझे जल्दी घर आने के लिए कहती हैं जिससे हम साथ में कौन बनेगा करोड़पति देख सकें।

## हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिलाने वाले 'अमरनाथ झा' का शिक्षा जगत में अनमोल योगदान

### फारसी, संस्कृत, उर्दू, बंगाली और हिंदी भाषाओं के थे अच्छे जानकार

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। हिंदी को उसका अधिकार दिलाने का ताउम्र प्रयास करते रहे डॉ. अमरनाथ झा। संस्कृत, उर्दू में महारत हासिल थी लेकिन विशेष लगाव हिंदी से था। राजभाषा आयोग के अहम सदस्य भी बनाए गए और इनकी सलाह को गंभीरता से लिया भी गया। खिचड़ी भाषा के धुर विरोधी थे। शिक्षा जगत में बहुमूल्य योगदान देने वाले महान शिक्षाविद डॉ. अमरनाथ झा का जन्म बिहार के मधुबनी जिले में 25 फरवरी, 1897 को हुआ था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति रहने के साथ-साथ अमरनाथ झा ने अपने समय के सबसे योग्य अंग्रेजी के प्रोफेसर के रूप ख्याति अर्जित की। अंग्रेजी के विद्वान होने के साथ-साथ वे फारसी, संस्कृत, उर्दू, बंगाली और हिंदी भाषाओं के अच्छे जानकार थे। उनकी शिक्षा-



दीक्षा इलाहाबाद में हुई थी। एमए की परीक्षा में वे 'इलाहाबाद विश्वविद्यालय' में सर्वप्रथम रहे थे। उनकी योग्यता देखकर एमए पास करने से पहले ही उन्हें 'प्रांतीय शिक्षा विभाग' में अध्यापक नियुक्त कर लिया गया था। उन्होंने हिंदी को राजभाषा बनाने के लिए बहुमूल्य योगदान दिया था। हिंदी को राजभाषा बनाने के उनके सुझाव को स्वीकार किया था और फिर बाद में हिंदी को 'राजभाषा' का दर्जा दिया गया था। लंबे समय तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रमुख रहे, जहां उन्हें मात्र बत्तीस वर्ष की आयु में नियुक्त किया गया था। यहां वे प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहने के बाद वर्ष 1938 में विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर बने और वर्ष 1946 तक इस पद पर बने रहे। उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय ने बहुत उन्नति की और उसकी गणना देश के उच्च कोटि के शिक्षा संस्थानों मे होने लगी। बाद में उन्होंने एक वर्ष 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के वाइस चांसलर का पदभार सम्भाला तथा उत्तर प्रदेश और बिहार के 'लोक लेवा आयोग' के अध्यक्ष रहे।

अपनी विद्वता के कारण देश-विदेश में सम्मान पाने वाले अमरनाथ झा का बतौर साहित्यकार साहित्यों के प्रति जुनून था। उनकी लाइब्रेरी में बड़ी संख्या में पुस्तकें रखी रहती थी। जो उनकी जीवन का अटूट हिस्सा थी।

## जन्मदिन विशेष : गुजरे जमाने की ट्रेंड सेटर अदाकारा, जिनका 'साधना' कट आज भी कइयों की पसंद



**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। 'बरेली के बाजार' में गिरे झुमके पर लोग इतना नहीं झूमते अगर इसमें सामने की लटों को फूंक मारकर किनारे करती साधना न होतीं। हेयरस्टाइल जो दादी - नानी के जमाने से अब तक हिट है। यहां तक कि बॉलीवुड की हॉट अदाकारा बिपाशा बसु ने हाल ही में अपनी बेटी देवी की वीडियो क्लिप साझा कर कहा भी था 'लव द साधना कट'। साधना शिवदासानी एक ट्रेंड सेटर रहीं। हेयर कट हो, ड्रेसिंग स्टाइल हो या फिर किरदार, जो भी किया या निभाया वो उस जमाने में ब्लॉकबस्टर रहा। ठीक उनकी 28 फिल्मों की तरह!

साधना इकलौती संतान थीं। माता पिता ने बहुत लाड़ प्यार से पाला पोसा। बचपन से ही फिल्मी पर्दे पर दिखने का शौक था। बाल कलाकार के तौर पर कुछ फिल्मों में अदाकारी की फिर आया साल 1958। एक सिंधी फिल्म अबाना ने नई दिशा की ओर बढ़ा दिया। उस जमाने की मशहूर एक्ट्रेस शीला रमानी के साथ काम किया और इतना बढ़िया कि मेन लीड ने कह दिया कि तुम बड़ी हिरोइन बनोगी। इसका किस्सा भी जबरदस्त है।

किशोर उम्र की साधना अबाना में रमानी की बहन का रोल निभा रही थीं। बड़ी एक्टर को देख पहुंच गईं ऑटोग्राफ लेने। पूत के पांव तो रमानी ने पहचान ही लिए थे झट से बोलीं- आज तुम मेरा ऑटोग्राफ ले रही हो और कल मैं तुम्हारा लूंगी। एक दिलचस्प बात ये भी है कि अबाना के लिए साधना को कोई बड़ी रकम नहीं बल्कि महज एक रुपए मिले थे। इस एक रुपए ने हौसले में जंग नहीं लगाई बल्कि लकी ही साबित हुआ। इस मूवी की फोटो मैग्जिन में छपी और फिर जो हुआ उसके लिए हिंदी सिने प्रेमी उस एक रुपए के एहसानमंद रहेंगे!

छपी फोटो देखी निर्माता सुबोध मुखर्जी ने। उस जमाने की जानी मानी शख्सियत थी। सुबोध अपने बेटे जॉय मुखर्जी को लॉन्च कराना चाह रहे थे और उन्हें एक फ्रेश फीमेल चेहरे की दरकार थी। उनकी ये तलाश साधना पर आकर खत्म हुई। तो इस तरह लव इन शिमला के जरिए बॉलीवुड में साधना शिवदासानी की एंट्री हुई। फिल्म के निर्देशक भी नए नवेले थे और नाम था आरके नय्यर। उम्र का बड़ा फासला था। दोनों में प्यार हुआ। भनक शिवदासानी परिवार को लगी तो मामला बेपटरी हुआ। मां ने मना किया और नय्यर को लीगल एक्शन की धमकी दी गई। नतीजा डायरेक्टर साहब पीछे हट गए। सबसे अहम बात ये कि लव इन शिमला ने ही साधना को वो हेयरस्टाइल दिया जो आज तक उन्हीं के नाम से जाना जाता है। साधना कट, जिसे सुझाने का सेहरा भी आर के नय्यर के सिर पर बंधता है। जिनसे आगे चलकर एक्टर ने 1966 में शादी रचाई। साधना से जुड़े कई किस्से हैं। प्रोफेशनल लाइफ लाजवाब रही लेकिन बाद में पर्सनल लाइफ पर असर पड़ा एक बीमारी का। पर्दे से दूरी बनाई तो पब्लिक लाइफ से भी किनारा किया। थायराइड का इलाज बोस्टन में चला ठीक भी हुईं लेकिन जिन आंखों से पूरी बात कहने का माद्दा रखती थीं उन्हीं आंखों पर असर पड़ा।

### वैज्ञानिकों ने अध्ययन में किया दावा

# हफ्ते में तीन बार 5000 से ज्यादा चलने वालों की जिंदगी खुशहाल

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। एक अध्ययन का दावा है कि एक हफ्ते में कम से कम तीन बार 5000 से ज्यादा चलने वालों की जिंदगी खुशहाल और लंबी हो सकती है। लाइफस्टाइल संबंधी बीमारियों जैसे डायबिटीज, हार्ट डिजीज, स्ट्रोक, मोटापा, डिप्रेशन आदि से भी बचा जा सकता है।

स्वस्थ रहने के लिए मेहनत करने का इरादा तो हर किसी के मन में पनपता है, लेकिन भागदौड़ भरी इस जिंदगी में समय की बड़ी मार है। इन तमाम चुनौतियों का रामबाण है पैदल चलना। मॉर्डन युग में अब ज्यादातर लोगों के



हाथ में स्मार्ट वॉच पहनने का चलन है। इसके कई फायदे हैं, समय दिखाने के अलावा इसमें पल्स रेट से लेकर आपने पूरे दिन में कितने कदम चले इसका हिसाब भी रखता है।

लोग उसे देख तसल्ली से कहते हैं चलो इतने स्टेप्स (कदम) तो पूरे हुए। फिर भी अच्छी सेहत रखने के लिए कितने कदम चलने चाहिए इसे लेकर हमेशा बहस होती रही है। एक दिन में 10 हजार कदम चलना बेस्ट माना गया है, लेकिन उम्र के हिसाब से हर किसी के लिए कदमों की संख्या अलग-अलग है।

**मधुमेह, हार्ट डिजीज, स्ट्रोक, मोटापा, तनाव में मिल सकती है राहत**

कुछ महीने पहले लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की एक शोध से पता चला कि दो साल तक प्रति सप्ताह तीन बार कम से कम 5,000 कदम चलने की आदत को बनाए रखने वाले शख्स की उम्र तीन साल और बढ़ सकती है। इतना ही नहीं वर्जिश से जुड़े एक्स्ट्रा खर्चे में भी लगभग 13 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। रोजाना पैदल चलने से कई तरह के फायदे होते हैं, जैसे कि शरीर एक्टिव रहता है और हम दिनभर के कामों को आसानी से कर पाते हैं। पैदल चलने से हृदय गति में सुधार होता है और रक्तचाप भी कम होता है। जोड़ों के दर्द में आराम भी मिलता है। पैदल चलने से चिंता और अवसाद जैसी मानसिक समस्याओं में भी काफी हद तक राहत मिलती है।

# [अर्थ जगत]



**पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर**

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 3.23 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.19 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 3.13 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.60 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.55 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 1.57 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.52 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.04 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.97 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.61 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,541 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 85,270 |
| वायदा | 68,426 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2650-2750 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4200-4300 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 7200-7300 |
| दाल चना | 8200-8300 |
| मसूर काली | 7400-7500 |
| उड़द दाल | 11500-11600 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10700-10800 |


# 3,300 करोड़ रुपए की सेमीकंडक्टर इकाई की मंजूरी

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सोमवार को गुजरात के साणंद में 3,300 करोड़ रुपए के निवेश से सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए केनेस सेमीकॉन प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत प्रस्तावित इकाई प्रतिदिन लगभग 60 लाख चिप का उत्पादन करेगी। इस इकाई में उत्पादित चिप का इस्तेमाल कई प्रकार के उत्पादों में किया जाएगा। इनमें औद्योगिक, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और मोबाइल फोन आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, देश में हर उपकरण के लिए मेड इन इंडिया चिप विकसित करने का सपना पूरा करने की क्षमता है। इस साल के अंत तक देश में पहली स्वदेशी चिप आ जाएगी। मार्च में पीएम मोदी ने 1.25 लाख करोड़ रुपये की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स गुजरात के धोलेरा में एक सेमीकंडक्टर फैब और असम के मोरीगांव में एक सेमीकंडक्टर इकाई



■ इकाई प्रतिदिन लगभग 60 लाख चिप का करेगी उत्पादन
■ साल के अंत तक देश में आ जाएगी पहली स्वदेशी चिप

स्थापित कर रही है। सीजी पावर साणंद में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित कर रही है। इन इकाइयों से लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अनुसार, सभी चार सेमीकंडक्टर इकाइयों का निर्माण तेज गति से चल रहा है और इकाइयों के पास एक मजबूत सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र उभर रहा है।

मंत्रालय के अनुसार, इन चार इकाइयों से लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए का निवेश आएगा। इन इकाइयों की कुल क्षमता प्रतिदिन लगभग सात करोड़ चिप बनाने की होगी।

देश में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए कार्यक्रम को 2021 में 76 हजार करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ अधिसूचित किया गया था।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत का सेमीकंडक्टर-संबंधित बाजार 2026 में 64 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा, जो 2019 में लगभग तीन गुना हो जाएगा। कंद्रीय रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में कहा कि अगले पांच वर्षों में देश दुनिया के सबसे बड़े सेमीकंडक्टर केंद्रों में से एक बन जाएगा।

## 'डिजिटल भारत निधि' से शहरी टेलीकॉम सेवाओं को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** सरकार ने 80,000 करोड़ रुपए की डिजिटल भारत निधि की घोषणा की है, जो अब शहरी क्षेत्रों में भी टेलीकॉम सेवाओं को फंड करेगी। इस फंड का इस्तेमाल उन प्रोजेक्ट्स के लिए किया जाएगा जो टेलीकॉम सेवाओं को सस्ता और सुरक्षित बनाने में मदद करेंगे। फंड से मोबाइल और ब्रॉडबैंड सेवाओं के साथ-साथ टेलीकॉम उपकरणों को भी सपोर्ट मिलेगा।



सरकार की प्रेस रिलीज के मुताबिक, इस योजना के तहत टेलीकॉम सेवाओं और जरूरी उपकरणों के लिए फंडिंग मिलेगी, और इसका मकसद ग्रामीण, दूर-दराज और शहरी क्षेत्रों में टेलीकॉम सेवाओं की पहुंच और सुलभता को बेहतर बनाना है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने (पहले ट्विटर) पर कहा कि यह कदम सभी को समान टेलीकॉम सेवाएं देने में मदद करेगा और 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को मजबूत करेगा। मार्च 2024 तक इस फंड में 79,638 करोड़ रुपए जमा थे। पहले इसे यूनिवर्सल सर्विसेज ऑब्लिगेशन फंड कहा जाता था, जो सिर्फ ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों पर फोकस करता था। अब इस फंड का नाम बदलकर डिजिटल भारत निधि कर दिया गया है, और इसका दायरा बढ़ा दिया गया है ताकि नई तकनीक और स्टार्टअप्स को सपोर्ट मिल सके। डिजिटल भारत निधि के तहत फंडेड प्रोजेक्ट्स को टेलीकॉम नेटवर्क को खुले और भेदभाव-रहित तरीके से चलाना और मैनेज करना होगा।

## अगस्त में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई गिरकर 57.5 पर पहुंचा

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। इस साल अगस्त में भारत की फैक्ट्री गतिविधियां धीमी गति से बढ़ीं है क्योंकि आज जारी मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) पिछले महीने के 58.1 से घटकर 57.5 पर आ गया है। हालांकि एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई अपने दीर्घकालिक औसत 54 से ऊपर रहा, जो परिचालन स्थितियों में पर्याप्त सुधार का संकेत देता है।

50 से नीचे का पीएमआई प्रिंट संकुचन का संकेत देता है, जबकि इससे ऊपर का प्रिंट गतिविधियों में विस्तार को दर्शाता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि अगस्त में भारतीय विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार जारी रहा, हालांकि विस्तार की गति थोड़ी धीमी रही। नए ऑर्डर और आउटपुट ने भी हेडलाइन ट्रेंड को प्रतिबिंबित किया, जिसमें कुछ पैनलिस्टों ने



■ निर्यात ऑर्डर भी वर्ष की शुरुआत के बाद से सबसे कम गति से बढ़े

मंदी के लिए भयंकर प्रतिस्पर्धा को कारण बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धी दबावों और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण अगस्त में आने वाले वर्ष के लिए व्यापार परिदृश्य में थोड़ी नरमी आई।

इस पीएमआई सर्वेक्षण में कहा गया है कि दूसरी वित्तीय तिमाही के मध्य में नए व्यवसाय में तेजी से वृद्धि हुई, लेकिन विस्तार की गति सात महीने के निचले स्तर पर आ गई। पैनल के सदस्यों ने इस वृद्धि का श्रेय विज्ञापन, ब्रांड पहचान और स्वस्थ मांग प्रवृत्तियों को दिया।

## आईपीपीबी ने 7 वर्षों में डीबीटी के जरिए हस्तांतरित किए 45 हजार करोड़ रुपए

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को




डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए बीते सात वर्षों में 45,000 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। संचार मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई।

मंत्रालय द्वारा कहा गया कि पिछले सात वर्षों में आईपीपीबी ने पेपरलेस, कैशलेस और प्रसेंजलेस बैंकिंग जैसी सुविधाएं पेश की हैं और 9.88 करोड़ से अधिक ग्राहकों को अपने साथ जोड़ा है।

आईपीपीबी की स्थापना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 सितंबर, 2018 को की गई थी। यह संचार मंत्रालय के डाक विभाग के तहत आता है। इसे किफायती दरों पर डिजिटल बैंकिंग सेवाएं वंचित लोगों तक पहुंचाने के लिए बनाया गया था।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हम भारत के वंचित समुदायों को सशक्त बनाने के सात साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, आईपीपीबी ने अब तक जितना प्रभाव स्थापित किया है उस पर हमें गर्व है। हमारा मिशन देश के हर नागरिक की बैंकिंग तक पहुंच (विशेषकर दूर-दराज और उत्तर-पूर्व के इलाकों में) सुनिश्चित करना है।

## पूर्व मध्य रेलवे ने अगस्त माह तक 83 मिलियन टन से अधिक का किया लदान

**हाजीपुर,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। पूर्व मध्य रेलवे को चालू वित्तीय 2024-25 के अप्रैल से अगस्त माह तक माल ढुलाई सहित अन्य सभी स्रोतों से आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस दौरान पूर्व मध्य रेलवे को 13,469 करोड़ रुपए की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में प्राप्त प्रारंभिक आय 12,737 करोड़ रुपए की तुलना में 5.75 प्रतिशत अधिक है।

इस वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल से अगस्त माह तक पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 83.28 मिलियन टन का माल लदान किया गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी अवधि में किए गए माल लदान 81.28 मिलियन टन की तुलना में 2.46 प्रतिशत अधिक



■ पूर्व मध्य रेलवे को 13,469 करोड़ रुपए की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई

है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने सोमवार को बताया कि इस प्रकार अप्रैल से अगस्त माह तक किए गए कुल माल लदान से पूर्व मध्य रेलवे को 11,151 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि के दौरान किए गए माल लदान से प्राप्त आय 10,741 करोड़ रुपए की तुलना में 3.82 प्रतिशत अधिक है।

उन्होंने बताया कि अप्रैल से अगस्त के दौरान मक्का, गेहूं एवं बॉक्साइट की लोडिंग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले वर्ष 2023 में मक्का के 218 रेक की तुलना में अगस्त 2024 तक मक्का के 368 रेक लोड किए गए, जो 68.81 प्रतिशत की वृद्धि है। इसी तरह पिछले वर्ष गेहूं के 19 रेक की तुलना में अगस्त 2024 तक गेहूं के 38 रेक लोड किए गए, जो 100 प्रतिशत की वृद्धि है। पिछले वर्ष 104 रेक की तुलना में अगस्त 2024 तक बॉक्साइट के 124 रेक लोड किए गए, जो 19.23 प्रतिशत की वृद्धि है।


# बजाज फिनसर्व व फाइनेंस की तेजी से चढ़ा बाजार

**मुंबई,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस समेत अठारह दिग्गज कंपनियों के तीन प्रतिशत से अधिक तक चढ़ने की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दसवें दिन बढ़त रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 194.07 अंक उछलकर 82,559.84 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.80 अंक चढ़कर 25,278.70 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.03 प्रतिशत फिसलकर 49,049.10 अंक और स्मॉलकैप 0.47 प्रतिशत गिरकर 55,760.94 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4187 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1776 में लिवाली जबकि 2262 में बिकवाली हुई वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वहीं, निफ्टी की 27 कंपनियों में तेजी जबकि 23 में गिरावट रही।

बीएसई के सात समूहों में तेजी रही। इससे ऊर्जा 0.11, एफएमसीजी 0.75, वित्तीय सेवाएं 0.55, आईटी 0.37, यूटिलिटीज 0.55, बैंकिंग 0.32 और टेक समूह के शेयर 0.07 प्रतिशत मजबूत रहे। वहीं, हेल्थकेयर 0.43, इंडस्ट्रियल्स 0.82, दूरसंचार 1.65, कैपिटल गुड्स 0.81 और धातु समूह के शेयर 0.81 प्रतिशत गिर गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.07, जर्मनी का डैक्स 0.16, हांगकांग का हैंगसेंग 1.65 और चीन का शंघाई कम्पोजिट




1.10 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, जापान के निक्केई में 0.14 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 360 अंक की छलांग लगाकर 82,725.28 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 82,440.93 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। अंत में पिछले दिवस के 82,365.77 अंक के मुकाबले 0.24 प्रतिशत चढ़कर 82,559.84 अंक हो गया।

■ सेंसेक्स 194.07 अंक उछलकर 82,559.84 पर रहा
■ निफ्टी 42.80 अंक चढ़कर 25,278.70 पर बंद

इसी तरह निफ्टी भी 98 अंक की बढ़त लेकर 25,333.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,333.65 अंक के उच्चतम जबकि 25,235.50 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,235.90 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत बढ़कर 25,278.70 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में बजाज फिनसर्व 3.23, बजाज फाइनेंस 3.19, एचसीएल टेक 3.13, आईटीसी 1.60, इंडसइंड बैंक 1.55, एक्सिस बैंक 1.12, अल्ट्रासिमको 1.10, इंफ़ोसिस 1.07, अडानी पोर्ट्स 0.80, एसबीआई 0.79, एशियन पेंट 0.79, टेक महिंद्रा 0.66, टाइटन 0.54, रिलायंस 0.43, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.36, टाटा स्टील 0.03, मारुति 0.03, कोटक बैंक 0.02 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एनटीपीसी 1.57, टाटा मोटर्स 1.52, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.04, भारती एयरटेल 0.97, पावरग्रिड 0.61, एलटी 0.59, टीसीएस 0.50, एचडीएफसी बैंक 0.42, सन फार्मा 0.35, नेस्ले इंडिया 0.13, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.09 और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.01 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## गडकरी ने किया फ्लेक्स ईंधन वाहनों पर जीएसटी 28 से घटाकर 12 प्रतिशत करने का आग्रह

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अगले पांच वर्षों में भारत के जीवाश्म ईंधन की खपत में जैव ऊर्जा का हिस्सा 50 प्रतिशत होने का अनुमान जताते हुये सोमवार को राज्यों के वित्त मंत्रियों से फ्लेक्स-ईंधन वाहनों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत करने और साथ ही 15 प्रतिशत उपकर लगाने का आग्रह किया, ताकि हरित ईंधन विकल्पों को अपनाने को प्रोत्साहित किया जा सके। श्री गडकरी ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो 2024 के शुभारंभ के मौके पर यह अपील की। श्री गडकरी ने जीवाश्म ईंधन पर भारत की निर्भरता को कम करने में जैव ईंधन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।



इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी द्वारा आयोजित इंडिया बायो-एनर्जी एंड टेक एक्सपो 2024 ने जैव ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के भविष्य पर चर्चा करने और भारत की हरित ऊर्जा पहलों को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत से जुड़े लोग, सरकारी प्रतिनिधि और विशेषज्ञ जैव ऊर्जा में नवीनतम प्रगति और भारत के स्थिरता लक्ष्यों को प्राप्त करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा कर रहे हैं। इस दौरान भारत के बढ़ते बायोएनर्जी क्षेत्र में योगदान देने वाले उद्योग जगत के लोगों को सम्मानित किया गया।

### सार संक्षेप

## नोमुरा ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाया

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के सरकारी आंकड़ों में वित्त वर्ष 25 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए जीडीपी ग्रोथ को कम बताए जाने के बाद नोमुरा ने भी वित्त वर्ष 25 के लिए अपने जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को कम कर दिया है। नोमुरा के एनालिस्ट्स ने 30 अगस्त की एक नोट में कहा कि कुल मिलाकर, दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े उम्मीद से कमजोर हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ग्रोथ में आई कमजोरी का दबाव चुनाव है या धीमी प्रॉफिट ग्रोथ। नोमुरा ने कहा कि भले ही सरकारी खर्च फिर से बढ़ रहा है लेकिन, कॉरपोरेट प्रॉफिट ग्रोथ में कमी और क्रेडिट ग्रोथ में नरमी जारी रहने की संभावना है। ऐसा इसलिए क्योंकि ग्रोथ में गिरावट आ रही है। बता दें कि 30 अगस्त को आरबीआई ने अपने वृद्धि अनुमान जारी करते हुए बताया था कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर नरम होकर 5 तिमाही में सबसे कम 6.7 फीसदी रही।

## बीपीसीएल से सरकार को हुई 2,413 करोड़ रुपए की कमाई

**नई दिल्ली।** भारत की दूसरी सबसे बड़ी सरकारी तेल कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने लाभांश से 2,413 करोड़ रुपए भारत सरकार को दिए हैं। डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक एसेट मैनेजमेंट के सेक्रेटरी ने बताया कि 'सरकार को लाभांश किस्त के रूप में बीपीसीएल से लगभग 2,413 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। बता दें कि सरकारी कंपनी होने के नाते भारत सरकार बीपीसीएल की प्रमोटर है। 30 जून 2024 के डेटा के मुताबिक, प्रमोटर की बीपीसीएल में 52.98प्रतिशत हिस्सेदारी है। ऐसे में कंपनी ने वित्त वर्ष 24 के दौरान जितना भी डिविडेंड का ऐलान किया होगा, उसका 52.98प्रतिशत हिस्सा सरकार के खाते में चला गया होगा। बाकी बची हिस्सेदारी म्यूचुअल फंड, विदेशी निवेशकों औऱ रिटेल निवेशकों के पास है। बीपीसीएल के चेयरमैन जी कृष्णकुमार ने आज शेयर बाजार को दिए बयान में कहा, 'वर्ष 2023-24 कंपनी की ग्राहक केंद्रितता, लचीलापन और विकास मानसिकता की लगभग पांच दशकों की स्थायी विरासत के प्रमाण के रूप में इतिहास में दर्ज किया जाएगा।

## खावड़ा फेस पार्ट-ए ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट का अधिग्रहण पूरा

**अहमदाबाद।** अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ( एईएसएल) की ओर से सोमवार को कहा गया कि कंपनी की ओर से खावड़ा फेस-4 पार्ट-ए ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट का अधिग्रहण पूरा कर लिया गया है। इससे देश की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन कंपनी के रूप में एईएसएल की स्थिति और मजबूत होगी। 4,091 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट में 298 किलोमीटर लंबी 7 गीगावाट की ट्रांसमिशन लाइन है, जो कि खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क से राष्ट्रीय ग्रिड को बिजली की आपूर्ति करेगी। एईएसएल की ओर से यह प्रोजेक्ट टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रोसेस से जीता गया है। इस प्रोजेक्ट को अगले 24 महीने में कमीशन किया जाएगा और 35 वर्षों तक कंपनी इसकी देखरेख करेगी।

## खाद्य तेल व दालों में मिलाजुला रुख, अन्य जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 43 रिंगिट गिरकर 4032 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.09 सेंट फिसलकर 41.92 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 74 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि सोया रिफाइंड 73 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मसूर दाल 50 रुपए और उड़द दाल 300 रुपए प्रति क्विंटल लुढ़क गया। वहीं, चना, दाल चना, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव स्थिर रहे।



**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 7200-7300, दाल चना 8200-8300, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 11200-11300, अरहर दाल 10700-10800 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# एयर इंडिया ने बेड़े में शामिल किया नया लग्जरी विमान ए350

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। टाटा समूह द्वारा संचालित एयर इंडिया ने सोमवार को अपने बेड़े में नया विमान एयर बस ए 350-900 शामिल किया। यह विमान दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे के लिए दिन में दो बार उड़ान भरेगा।

विमान के बिजनेस क्लास में 28 निजी सिंगल केबिन सूट होंगे साथ ही प्रीमियम इकोनॉमी क्लास में अतिरिक्त लेग स्पेस के साथ 24 फुल-फ्लैट बेड और इकोनॉमी क्लास में 264 आलीशान सीटें होंगी।

यह विमान एयर इंडिया के पुराने हो रहे बोइंग 777-300 ईआर और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर जैसे विमानों की जगह लेगा, जो सप्ताह में 14 से 17 बार उड़ान भरेगा। उड्डयन विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक, इस विमान के सेवा में आने के बाद कंपनी के दिल्ली से लंदन के हीथ्रो रूट पर हर सप्ताह करीब 336 सीटों की बढ़ोत्तरी होगी। एयर इंडिया के एमडी और सीईओ कैंपबेल विल्सन ने इस विमान के एयर इंडिया में शामिल होने पर खुशी जताते हुए कहा कि दिल्ली-लंदन हीथ्रो मार्ग पर ए350 की तैनाती एयर इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह हमारे यात्रियों के अनुभव को विश्वस्तरीय मानकों तक बढ़ाने के लिए एयर इंडिया की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



■ दिल्ली से लंदन के हीथ्रो रूट पर हर सप्ताह करीब 336 सीटों की होगी बढ़ोत्तरी

## किया इंडिया ने की सब्सक्राइब प्लान की पेशकश

**नई दिल्ली।** प्रीमियम कार निर्माता किया इंडिया ने लचीले ओनरशिप प्लान 'किया सब्सक्राइब' को लॉन्च करने की घोषणा की है जिसमें ग्राहकों को मासिक किराए पर कंपनी के वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि लचीले स्वामित्व कार्यक्रमों का विस्तार करने के लिए एएलडी ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया गया है। यह सहयोग किया की लीजिंग और सब्सक्रिप्शन सेवाओं का विस्तार भारत के 14 प्रमुख शहरों में करेगा।

# खेल जगत

## पोप के मामले में गलत साबित होने पर मुझे खुशी होगी : माइकल वॉन



**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन को लगता है कि इंग्लैंड के कार्यवाहक कप्तान ओली पोप एक लीडर के तौर पर असुरक्षित इंसान हैं। हालांकि वॉन का मानना है कि पोप को लेकर अगर उनकी यह सोच गलत साबित होती है तो उन्हें खुशी होगी। ओली पोप ने लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की 190 रन की जीत में 1 और 17 रन बनाए थे। अब तक सीरीज में उन्होंने चार पारियों में केवल 30 रन बनाए हैं। बल्लेबाजी करते समय पोप के परेशान और बेचैन नजर आने पर सवाल उठाए गए हैं और उनकी नेतृत्व क्षमता की आलोचना बढ़ गई है। हालांकि, उन्होंने अपने गेंदबाजों को अच्छी तरह लाइन-अप और रोटेट किया और कई बार फील्ड में भी बदलाव करते दिखे। लेकिन पोप ने आठ असफल रिव्यू भी लिए। वॉन ने 'द टेलीग्राफ' के लिए अपने कॉलम में लिखा, 'ओली पोप इंग्लैंड के लिए आदर्श उप-कप्तान हैं।

### पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

## मौजूदा चैंपियन भारत का पहला मैच पहले दिन मेजबान चीन से

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ भारत चिर प्रतिद्वंद्वी पाक से 14 सितम्बर को भिड़ेगा

■ दोनों सेमीफाइनल 16 सितम्बर को खेले जाएंगे

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में पेरिस में अपना ओलंपिक कांस्य पदक बरकरार रखने वाली भारतीय टीम चीन की हुलुन बुइर सिटी, इनर मंगोलिया में 8 से 17 सितम्बर, 2024 तक होने वाली हीरो पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में अपना खिताब बरकरार रखने उतरेगी। भारत की इस टीम में पेरिस ओलंपिक में कांसा बरकरार रखने वाली टीम के दस खिलाड़ी शामिल हैं जबकि बतौर रिजर्व गोलरक्षक कृष्ण बहादुर पाठक और ड्रैग फ्लिकर टीम के साथ गए जुगराज सिंह, ऑलराउंडर अरिजीत सिंह हुंदल, उत्तम सिंह , नीलकांत शर्मा और नवोदित स्ट्राइकर गुरजोत सिंह को जगह दी गई है। एशियन हॉकी फेडरेशन (एएचएफ) इसमें मौजूदा चैंपियन भारत, मेजबान चीन, दक्षिण कोरिया, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, जापान और मलेशिया जैसी एशिया की छह शीर्ष पुरुष टीमों के शिरकत करने की पुष्टि कर चुकी है।

यह टूर्नामेंट राउंड रॉबिन आधार पर खेला जाएगा और सभी छह टीमें इसमें एक दूसरे से भिड़ेंगी। आठ सितंबर से शुरू हो रही पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के पहले दिन सभी छह टीमें खेलेंगी और इसका आगाज दक्षिण कोरिया और जापान के बीच मैच से होगा, पाकिस्तान और मलेशिया दूसरे तथा भारत और चीन दिन के तीसरे और आखिरी मैच में आमने सामने होंगी। सभी मैचों का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स टेन 1 चैनलों पर किया जाएगा। भारत अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से 14 सितंबर को भिड़ेगा। इसमें कुल 20 मैच खेले जाएंगे और शीर्ष दो टीमें 17 सितंबर को फाइनल में भिड़ेंगी। एशियन हॉकी फेडरेशन (एएचएफ) के अध्यक्ष फुमियो ओगुरा ने कहा, 'हमें यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि पुरुष एशियन ट्रॉफी हॉकी का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। सोनी स्पोर्ट्स के साथ मिलकर हम हॉकी को और लोकप्रिय बना आने वाली पीढ़ी को हॉकी खेलने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।'

**सोनी स्पोटर्स टेन 1 चैनल पर पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी 2024 के मैचों के प्रसारण का कार्यक्रम**

**8 सितम्बर :** दक्षिण कोरिया वि.जापान (सुबह 11 बजे से), मलेशिया वि.पाकिस्तान (दोपहर सवा बजे से), भारत वि.चीन (शाम साढ़े तीन बजे से)।

**9 सितम्बर :** भारत वि.जापान (सुबह 11 बजे से), चीन वि. मलेशिया ((दोपहर सवा बजे से), पाकिस्तान वि. जापान (शाम साढ़े तीन बजे से)।

**11 सितम्बर :** पाकिस्तान वि. जापान (सुबह 11 बजे से), भारत वि. मलेशिया (दोपहर सवा बजे से), चीन वि.द. कोरिया (शाम साढ़े तीन बजे से)।

**12 सितम्बर:** जापान वि. मलेशिया (सुबह 11 बजे से),द. कोरिया वि. भारत (दोपहर सवा बजे से), चीन वि.पाकिस्तान (शाम साढ़े तीन बजे से)।

**14 सितम्बर:** मलेशिया वि. द. कोरिया जापान(सुबह 11 बजे से),भारत वि.पाकिस्तान (दोपहर सवा बजे से), जापान वि.चीन (शाम साढ़े तीन बजे से)।

**16 सितम्बर:** पांचवें -छठे स्थान के लिए मैच : पूल में पांचवें व छठे स्थान पर रही टीमों के बीच मैच (सुबह साढ़े दस बजे से)।

**पहला सेमीफाइनल:** पूल में दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच (दोपहर 1 बजे से)।

**दूसरा सेमीफाइनल :** पूल में पहले व चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच ( शाम साढ़े तीन बजे से)।

**17 सितम्बर:** तीसरे-चौथे स्थान के लिए मैच : पहले व दूसरे सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों के बीच (दोपहर 1 बजे से)

**फाइनल :** पहले व दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीमों के बीच (शाम साढ़े तीन बजे से) ।

## हिना सिद्धू ने एथलेटिक्स में प्रीति पाल के ऐतिहासिक प्रदर्शन की सराहना की



पेरिस पैरालंपिक

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की ओलंपियन पिस्टल शूटर हिना सिद्धू ने पेरिस पैरालंपिक में ऐतिहासिक पदक जीतने वाली पैरा-एथलीट प्रीति पाल की सराहना की। इस एथलीट ने अपने हौसले और जज्बे से वो कर दिखाया है, जो अभी तक किसी भी भारतीय महिला ने न ओलंपिक में किया था और न ही पैरालंपिक में।

महिला एथलीट प्रीति पाल ने महिला 200 मीटर रेस (टी35) इवेंट में कांस्य पदक हासिल किया। यह इस पैरालंपिक में प्रीति पाल का दूसरा कांस्य पदक है। इससे पहले उन्होंने 100 मीटर में भी पदक जीता था। प्रीति ने सोमवार को महिलाओं की 200 मीटर टी35 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह पैरालंपिक या ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गईं। हीना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने के लिए प्रीति पाल को हार्दिक बधाई। अपने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, आप इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने में सफल रहीं। राष्ट्र को न केवल आप पर गर्व है, बल्कि आपके चरित्र और भावना से प्रेरणा भी मिलती है। जीतती रहो और आगे बढ़ती रहो प्रीति।' इससे पहले शुक्रवार को भारतीय धाविका ने महिलाओं की 100 मीटर टी35 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। 23 वर्षीय एथलीट ने फाइनल में 14.21 सेकंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भी था। प्रधानमंत्री ने इस स्टार एथलीट को 'एक्स' पोस्ट में बधाई देते हुए लिखा कि पैरालंपिक 2024 में महिलाओं की 200 मीटर टी35 स्पर्धा में अपना दूसरा पदक जीतने वाली प्रीति पाल की ऐतिहासिक उपलब्धि भारत के लोगों के लिए प्रेरणा है। उनका समर्पण सचमुच उल्लेखनीय है। इसके बाद पीएम ने पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों से फोन पर बात भी की थी। भारत के रिकॉर्ड 84 पैरा एथलीट पेरिस 2024 पैरालंपिक में भाग ले रहे हैं।

## पीएम मोदी ने दी अवनि लेखरा को फोन पर बधाई



पेरिस। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस पैरालंपिक में शानदार प्रदर्शन करके गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय पैराशूटर अवनि लेखरा से फोन पर बातचीत की। भारत के लिए अवनि लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता था। यह पैरालंपिक खेलों में अवनि का तीसरा मेडल था। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक खेलों में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए दो मेडल जीते थे। अवनि लेखरा पहली भारतीय महिला बनी हैं, जिन्होंने पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर अविन को बधाई दी। इस दौरान अवनि ने पीएम मोदी से कहा, 'मुझे मेडल जीतने के बाद काफी अच्छा लग रहा है। मैं दूसरी बार पैरालंपिक में आई हूं। शुरू में थोड़ी घबराहट थी, लेकिन आपने बोला था कि उम्मीदों का बोझ नहीं लेना है और उसी हिसाब से मैंने किया।' इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आप बहुत अच्छा कर रही हैं। आपने शानदार प्रदर्शन किया है। आपको मेरी और से बहुत बधाई और आशीर्वाद है।' इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस पैरालंपिक के मेडलिस्ट भारतीय खिलाड़ियों से रविवार को भी बातचीत की थी।

## पिछले कुछ वर्षों से मेरी नजर हेमलता पर थी : बेथ मूनी



■ डब्ल्यूबीबीएल के ओवरसीज ड्राफ्ट में हेमलता का नाम शामिल

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आगामी सीजन में भारतीय बल्लेबाज दयालन हेमलता खेलती नजर आएंगी। इस बीच ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी ने बताया कि वह पिछले कुछ वर्षों से हेमलता के प्रदर्शन पर नजर रख रही थीं, और उन्हें टीम में शामिल करने से बेहद खुश हैं। डब्ल्यूबीबीएल के ओवरसीज ड्राफ्ट में हेमलता का नाम शामिल है। यह भारतीय खिलाड़ी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के साथ दमदार बल्लेबाजी करती हैं। डब्ल्यूबीबीएल में उन्हें पर्थ स्कॉर्चर्स ने चुना है और वह अपने पहले विदेशी टी20 लीग क्लब में बेथ के साथ शामिल होंगी। दोनों बेंगलुरु और नई दिल्ली में डब्ल्यूपीएल 2024 में गुजरात जायंट्स कैंप में एक साथ थीं। बेथ मूनी ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, 'निश्चित रूप से वह एक ऐसी खिलाड़ी रही हैं जिस पर मैंने पिछले कुछ वर्षों से डब्ल्यूपीएल में अपनी नजर बनाए रखी है और उन्होंने विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपनी जगह बनाई है। वह एक बहुत ही विस्फोटक खिलाड़ी हैं। इसलिए मैं उन्हें अपनी टीम में पाकर बहुत उत्साहित हूं। मैंने इस साल गुजरात में उनके साथ बल्लेबाजी का पूरा आनंद लिया।' दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, शिखा पांडे, यास्तिका भाटिया और दयालन हेमलता को रविवार को आयोजित दूसरे डब्ल्यूबीबीएल ओवरसीज ड्राफ्ट में टीमों में जगह मिली, जबकि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को ड्राफ्ट में नहीं चुना गया। हरमनप्रीत की पुरानी टीम मेलबर्न रेनेगेड्स के पास उन्हें पिक करने का मौका था लेकिन उन्होंने हरमनप्रीत को नहीं चुना।

डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट में कुल पांच भारतीय खिलाड़ियों को चुना गया है। रॉड्रिग्स को ब्रिस्बेन हीट ने अपने दल में शामिल किया जबकि दीप्ति को मेलबर्न स्टार्स ने अपने साथ जोड़ा।

## हिम्मत व अनुज के अर्धशतकों से ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने वेस्ट दिल्ली लॉयन्स को दी शिकस्त



■ कप्तान हिम्मत सिंह के 29 गेंदों में चार छक्कों और चार चौकों की मदद से बनाए 55

■ अनुज रावत के 28 गेंदों में 52 रन बनाए

**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (देशबन्धु)। कप्तान हिम्मत सिंह और अनुज रावत के अर्धशतकों की बदौलत ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने वेस्ट दिल्ली लायंस को रविवार रात यहां अरुण जेटली स्टेडियम में 52 रन से हराकर अडानी दिल्ली प्रीमियर क्रिकेट लीग (डीपीएल) टी 20 क्रिकेट में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। कप्तान हिम्मत सिंह के 29 गेंदों में चार छक्कों और चार चौकों की मदद से बनाए 55 और अनुज रावत के 28 गेंदों में 52 रन की बदौलत ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 222 रन बनाए। ईस्ट दिल्ली ने शुरू के दस ओवर में एक विकेट पर 198 रन बनाए थे। कप्तान हिम्मत अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद अखिल चौधरी कीगेंद को उड़ाने की कोशिश में सीमा रेखा पर अनमोल शर्मा के हाथों लपके गए। इसके आउट होने के बाद ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने जल्दी जल्दी विकेट गंवाए। अखिल चौधरी (4/55) वेस्ट दिल्ली लॉयंस के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे। जवाब में तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह (2/20) और हर्ष त्यागी (2/22) ने गेंदबाजी इकाई के रूप में गेंद से रफ्तार के साथ धार दिखाकर वेस्ट दिल्ली लायंस को 20 ओवर में आठ विकेट पर 170 रन पर रोक कर ईस्ट दिल्ली राइडर्स को शानदार जीत दिला दी। दीपक पूनिया (35) और ऋतिक शौकीन(31)की उपयोगी पारियां भी वेस्ट दिल्ली को हार से नहीं बचा पाई।

**सिद्धार्थ के गेंद से 'पंजे' से नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर की आसान जीत**

एक अन्य मैच में सिद्धार्थ सोलंकी के गेंद से 'पंजे' की बदौलत नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स पर 61 रन से आसान जीत दर्ज की। यश डबास (40 गेंद, 68 रन) और वैभव रावल (34 गेंद में 56 रन) के तेज अर्धशतक की बदौलत नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में चार विकेट पर 209 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर ने 11.5 ओवर 100 रन बना लिए थे। डबास को द्विज शर्मा ने आउट किया और अगली गेंद पर यजस शर्मा को आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखाया और नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर ने 17 ओवर में चार विकेट पर 166 रन बनाए थे।

## सार संक्षेप

### साइना ने किया गठिया रोग से जूझने का खुलासा, इस साल के अंत तक ले सकती हैं संन्यास पर फैसला

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष महिला बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने खुलासा किया है कि वह गठिया (आर्थराइटिस) से जूझ रही हैं और इसी साल के अंत तक अपने खेल करियर के बारे में फैसला लेंगी। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के कारण उनके लिए रोज की ट्रेनिंग करना बहुत मुश्किल हो गया है। साइना ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2012 में लंदन ओलंपिक में महिला सिंगल्स में कांस्य पदक जीता था। साइना दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी भी रही हैं और उन्होंने 2010 और 2018 के कॉमनवेल्थ खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता है। साइना ने 'हाउस ऑफ ग्लोरी' पॉडकास्ट में कहा, 'मेरे घुटने ठीक नहीं हैं। मुझे गठिया है। मेरे कार्टिलेज की हालत बहुत खराब है। आठ-नौ घंटे की ट्रेनिंग करना बहुत मुश्किल हो गया है। ऐसे में आप दुनिया के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों को कैसे चुनौती देंगे?' रिटायरमेंट के बारे में बात करते हुए साइना ने कहा, 'मैं भी इस बारे में सोच रही हूं। दुख होगा क्योंकि यह मेरे लिए एक नौकरी की तरह है, जैसे किसी आम इंसान की नौकरी होती है। खिलाड़ी का करियर हमेशा छोटा होता है। मैंने 9 साल की उम्र में खेलना शुरू किया था और अगले साल मैं 35 साल की हो जाऊंगी।'

### पीठ की चोट के कारण डेविस कप मुकाबले से हटे सुमित नागल

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष पुरुष एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने पीठ की समस्या का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले से नाम वापस ले लिया है। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार उन्हें दो सप्ताह के आराम की आवश्यकता है। सुमित नागल ने सोमवार को सोशल मीडिया पर डेविस कप में अपनी भागीदारी की स्थिति का खुलासा किया। 27 वर्षीय खिलाड़ी यूएस ओपन के पुरुष एकल मुकाबले में नीदरलैंड के टैलोन ग्रिकस्पूर से हारने के बाद पहले दौर से बाहर हो गए थे। फ्लशिंग मीडोज में पुरुष युगल स्पर्धा से नाम वापस लेने वाले नागल ने कहा कि यह भी उसी पीठ की समस्या के कारण है जो पिछले कुछ हफ्तों से उन्हें परेशान कर रही है। नागल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एंक्स' पर लिखा, 'सभी को नमस्कार, मैं स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए वास्तव में उत्सुक था। हालांकि, पिछले कुछ हफ्तों से मुझे पीठ की समस्या परेशान कर रही है, जिसके कारण डॉक्टरों ने मुझे अगले दो सप्ताह आराम करने की सलाह दी है, जिससे मुझे स्वीडन में तैयारी और प्रतिस्पर्धा करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाया। इसी समस्या के कारण मुझे यूएस ओपन डबल्स से भी हटना पड़ा।'

### पेरिस पैरालंपिक

## योगेश कथुनिया ने डिस्कस थ्रो में जीता रजत पदक



■ कथुनिया ने 42.22 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया

**पेरिस,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के योगेश कथुनिया ने सोमवार को पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो-एफ56 स्पर्धा में रजत पदक जीता। मई में विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एफ56 श्रेणी में रजत पदक जीतने वाले कथुनिया ने 42.22 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया और रजत जीता, जबकि ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने 46.86 मीटर के रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इस स्पर्धा का कांस्य पदक कोंस्टैंटिनोस त्ज़ोनिस ने जीता, जिन्होंने 41.32 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया। कथुनिया ने अपने पहले ही प्रयास में रजत पदक अपने नाम किया और इसके बाद क्रमश: 41.50 मीटर, 41.55 मीटर, 40.33 मीटर, 40.89 मीटर और 39.68 मीटर की दूरी तक थ्रो किया। दिलचस्प बात यह है कि 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने टोक्यो 2020 में 44.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता था। पेरिस 2023 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था।

हरियाणा के बहादुरगढ़ से आने वाले कथूनिया 9 साल की उम्र से ही गिलियन-बर्रे सिंड्रोम का शिकार हो गए थे, जिसके कारण उन्हें लकवा पड़ गया था।

## यूटीटी 2024 : चेन्नई लायंस और पुनेरी पलटन नॉकआउट मुकाबले में आमने-सामने



**चेन्नई,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) 2024 की दौड़ तेज होने के साथ ही पूर्व चैंपियन चेन्नई लायंस मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपने अंतिम लीग चरण के मुकाबले में पुनेरी पलटन टेबल टेनिस से भिड़ेगी। रविवार को जयपुर पैट्रियट्स के खिलाफ अपने पिछले मुकाबले में 9-6 की शानदार जीत के बाद, पुनेरी पलटन ने खुद को फिर से मजबूत दावेदार बना लिया है। टीम को अपने अंतिम लीग मुकाबले में चेन्नई के खिलाफ अपने दमदार प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी। पुनेरी पलटन टेबल टेनिस अपने चार मुकाबलों में से दो जीतकर 28 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। दूसरी ओर, चेन्नई लायंस अपने चार मुकाबलों में 25 अंकों के साथ एक पायदान नीचे है। इसलिए एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि दोनों पक्षों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपनी-अपनी टीमों के पक्ष में पासा पलटने में सक्षम हैं।

पुनेरी पलटन की टीम जहां अंकुर भट्टाचार्य और अहिका मुखर्जी के युवा कंधों पर निर्भर होगी, वहीं चेन्नई लायंस की उम्मीदें दिग्गज अचंत शरत कमल के अनुभव के साथ-साथ जापान के सकुरा मोरी और अनुभवी मौमा दास पर टिकी होंगी।

## महिला टी-20 विश्व कप के लिए स्कॉटलैंड की टीम का ऐलान, कैथरीन ब्राइस होंगी कप्तान



■ ब्राइस ने मई में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2024 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी

**एडिनबर्ग,** 2 सितम्बर (एजेंसियां)। स्टार ऑलराउंडर कैथरीन ब्राइस की अगले महीने यूएई में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। ब्राइस ने इस साल मई में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2024 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसने उन्हें शोपीस टूर्नामेंट में पहली बार जगह दिलाई। उन्होंने 177 रन बनाए और 9 विकेट भी लिए थे। उनकी बहन, विकेटकीपर-बल्लेबाज सारा ब्राइस को उप-कप्तान बनाया गया है। यह स्कॉटलैंड का पहला महिला टी20 विश्व कप होगा और उनके दल में ऑलराउंडरों की भरमार है।

इस साल यूएई में ही आयोजित हुए क्वालिफायर टूर्नामेंट में रनर अप बनने के बाद स्कॉटलैंड को महिला टी20 विश्व कप में प्रवेश मिला है। नीदरलैंड में भी आयोजित त्रिकोणीय शृंखला में स्कॉटलैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। पापुआ न्यू गिनी की टीम भी इस शृंखला का हिस्सा थी।

मुख्य कोच क्रेग वॉलेस ने कहा, 'टीम का संतुलन बेहद शानदार है। शुरू से लेकर अंत तक हमारे पास मैच विजेता हैं। अगर आप हाल ही में नीदरलैंड में खेली गई शृंखला को देखेंगे तो हमने वहां छह में से पांच मैच जीते।'

विश्व कप के लिए चयनित स्कॉटलैंड के 15 सदस्यीय दल में 13 खिलाड़ी क्वालिफायर टूर्नामेंट का हिस्सा थीं। टीम में ऑफ स्पिनर ओलिविया बेल और पूर्व कप्तान एबी एटकेन-ड्रमंड को शामिल किया गया है। इन दोनों ने ही नीदरलैंड में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड ग्रुप बी में शामिल है, जिसमें इंग्लैंड, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका मौजूद हैं। स्कॉटलैंड को पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ अभ्यास मैच भी खेलना है।

### महत्वपूर्ण — *आईएसएल लीग ने कई युवा प्रतिभाओं को निखारा*

## आईएसएल मेरे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों में से एक बन गया है : सुनील छेत्री

**मुंबई, 2 सितम्बर (एजेंसियां)। बेंगलुरु एफसी के कप्तान सुनील छेत्री ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) को अपने करियर के सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट्स में से एक बताया है। 2024-25 के सीजन की शुरुआत से पहले छेत्री ने कहा कि 2014 में जब आईएसएल शुरू हुआ था, तब उन्होंने इसके इतने बड़े स्तर तक पहुंचने की उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा कि लीग ने कई युवा प्रतिभाओं को सामने लाया है और नए क्लबों के आने से यह और भी बड़ी हो गई है।**



'पिछले 10 साल में आईएसएल ने शानदार विकास किया है। अगर मुझसे 10 साल पहले पूछा जाता कि आईएसएल भारतीय फुटबॉल में कहां पहुंचेगी, तो शायद मैं सही अंदाजा नहीं लगा पाता: सुनील छेत्री

छेत्री ने आईएसएल के बारे में बात करते हुए कहा, 'पिछले 10 साल में आईएसएल ने शानदार विकास किया है। अगर मुझसे 10 साल पहले पूछा जाता कि आईएसएल भारतीय फुटबॉल में कहां पहुंचेगी, तो शायद मैं सही अंदाजा नहीं लगा पाता। यह लीग आठ क्लबों की दो महीने की लीग से बढ़कर अब पूरे साल चलने वाली हो गई है, और इसने कई नए खिलाड़ियों को भी तैयार किया है।' उन्होंने आगे कहा, 'मेरे जीवन में आईएसएल सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट्स में से एक बन गई है। मैं एक भारतीय फुटबॉल फैन के तौर पर उम्मीद करता हूं कि आने वाले 10 साल पिछले 10 सालों से भी ज्यादा अच्छे हों।' इस साल, आईएसएल में कोलकाता की मोहम्मडन एससी भी शामिल हो रही है, जो आई-लीग 2023-24 में अपनी शानदार जीत के बाद प्रमोशन पाकर आईएसएल का हिस्सा बनी है। छेत्री ने 2002 में मोहन बागान के साथ अपने सीनियर करियर की शुरुआत की थी और 2008-09 में ईस्ट बंगाल एफसी के लिए भी खेले थे। वह कोलकाता के क्लबों की लोकप्रियता से अच्छी तरह वाकिफ हैं और इसलिए मोहम्मडन एससी की आईएसएल में मौजूदगी से काफी उत्साहित हैं। छेत्री ने कहा, 'मोहम्मडन एससी का खेलना शानदार होगा। वे जहां भी खेलते हैं, वहां लोगों की भीड़ होती है। मैं जब कोलकाता में था और मोहम्मडन एससी के खिलाफ खेलता था, तो हर स्टेडियम में उनके फैंस होते थे। चाहे वो अंबेडकर स्टेडियम दिल्ली में हो, कुपरेज स्टेडियम मुंबई में हो, हर जगह स्टेडियम खचाखच भरे होते थे। मुझे बहुत खुशी है कि मोहम्मडन एससी ने आईएसएल में अपनी जगह बनाई है।' आईएसएल 2024-25 सीजन की शुरुआत 13 सितंबर को मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान सुपर जाइंट के बीच विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (वीवाईबीके) में होगी। छेत्री की अगुवाई वाली बेंगलुरु एफसी 14 सितंबर को अपने घरेलू मैदान श्री कांतिरावा स्टेडियम में ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ खेलेगी। इस साल छेत्री ने भारत के लिए 19 साल के शानदार करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया था।